लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 78, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 4 फरवरी 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दक्षिण भारत लोक साहित्य का 'आलोक' व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम

20.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी।

सूर्योदय 06 : 59
सूर्यास्त 5 : 54



भूलभुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता...13

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/- प्रतिदिन

MONTE CARLO
7 DAYS OPEN
Sale Start
20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाइनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

# न्याय प्रणाली को और लचीला बनाने की जरूरत : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ राष्ट्रमंडल अटॉर्नी-सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन में बोले मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जांच और न्याय प्रदान करने के लिए देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत करते हुए कहा कि अपराधी विभिन्न क्षेत्रों में वित्त पोषण और संचालन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के अधिकार क्षेत्र का सम्मान करते हुए सहयोग किया जा सकता है, क्योंकि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। उन्होंने कहा कि 'क्रिप्टोकरेंसी' और साइबर खतरों के बढ़ने से नई चुनौतियां पैदा हुई हैं और न्याय प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने की आवश्यकता है।

यहां राष्ट्रमंडल विधि शिक्षा संघ - राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश पहले से ही हवाई यातायात नियंत्रण और समुद्री यातायात के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ काम करते हैं।

# नकेल : फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ बनेगा कानून

## सांसदों की बैठक मंगलवार को, दिल्ली में फ्री कानूनी सहायता का मंच गठित

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध इस बार त्रिकोणीय आंदोलन शुरू होने जा रहा है। इसकी मांग झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ देशव्यापी सख्त कानून बनाने की है। अभी तक यह मोर्चा सिर्फ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ही संभालता था। अब एलोपैथी डाक्टरों के साथ सांसद एवं वकील भी आ गए हैं। फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध मरीज या उनके तीमारदारों को निशुल्क सहायता देने के लिए दिल्ली में एक कानूनी मंच भी गठित हुआ है।

उक्त मुद्दे पर संसद के बजट सत्र के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और देश के विभिन्न राज्यों के सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को दिल्ली में होने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन करेंगे। डॉ. अशोकन ने अमृत विचार को बताया कि चिकित्सा जगत में तमाम ज्वलंत मुद्दे हैं, जिनकी वजह से डॉक्टरों को आए दिन परेशान होना पड़ता है। उसमें एक मुद्दा फर्जी डॉक्टरों का भी है। जिनके चंगुल में फंस कर आम मरीज का मर्ज जब नासूर बन जाता है, तब वे बड़े डॉक्टरों या अस्पतालों की शरण में आते हैं। मगर तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

डॉ. अशोकन के मुताबिक फर्जी डॉक्टरों की धर पकड़ के लिए आईएमए की राज्य इकाइयों को सक्रिय किया गया है, लेकिन कोई पुख्ता कानून न होने की वजह से फर्जी डॉक्टरों का कारोबार बेरोक टोक चल रहा है। आईएमए असम की अध्यक्ष डा. अरुणिमा गोस्वामी ने बताया कि उनके राज्य में झोलाछाप डॉक्टरों ने आईएमए के फर्जी प्रमाण पत्र अपने क्लीनिक में लगा रखे हैं और मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध राज्य सरकार को पत्र भी लिखा गया है। आईएमए तमिलनाडु के अध्यक्ष डॉ. अबुल हसन कहते हैं कि पूरे राज्य के दूर दराज इलाकों में फर्जी डॉक्टर अंग्रेजी चिकित्सा पद्धति की प्रैक्टिस कर रहे हैं। आईएमए झोलाछाप डॉक्टर विरोधी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. अनिल बंसल ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टरों की साठगांठ स्थानीय पुलिस एवं नेताओं से होती है। डॉ. बंसल के मुताबिक केंद्र सरकार को आम जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कानून बनना चाहिए।


### शिकायतकर्ताओं को मिलेगी निशुल्क कानूनी सहायता

दूसरी तरफ दिल्ली ला चैंबर्स के अध्यक्ष मिलन कुमार वर्मा की अगुवाई में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ "आयुर्विजिलेंस" नामक अभियान छेड़ा गया है। इसके तहत देश भर में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ आने वाली शिकायतों का न सिर्फ निपटारा कराया जाएगा, बल्कि शिकायतकर्ताओं को निशुल्क कानूनी सहायता भी दी जाएगी। दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमन शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद के नाम पर भी बड़े शहरों में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय है और ग्रामीण क्षेत्र के मरीज वहां पर ठगे जाते हैं। इनके विरुद्ध कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए हम लोगों ने उक्त आभियान छेड़ा है।

# आडवाणी को मिलेगा भारत रत्न

## वाजपेयी-नानाजी देशमुख के बाद यह सम्मान पाने वाले तीसरे भाजपा नेता

नई दिल्ली, एजेंसी



"मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ 'भारत रत्न' स्वीकार करता हूं। यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है, जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा करने का प्रयास किया। –**लालकृष्ण आडवाणी, वयोवृद्ध भाजपा नेता**"

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर इसकी घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने लिए एक अत्यंत भावुक क्षण बताया। इस घोषणा के बाद आडवाणी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया और कहा कि यह एक व्यक्ति के रूप में न केवल उनका, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है जिनका पालन करने का उन्होंने प्रयास किया।

सरकार ने पिछले महीने समाजवादी दिग्गज और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान के लिए नामित किया था। कई राजनीतिक विशेषज्ञ ठाकुर के 1988 में निधन के कई वर्षों बाद उन्हें यह सम्मान दिए जाने को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के बीच अपनी जड़ें मजबूत करने की भाजपा की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। वहीं, आडवाणी को यह पुरस्कार दिया जाना पार्टी की मूल विचारधारा को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान के तौर पर देखा जा रहा है।

आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी। कई नेताओं ने आडवाणी को यह सम्मान दिए जाने पर खुशी जताई और देश के लिए उनके योगदान की सराहना की। गृह मंत्री अमित शाह ने आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता हुई।'

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने भी आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के केंद्र के फैसले की सराहना की और कहा कि भाजपा नेता ने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दीः मोदी



**संबलपुर (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दी थी और भारत के लोकतंत्र को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ा। प्रधानमंत्री ने ओडिशा के संबलपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा का सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आज भाजपा के हर एक कार्यकर्ता के लिए गर्व और गौरव का दिन है। आज देश ने हम सब के आदरणीय नेता लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न देने की घोषणा की है।"

### अद्वितीय प्रयासों को मिला सम्मान : योगी



**लखनऊ।** लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर्ष जताते हुए कहा कि आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को सम्मान मिला है। योगी ने एक्स पर कहा कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की प्रशंसा की।

# सिविल जज का सरकारी आवास में फंदे पर लटका मिला शव, हत्या की आशंका

## पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ज्योत्सना राय

▸▸ 29 अप्रैल 2023 को बदायूं में संभाला कार्यभार, 18 नवंबर 2023 से सिविल जज जूनियर डिवीजन थीं

▸▸ डायरी में मिला सुसाइड नोट, जिसमें किसी को नहीं बताया गया मौत के लिए जिम्मेदार

▸▸ अवसाद में ज्योत्सना राय के प्राणघातक कदम उठाने की चर्चा, मऊ की रहने वाली थीं

"महिला जज समय से कोर्ट नहीं पहुंचीं तो उनके साथी न्यायिक अधिकारी ने फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। उनके कमरे का दरवाजा खोला गया तो पंखे पर जज का शव लटका मिला। कुछ दस्तावेज मिले हैं उसमें कुछ चीजें हैं, जो घटना पर प्रकाश डालती हैं, जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

–**आलोक प्रियदर्शी**, एसएसपी"

**अमृत विचार :** जज कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में सिविल जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार सुबह पंखे से लटका मिला। कमरे में रखी एक डायरी से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने तनाव में रहने और किसी को अपनी मौत का जिम्मेदार नहीं बताया है। वहीं, शाम को बदायूं पहुंचे पिता अशोक कुमार राय ने बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली सदर में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जज ज्योत्सना राय मूलरूप से मऊ जिले की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह की रहने वाली थीं। 29 वर्षीया ज्योत्सना अविवाहित थीं। 29 अप्रैल 2023 को उन्होंने बदायूं में कार्यभार ग्रहण किया था। 18 नवंबर 2023 से सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर कार्यरत थीं। शनिवार की सुबह करीब 9.30 बजे उनका अर्दली कोर्ट ले जाने के लिए जज कॉलोनी स्थित उनके सरकारी आवास पहुंचा, दरवाजा खटखटाया किंतु भीतर से कोई आवाज नहीं आई तो उसने जज के मोबाइल पर कॉल की लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इस पर अर्दली ने कोर्ट के अन्य कर्मचारियों और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के बाद सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे।

न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो जज का शव पंखे से लटका मिला। जनपद न्यायाधीश पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एसपी सिटी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौके पर पहुंचे। महिला जज की साथी न्यायिक अधिकारी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता, जज के आवास पहुंच गए। कमरे की वीडियोग्राफी कराई गई। फॉरेंसिक टीम ने कमरे से साक्ष्य संकलित किए। जज के कमरे में रखी डायरी से लाल पेन से लिखा एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें ज्योत्सना राय ने खुद के अवसाद में होने की बात लिखी है। कई अन्य बातों का जिक्र भी किया है। पुलिस ने उनका मोबाइल फोन और सुसाइड नोट कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### जल निगम में भर्ती होंगे 155 इंजीनियर

**लखनऊ।** उप्र जल निगम (नगरीय) में जूनियर इंजीनियर संवर्ग में 155 इंजीनियरों की भर्ती होगी। रिक्त चल रहें 129 जूनियर इंजीनियर (सिविल) और 26 जूनियर इंजीनियर (विद्युत या यांत्रिकी) पदों पर नियुक्ति के लिए राज्य सरकार ने अनुमति दे दी है। नगर विकास विभाग में अनु सचिव अरविंद कुमार गिरी ने शनिवार को प्रबन्ध निदेशक जल निगम को निर्देश जारी किए हैं। इंजीनियरों की नियुक्ति के बाद कार्यों में गति प्राप्त होगी।

### मौत का तमाशा रचने के बाद पलटीं पूनम पांडे

**मुंबई।** सर्विकल (गर्भाशय से संबंधित) कैंसर से अपनी मौत की खबरों के बीच अभिनेत्री पूनम पांडे ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके जानकारी दी कि वह अभी जीवित हैं। अभिनेत्री तथा उनकी टीम ने सर्विकल कैंसर के बारे अहम जागरूकता फैलाने के लिए झूठी खबर फैलाई। उनकी मौत की खबर के बाद सोशल मीडिया पर गंभीर बहस छिड़ गई थी। कई मीडिया संगठनों ने पूनम पांडे की मौत की खबर दी थी लेकिन पुष्टि नहीं थी। पूनम पांडे (32) ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करके कहा कि मैं जीवित हूं। मुझे सर्विकल कैंसर नहीं हुआ है लेकिन दुखद रूप से इसने हजारों महिलाओं की जान ली है जिनके पास इस बीमारी से निपटने के बारे में जानकारी नहीं है।

### पंजाब के राज्यपाल बीएल पुरोहित ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया। पुरोहित ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं की वजह से मैं पंजाब के राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पुरोहित ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ दिनों बाद हुई थी।

# ट्रेन से कटकर 20 गोवंशों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



▸▸ पशुओं से टकराने पर पलटने से बचीं पदमावत व राप्ती गंगा

▸▸ कसरक क्रॉसिंग व हुलासनगरा गांव के सामने हुआ हादसा

**अमृत विचार :** मीरानपुर और बिलपुर रेलवे स्टेशन के बीच कसरक रेलवे क्रॉसिंग और हुलासनगरा के पास दो ट्रेनों की चपेट में आकर 20 निराश्रित गोवंशों की कटकर मौत हो गई। हादसे में अप लाइन की पद्मावत और राप्ती गंगा एक्सप्रेस पलटते-पलटते बचीं। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेनें रोकीं तो तमाम यात्री नीचे उतर आए। जानकारी पर रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। रेल यातायात भी बाधित रहा।

ट्रेन संख्या 4207 प्रतापगढ़-आनंद बिहार पद्मावत एक्सप्रेस शुक्रवार की रात करीब 1.30 बजे बरेली की ओर जा रही थी। मीरानपुर कटरा और बिलपुर के बीच कसरक रेलवे फाटक के निकट अप लाइन पर निराश्रित गोवंशों का झुंड रेलवे लाइन के किनारे निकल रहा था। लोको पायलट ने पशुओं को रेल लाइन से हटाने को सायरन बजाया और ट्रेन रोकने का प्रयास किया, लेकिन ट्रेन की चपेट में आकर 10 गोवंशों की मौत हो गई। इस दौरान इमरजेंसी ब्रेक लगाने पर ट्रेन पलटते-पलटते बची। सूचना पर बरेली की आरपीएफ, कटरा पुलिस और रेल कर्मचारी मौके पर पहुंचे। कुछ घंटे बीते होंगे कि दूसरा हादसा हो गया। शनिवार को तड़के 5 बजे बरेली की ओर जा रही राप्ती गंगा एक्सप्रेस से हुलासनगरा गांव के सामने अप लाइन पर निराश्रित गोवंशों का झुंड के 10 गोवंशों की कटने से मौत हो गई। एसडीएम अंजली गंगवार, सीओ तिलहर प्रयांक जैन, कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी, बरेली की आरपीएफ, रेल अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

# पुलिस ने 5 घंटे के प्रयास में केजरीवाल को सौंपा नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों ने शनिवार को पांच घंटे के नाटकीय घटनाक्रम के बाद यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उन्हें एक नोटिस तामील कराया और आम आदमी पार्टी (आप) के सात विधायकों की भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त का प्रयास किए जाने के उनके आरोपों पर तीन दिनों के अंदर उनसे जवाब मांगा। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा हमने उन्हें (केजरीवाल) नोटिस तामील कराया है। वह लिखित रूप में तीन दिनों के अंदर जवाब दे सकते हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास पर मौजूद अधिकारियों को आखिरकार नोटिस सौंपा गया।

**समन का जवाब नहीं देने पर ईडी ने की शिकायत :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में पेश नहीं होने पर शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ यहां एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई।

# बेटे के अपहरण की बात कह नगर संघ चालक से ठगे 18 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ साइबर ठगों ने पीड़ित के बेटे की आवाज में दूसरे से कराया फोन

**अमृत विचार :** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल्स के सहारे अपहरण का झांसा देकर 18 लाख रुपये की ठगी की गई है। साइबर ठगों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अमांपुर नगर संघ चालक एवं कारोबारी राकेश पाराशर को दिल्ली में रह रहे उनके बेटे को अगवा करने की बात कहकर झांसे में लिया। एक ठग ने राकेश के मोबाइल पर कॉल कर कहा कि उनके बेटे का अपहरण कर लिया है। छोड़ने के बदले में 18 लाख रुपये की फिरौती मांगी। अपहरण का यकीन दिलाने को ठगों ने राकेश से उनके बेटे के जैसी आवाज में फोन पर किसी से बात कराई। बेटे की आवाज सुन राकेश झांसे में आ गए और दिल्ली में न्यायिक परीक्षा की तैयारी कर रहे इकलौते बेटे विशाल की सलामती के लिए ठगों के बताए खातों में 18 लाख की रकम भेज दी।

इसके बाद राकेश ने फोन पर बेटे से बात की, तो अपहरण की बात फर्जी निकली। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच साइबर सेल को ट्रांसफर कर दी है। अमांपुर कस्बे के गांधीनगर निवासी नगर संघ चालक राकेश पाराशर बिल्डिंग मेटेरियल का कारोबार करते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे उनके व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से काल आई। फोन करने वाले ने कहा कि तुम्हारा बेटा हमारे पास हैं। बेटे को जिंदा चाहते हो तो बिना किसी को बताए 18 लाख रुपये दे दो तो छोड़ देंगे।

# सीबीआई ने सीएपीएफ में भर्ती को लेकर की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ फर्जी अधिवास प्रमाणपत्र से भर्ती मामले में एजेंसी ने की कार्रवाई

▸▸ कोलकाता और चौबीस परगना जिले में 8 स्थानों पर छानबीन

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में भर्तियों में सीमावर्ती इलाकों के निवासियों के लिए उपलब्ध फायदे हासिल करने के लिए जाली अधिवास प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल के आरोपों पर शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता और 24 उत्तर परगना जिले में आठ स्थानों पर छापे मारे। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर पिछले साल अगस्त में इस मामले की जांच संभाली थी। ऐसे आरोप हैं कि सशस्त्र बलों और सीएपीएफ में फर्जी अधिवास प्रमाणपत्रों के जरिए कई अभ्यर्थियों की अवैध भर्ती की गई। इन प्रमाणपत्रों में उन्हें सीमावर्ती इलाकों का दिखाया गया और इस तरह उन्हें कम कट-ऑफ अंकों पर भी उत्तीर्ण कर दिया गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को भी इससे फायदा मिला। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को गिरोह के सदस्यों के परिसरों पर तलाशी ली गई जो जाली अधिवास प्रमाणपत्र बनाने में कथित तौर शामिल हैं।

## विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

आज यानी 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। जहां 20वीं शताब्दी में मनुष्य की मौतों का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग था, 21वीं शताब्दी में कैंसर मनुष्यों की मौतों का सबसे बड़ा कारण बनेगा। विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में लोगों को जागरूक करके कैंसर से होने वाली मौतों को कम करना है। इस दिवस की शुरुआत 4 फरवरी, 2000 को पेरिस में वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर फॉर न्यू मिलेनियम के दौरान हुई थी। समिट में संकल्प लिया गया था कि हम 21वीं शताब्दी में इस महामारी से लड़ने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

# कैंसर से बचना है तो करें उपवास



**डॉ. अर्जुन अग्रवाल**
वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ
रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट, बरेली

जहां आधुनिक ऐलोपैथी में सर्जरी, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी व इम्यूनोथेरेपी कैंसर से लड़ने के लिए मुख्य तकनीक हैं। वहीं नईं तकनीकों का विकास करने में अलग तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। इसको इंटीग्रेटिव मेडिसिन का नाम दिया गया है।

इंटीग्रेटिव मेडिसिन में मौजूदा समय में उपवास यानी व्रत रखने पर बहुत जोर दिया जा रहा है। मनुष्य आदिकाल से ही उपवास करता आया है, चाहे वह भोजन की कमी के कारण, धार्मिक कारणों से या आजकल वजन कम करने जैसे उद्देश्यों के लिए। व्रत रखने से कैंसर से बचाव पर कई क्लीनिकल ट्राइल्स चल रहे थे, परंतु जापानी विशेषज्ञ डॉक्टर योशीबोरी ओसूमी ने एक ऐसी रिसर्च की, जिसमें उन्हें वर्ष 2016 का नोबेल पुरस्कार मिला। उनकी रिसर्च में यह पाया गया कि 12 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के सेल मरने लगे और इसका नार्मल सेल पर फर्क नहीं पड़ा। इससे यह पता लगता है कि कैंसर के सेल को ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है। व्रत रखने से नार्मल सेल को इतना फर्क नहीं पड़ता, लेकिन कैंसर के सेल को अपने मेटाबालिज्म के लिए ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है, इसलिए वह ग्लूकोज की कमी में मर जाते हैं। इस रिसर्च के बाद व्रत और कैंसर के रिश्ते को खोजने के लिए चूहों और मनुष्यों में क्लीनिकल ट्रायल्स शुरू हुए। वर्ष 2016 में चूहो पर एक रिसर्च की गई, जिसमें पाया गया कि व्रत रखने से बोनमैरो स्टीमूलेट होती है, और ट्यूमर इनफिल्ट्रिंग लिम्फोसाइट्स बनते है, जो कि कैंसर के पास जाकर उसको मारते है।



### शोध की खास बातें

- 2016 में ही यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया की एक रिसर्च में पाया कि जो लोग कीमोथेरेपी ले रहे हैं, अगर वह व्रत रखते हैं, तो कीमोथेरेपी का असर और अच्छा आता है।
- यूनिवर्सिटी ऑफ सेन फ्रांसिंस की रिसर्च में यह पाया कि व्रत रखने से इम्यून सिस्टम एक्टीवेट होता है, जिससे कैंसर के प्री–मैंलीगेन्ट सेल मर जाते है।
- वैज्ञानिक मैरीअर्क के शोध के अनुसार जो महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित हैं अगर वे 13 घंटे से ज्यादा व्रत रखती हैं, तो कैंसर की आशंका 36 प्रतिशत से कम हो जाती है।
- कुछ लोगों को ये आशंका भी हुई कि कैंसर के मरीजों का वैसे ही वजन कम होता है, तो क्या व्रत रखने से ऐसा तो नहीं होगा कि वो कैंसर के इलाज लेने में अक्षम हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने शोध किया और इसको निराधार बताया।
- अब इतनी चर्चा का हम क्या निष्कर्ष निकालें? निष्कर्ष ये है कि व्रत रखना शरीर के लिए फायदेमंद है। इससे मोटापा, डायबिटीज, बीपी के बचाव के साथ कैंसर से बचने में भी मदद मिलती है। एक हफ्ते में दो बार 16 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के प्रारंभिक सेल मर जाते हैं। आने वाले वर्षों में इसका परिणाम अलग तरह के कैंसर में नजर आएगा।

## एक नजर

### तीन सौ शिक्षकों ने लिया आईसीटी प्रशिक्षण



**बदायूं।** बुनियादी शिक्षा में आईसीटी का कक्षा शिक्षण में प्रयोग करने संबंधी तीन दिवसीय प्रशिक्षण डायट में चल रहा था। जिसका समापन शनिवार को हो गया। प्रशिक्षण शिविर में समस्त ब्लॉक के 300 परिषदीय शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विभिन्न आईसीटी सामग्री, सॉफ्टवेयर, और हार्डवेयर का उपयोग करने की जानकारी दी गई। उन्हें नवीनतम टूल्स और तकनीकों के साथ जोड़ा गया, जिससे उन्हें आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। डायट प्राचार्य मुनेश कुमार ने बताया कि यह ट्रेनिंग शिक्षकों को संचार, समस्या हल, समय की बचत एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसी कौशलों को विकसित करने में मदद करती है। प्रशिक्षण प्रभारी अमित शर्मा ने बताया कि यह शिक्षकों को डिजिटल जगत के साथ जोड़ने में मदद करेगी। प्रशिक्षण नोडल मोहम्मद सरवर ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स मनीष कुमार, अजीत सिंह, अनुपम चौधरी , अंकुर गुप्ता व राजीव भटनागर ने ट्रेनिंग दी।

### 10 तक छात्रवृत्ति के आवेदक कर सकेंगे त्रुटि दूर

**बदायूं।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि वित्तीय शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति ( कक्षा 9-10 ) के लिए प्राप्त समय- सारिणी के अनुसार समस्त वर्गों के छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन किया गया है, जिसमें कई त्रुटियां हैं। उन्हें दूर करने के लिए शासन की ओर से मौका दिया गया है। बताया कि छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन किए गये आवेदन में की गई त्रुटियों को दस फरवरी ठीक कर सकते हैं। त्रुटि दूर करने के बाद आनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त वांछित अभिलेखों सहित विद्यालय में 13 फरवरी तक छात्र जमा कर सकेंगे।

### महिला थाने में दी गयी कुष्ठ रोग की जानकारी

**बदायूं।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के तहत सिविल लाइन स्थित महिला थाने में परस्थित पुलिस कर्मियों एवं फरियादियों को जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉक्टर सुधीर कुमार गुप्ता ने कुष्ठ रोग के विषय में विस्तार से जानकारी दी तथा कुष्ठ से संबंधित प्रचार सामग्री भी बांटी । अभियान के दौरान जिला कुष्ठ परामर्शदाता डा. सुधीर कुमार गुप्ता ने इसके प्रति जागरूक किया। उपरोक्त कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर मायाराम का विशेष सहयोग रहा। जिला कुष्ठ अधिकारी कार्यालय के एन एम ए मानवीर सिंह, पीएमडब्ल्यू मनोज कुमार एवं गौरव यादव शामिल रहे।

# लखनऊ से हुई मॉनीटरिंग, अनुपस्थित चिकित्सकों को लगी फटकार

## अव्यवस्थाएं हावी होने पर स्वास्थ्य महानिदेशक ने सीएमएस से की बात, कैमरों के माध्यम से रखी जा रही नजर, अब नदारद नहीं होंगे चिकित्सक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए शासन स्तर से हर वार्ड में कैमरे लगाए गए हैं। यह कैमरे सीधे स्वास्थ्य महा निदेशालय से अटैच हैं। सीएमएस के कार्यालय में दो बड़ी स्क्रीन लगी है। एक स्क्रीन पर जिला अस्पताल के वार्ड की स्थिति खुद सीएमएस देखते हैं जबकि दूसरी स्क्रीन पर आ रहे कामों को सीधे स्वास्थ्य महानिदेशक नजर बनाए रखते हैं। किसी ओपीडी में कौन डॉक्टर है या नहीं। यह सब स्वास्थ्य निदेशालय लखनऊ से मॉनिटरिंग की जाती है। जिला अस्पताल में डॉक्टरों के गायब होने की अक्सर शिकायतें मिलती रहती थीं। इसको देखते हुए शासन स्तर से कैमरे लगाए गए हैं। जिला अस्पताल में करीब पचास स्थानों पर कैमरे लगाए गए हैं, जो हर समय चालू रहते हैं।

शनिवार को जिला अस्पताल में करीब दस बजे तीन डॉक्टर ओपीडी में नही थे। कैमरों में उनकी कुर्सी खाली पड़ी थी। ओपीडी के बाहर मरीजों की लाइन लगी थी। यह नजारा लखनऊ स्थित स्वास्थ्य महा निदेशक द्वारा देखा जा रहा था। करीब एक घंटे तक जब डॉक्टर ओपीडी में नहीं पहुंचे तो स्वास्थ्य निदेशक ने सीएमएस डा. कप्तान सिंह से जवाब मांगा। लखनऊ से फोन आते ही सीएमएस भी हरकत में आ गए। सीएमएस से पूछा गया कि यह डॉक्टर कहां हैं। जिस पर सीएमएस ने बताया कि उक्त तीनों डॉक्टर राउंड पर हैं। सीएमएस ने उसके बाद इधर-उधर से डॉक्टरों को तलाश किया और ओपीडी में भेजा।

अब ओपीडी में बैठने वाले डॉक्टरों के हाथ पैर भी फूले रहे। इस दौरान परिसर में हड़कंप की स्थिति रही। कार्रवाई के डर से डॉक्टरों दो बजे तक ओपीडी में डटे रहे।



सीएमएस कार्यालय में लगी कैमरे की स्क्रीन।



एक्सरे रूम में लगी भीड़। ● अमृत विचार

> जिला अस्पताल में हर जगह कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों में सब कुछ साफ साफ दिख रहा है। शनिवार को तीन डॉक्टर ओपीडी में नहीं थे तो स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा पूछा गया। उन्हें सही स्थित से अवगत कराया गया। जिला अस्पताल में होने वाली गतिविधियों पर अब सीधे स्वास्थ्य महा निदेशक की नजर रहती है। फिर भी डॉक्टर और कर्मचारी कभी कभी अचानक इधर उधर हो जाते हैं। इस पर उन्हें जवाब देना पड़ता है।
> – डा. कप्तान सिंह – सीएमएस।

### एक्सरे और मेडिकल रिपोर्ट देने को रुपये मांगने का आरोप

**बदायूं।** शनिवार को एक मामले में एक्सरे और मेडिकल रिपोर्ट लेने आए पीड़ित से एक्सरे रूम के कर्मचारी ने छह हजार रुपए मांगे। रुपये नहीं देने पर पीड़ित को रिपोर्ट नहीं दी गयी। जिला अस्पताल में थाना दातागंज के ग्राम करीमगंज निवासी तीन लोगों को एक सप्ताह पूर्व गांव के ही कुछ लोगों ने गोली मार कर घायल कर दिया गया था। इन घायलों का जिला अस्पताल में एक्स रे किया गया। उनकी मेडिकल रिपोर्ट भी बनाई गयी। पीड़ित परिवार का सदस्य सोमवीर शनिवार को एक्स रे और मेडिकल रिपोर्ट लेने जिला अस्पताल में पहुंचा तो उससे एक्सरे रूम के एक कर्मचारी ने छह हजार रुपये मांगे। पीड़ित ने रुपए नहीं दिए तो उसे न तो एक्सरे दिया गया और न ही मेडिकल रिपोर्ट दी गयी। सीएमएस ने पीड़ित से लिखित शिकायत करने को कहा। अब पीड़ित इस अवैध उगाही की शिकायत करेगा और शासन स्तर तक लेकर जाएगा।

## चार माह बाद भी अधूरा रहा फायर सिस्टम का काम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में तत्काल आग पर काबू पाने के लिए फायर पंप रूम बना कर जगह जगह फायर प्वाइंट बनाए जा रहे हैं। चार महीने से काम चल रहा है, अभी तक पूरा नहीं हो सकता है। यदि यह कार्य इसी गति से चलता रहे तो किसी समय कोई दुर्घटना घट जाए तो उस पर काबू कैसे पाया जाएगा।

जिला अस्पताल में आग लगने की घटनाओं पर तत्काल काबू पाने को फायर स्टेशन बनाया गया है। फायर पंप रूम बना कर मशीनें भी लगा दी गयी हैं। पिछले साल अक्टूबर महीने में फायर मशीन लगाने का काम शुरू किया गया था। संस्था द्वारा एक कमरे में मशीनें भी लगा दी गयीं। उसके बाद करीब 16 प्वाइंटों चिह्नित कर वहां फायर सिस्टम लगाए जाने थे, जो अभी तक मात्र दस स्थानों पर ही लग सके हैं। अन्य स्थानों पर अभी फायर सिस्टम नहीं लगाए गए हैं। फायर सिस्टम लगाने वाली संस्था के कर्मचारी यहां से जा चुके हैं। अभी तक फायर सिस्टम चालू नहीं हो सका है।

> जिला अस्पताल में 10 स्थानों पर फायर सिस्टम लगाए गए हैं। यहां पर 16 फायर प्वाइंट लगाए जाने थे जो 6 प्वाइंट जिला महिला अस्पताल को दे दिए गए। वहां पर जच्चा-च्चा वार्ड में फायर प्वाइंट लगाए गए हैं। काम लगभग पूरा हो चुका है। अभी तक ट्रायल नही किया गया है।
> – डा. कप्तान सिंह सीएमएस।




बंद पड़ा फायर पंप रूम। ● अमृत विचार

### खराब डिजिटल एक्सरे मशीन की कराई जाएगी मरम्मत

जिला अस्पताल में एक्सरे रूम में दो एक्सरे मशीन हैं, जिनमें से एक मशीन कई दिनों से बंद पड़ी है। एक मशीन से ही एक्सरे किए जा रहे हैं। इसलिए एक्सरे रूम में सुबह से लेकर दोपहर तक भीड़ रहती है। उधर डिजिटल एक्सरे मशीन भी कई दिनों से खराब है। डिजिटल एक्सरे मशीन बंद होने से मरीज वापस लौट रहे हैं। वापस लौटने वाले मरीजों को बाहर डिजिटल एक्सरे कराने को कहा जाता है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि तकनीकी खराबी के चलते एक्सरे मशीन बंद है उसे जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा, साथ ही डिजिटल एक्सरे मशीन को भी दो दिन में ठीक करा दिया जाएगा।

## गन्ने की फसल का विभाग करेगा सर्वे, जानेगा कारण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बीमारी से बचाने के लिए किसानों के साथ होगी बैठक
- बीमारियों से बचाव-नई प्रजाति की दी जाएगी जानकारी

**अमृत विचार :** अब किसानों के साथ बैठक कर विभाग गन्ने की फसल को बीमारी से बचाने के उपाय बताएगा। 038 प्रजाति की जगह नई प्रजाति का बीज लगाने का सुझाव देगा।

जनपद में करीब 28 हजार हेक्टेयर रकबा में गन्ना की पैदावार की जाती है। हर साल लाखों का गन्ना किसान चीनी मिलों पर बेचता है। अन्य फसलों की अपेक्षा गन्ना की पैदावार में किसान को एक मुश्त रकम मिलती है। पिछले वर्ष गन्ना में बीमारी लगने से पैदावार करीब 25 प्रतिशत कम हो गयी। गन्ना में रेड रोग नामक बीमारी लगी। विभाग की माने तो इस बीमारी से गन्ने का पत्ता सूख जाता है। गन्ना लाल पड़ जाता है। इस बीमारी के चलते गन्ने की पैदावार को बड़ा झटका लगा है। गन्ना विभाग का मानना है कि इस साल करीब एक महीना पहले ही चीनी मिलें बंद हो जाएंगी। गन्ना विभाग के सामने बड़ी चुनौती है। इस परिस्थिति से निपटने के लिए अब गन्ना विभाग ब्लॉक स्तर पर गोष्ठियां करेगा। उनमें गन्ना किसानों को गन्ने की नई प्रजाति का गन्ना उगाने की सलाह दी जाएगी। साथ ही बीमारी से बचाने में दवा का स्प्रे समय पर करने का सुझाव दिया जाएगा।

जिले में गन्ना कम होने से शेखूपुर चीनी मिल पर गन्ना कम मात्रा में आ रहा है, हालांकि पेराई चालू है। अभी तक गन्ना कम होने के कारण मिल को बंद नहीं किया गया है। शेखूपुर चीनी मिल की 12 हजार क्विंटल प्रति दिन गन्ना पेराई की क्षमता है। इतना गन्ना पहुंच रहा है लेकिन गन्ने का स्टॉक नहीं हो पा रहा है।

> गोष्ठियों में किसानों को गन्ने की फसल को बीमारी से बचाने का उपाय बताया जाएगा। विभाग के गन्ना वैज्ञानिक इस बात की खोज करेंगे कि आखिर ईख में बीमारी लगती क्यों है। किस दवा से बीमारी को खत्म किया जाए।, इस साल किसानों को गन्ने की नई प्रजाति का गन्ना लगाने की सलाह दी जाएगी।
> – हेमराज सिंह – जिला गन्ना अधिकारी

## छात्राओं को एचआईवी और सिफलिस की दी जानकारी



**बदायूं, अमृत विचार:** पार्वती आर्य कन्या संस्कृत इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन अहाना परियोजना की तरफ से एचआईवी एवं सिफलिस जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी बरेली मंडल विश्वजीत मौर्य ने स्वयं सेवकों को एचआईवी और सिफलिस के बारे में जागरूक किया तथा रोगों के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे में बताया। फील्ड ऑफिसर सुनीता रानी, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी गीतांजलि ने संबोधित किया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं में कुमारी किरण वाला, किरण वर्मा, नीलम आर्य ,कुसुम राठौड़ ,मीना आदि लोगों ने सहयोग दिया।

## गणित में अच्छे नंबर के लिए फॉर्मूले की समझ जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- छात्र के लिए अभ्यास जरूरी मॉडल पेपर को करते रहे हल

**अमृत विचार:** गणित का पेपर बेहद स्कोरिंग और महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रवक्ता डॉ शचि गुप्ता ने परीक्षार्थियों के लिए सुझाव दिए हैं।



प्रवक्ता डॉ शचि गुप्ता

गणित प्रवक्ता का कहना है कि गणित का पेपर बेहद स्कोरिंग और महत्वपूर्ण है। कुछ छात्रों के लिए यह सबसे कठिन होता है, वहीं कुछ के लिए आसान। बस एक बार गणित की गणित यानी कैलकुलेशन समझने भर की देर है। एक बार गणित के फार्मूले को समझ गए तो यह विषय सबसे सरल लगेगा। कोई भी सवाल मिनटों में कर देंगे। छात्रों को अभ्यास के लिए मॉडल पेपर जरूर हल करने चाहिए। उनका कहना है कि गणित ही एक ऐसा विषय है जिसमें शत-प्रतिशत अंक लाए जा सकते हैं। इंटर के 100 अंक के पेपर में सर्वाधिक 44 नंबर के प्रश्न कैलकुलस से होंगे। कैलकुलस की तैयारी अच्छी है, उसे चिंता नहीं करनी होगी। इसलिए जितना अभ्यास करेंगे, गणित आपको उतनी ही सरल लगने लगेगी। पढ़ाई में कोई शॉर्टकट नहीं होता। अभ्यास जरूरी होता है।

### गणित में अच्छे अंक लाने को सुझाव

- गणित में सूत्रों का महत्व है। इन्हें रटने के स्थान पर उससे जुड़े सवालों का अभ्यास कर समझने का प्रयास करें।
- टॉपिक समझ में नहीं आ रहा है तो किताबों में दिए गए उदाहरण को समझ कर हल करने का प्रयास करें।
- गणित में एक चैप्टर दूसरे चैप्टर से जुड़ा होता है। अगर पहले वाला कोई चैप्टर छोड़ेंगे तो आगे के चैप्टर में आपको और कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।
- संबंध तथा फलन से 10 अंक के सवाल आ सकते हैं। परिभाषा को समझकर संबंधित प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें।
- तकनीक के इस युग में मोबाइल का उपयोग पढ़ाई में भी कर सकते हैं। यू-ट्यूब में चैप्टरवार तमाम वीडियो अपलोड हैं।
- ऐसे में अभ्यास करते समय कोई टॉपिक न समझ में आए तो शिक्षक की मदद लें, या फिर मोबाइल पर यू-ट्यूब खोलकर उसका सहयोग ले सकते हैं।

### मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों ने सजाई रंगोली



**बिसौली।** तहसील परिसर में आयोजित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगोली व स्लोगन चार्ट बनाकर सभी का मन मोह लिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम राकेश कुमार पटेल ने विजेता बच्चों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि मतदान की महत्ता को जन जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, जिससे लोकतंत्र को मजबूती मिल सके। इस अवसर पर एसडीएम कल्पना जायसवाल, तहसीलदार विजय कुमार, नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**बदायूं।** अनुकृति नाट्य मंच लखनऊ के कलाकारों द्वारा गांव मुजरिया में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर अभिभावकों को जागरूक किया गया। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जागरुकता कार्यक्रम के तहत अनुकृति नाट्य मंच उत्तर प्रदेश लखनऊ के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। उनके द्वारा गांव रफी नगर और बिल्सी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों के बच्चों के लिए नियमित स्कूल भेजने, डीबीटी धनराशि का सदुपयोग करने के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। नाट्य मंच कलाकारों में संजीव सोनू, आरती, पलक, विष्णु गुप्ता ने अपनी प्रस्तुति से अभिभावकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर एआरपी राजन यादव, संजय वर्मा, अमित शर्मा, राजकुमार, आयुषी आदि उपस्थित रहे।






शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# महिला सिविल जज के अंतिम शब्द...आईएम हेल्पलेस एंड अलोन

## सुसाइड नोट में लिखी अंतिम इच्छा-अयोध्या के सरयू नदी पर करें मेरा अंतिम संस्कार, अपने पाले हुए दो खरगोशों की भी सेवा करने के लिए लिखा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सिविल जज ज्योत्सना राय ने अपने सुसाइड नोट में आखिरी शब्द लिखे हैं कि ''आईएम हेल्पलेस एंड अलोन''। इन शब्दों से माना जा रहा है कि वह खुद को अकेला मानते हुए ज्यादा तनाव में थीं। सुसाइड नोट में उन्होंने अयोध्या के सरयू नदी किनारे अंतिम संस्कार करने की अंतिम इच्छा जाहिर की है। इसके साथ ही अपने पाले हुए दो खरगोश की भी सेवा करने की बात लिखी है। एक पेज के सुसाइड नोट में तमाम बातें लिखी हैं लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरा मामला गोपनीय रखा है। इधर, हंसमुख रहने वाली महिला जज का शव फंदे पर लटका मिलने की बात पर किसी को यकीन नहीं हो रहा है। शाम को काली पॉलीथिन में जब पुलिस कर्मी उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर जा रहे थे तब सभी की आंख नम थीं। जजी कालोनी में आवासों में रहने वाले न्यायिक अधिकारियों को भी लग रहा है कि क्या पता था कि ज्योत्सना राय दो चेहरे लेकर जी रही थीं। वहीं बेटी की मौत पर महिला जज के माता-पिता बेसुध हैं। बेटी के गम में वह किसी से बात नहीं कर रहे हैं। रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

अधिवक्ताओं के अनुसार ज्योत्सना राय बेहद हंसमुख थीं। सभी से मधुर व्यवहार रखती थीं। दिन में कोर्ट में सुनवाई के बाद शाम को न्यायिक अधिकारियों के परिजनों के पास बैठती थीं। घर के बातें शेयर करती थीं। अपने काम के लिए हमेशा समर्पित रहती थीं। शुक्रवार शाम भी उन्होंने पास के आवास में रहने वाले न्यायिक अधिकारी की पत्नी से आधे घंटे तक बात की थी लेकिन किसी को क्या पता था कि हंसमुख चेहरे के पीछे तनावग्रस्त चेहरा भी छिपा है। वह इतनी परेशान थीं कि अपना जीवन खोने का निर्णय ले लिया।

**अयोध्या के बाद बदायूं मिली थी दूसरी तैनाती :**

उनका जन्म 5 जुलाई 1995 को हुआ था। उन्होंने 2010 में हाईस्कूल, 2012 में इंटरमीडिएट, 2017 में एलएलबी ऑनर्स प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया। जिसके बाद उन्होंने पीसीएस-जे की परीक्षा पास की। उनकी पहली तैनाती 15 नवंबर 2019 में जिला अयोध्या में एडिशनल सिविल जज, जूनियर डिवीजन पद पर हुई थी। जो 12 अप्रैल 2021 तक रहीं। इसके बाद वह 13 अप्रैल 2021 से 4 जुलाई 2022 तक जूडिशियल मजिस्ट्रेट रहीं। 5 जुलाई 2022 से 28 अप्रैल 2023 तक अयोध्या में ही एडिशनल सिविल जज बनीं। इसके बाद वह स्थानांतरित होकर बदायूं आईं। वह 29 अप्रैल 2023 से 30 अगस्त 2023 तक एडिशन सिविल जज, जूनियर डिवीजन पद पर रहीं। जिसके बाद 18 नवंबर 2023 तक जूडिशियल मजिस्ट्रेट रहीं। वर्तमान में वह जूनियर डिवीजन की सिविल जज थीं।


परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव ले जाते दोनों सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह और सिविल लाइन कोतवाल गौरव विश्नोई।


महिला जज की मौत की सूचना पर उनके आवास पर लगी अधिवक्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार


पहली मंजिल के इसी कमरे में मिला महिला जज का शव।



घटना के बाद पहुंची फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार


घटना की जानकारी करते डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी व एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव।


महिला जज का लिखा सुसाइड नोट पढ़ते एसएसपी आलोक प्रियदर्शी।

### बेटी का शव देखकर बेहोश हो गई मां

सूचना मिलने पर महिला जज के माता-पिता और अन्य परिजन आवास पर पहुंचे। गाड़ी में बैठे रास्ते भर रोते रहे। बेटी का शव देखा तो उनकी मां बेहोश हो गईं और बेसुध होकर गिर गईं। सभी की आंखें नम थीं। इतनी विनम्र स्वभाव की महिला जज हमारे बीच नहीं रहीं। मां कमरे में ही बेसुध बैठी रहीं।

### किसी ने मौके पर तो किसी ने सोशल साइट पर जताया दुख

महिला जज की मौत की खबर सुनते ही न्यायिक अधिकारी उनके आवास पर पहुंचे। वहीं सूचना मिलते ही अधिवक्ताओं का हुजूम आवास के बाहर जमा हो गया। यही चर्चा रही कि ऐसा कैसे हो सकता है। किसी ने मौके पर पहुंचकर तो किसी ने सोशल साइट पर महिला जज को खोने पर दुख जताया।

### चारों तरफ से बंद था कमरा

एक पुलिस अधिकारी के अनुसार महिला जज का कमरा पूरी तरह से बंद था। उसमें कोई भी भीतर नहीं आ और न जा सकता था। आवास का मुख्य दरवाजा भी भीतर से बंद था। जिससे आत्महत्या ही मानी जा रही है।

### समय से जातीं थी कोर्ट और समय से आती थीं वापस

अधिवक्ताओं के अनुसार ज्योत्सना राय रोज समय से कोर्ट जाती थीं। निर्धारित समय के बाद ही आवास पर वापस आती थीं। शुक्रवार को वह शाम 5.30 बजे आवास पर आई थीं। उनके चेहरे पर किसी भी प्रकार की शिकन नहीं रहती थीं।

### दोनों एसोसिएशन ने की शोकसभा, कार्य से रहे विरत

महिला जज की मौत पर जिला बार और जिला सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अधिवक्ताओं ने शोक सभा की। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता योगेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में मथुरा प्रसाद मेमोरियल हॉल में शोक सभा हुई। महिला जज के आकस्मिक निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की ईश्वर से कामना की। शोकसभा का संचालन महासचिव अधिवक्ता संदीप कुमार मिश्रा ने किया। जिला सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखा। एसोसिएशन के सचिव अधिवक्ता अरविंद पाराशरी ने ज्योत्सना राय को अच्छी अधिकारी बताया। उनकी एसोसिएशन की ओर से महिला जज को सम्मानित भी किया गया था। महिला जज की मौत से अधिवक्ता कार्यों से विरत रहे।

## एक नजर

### समय से दिव्यांगों की समस्याओं का हल नहीं होता

**बदायूं।** राष्ट्रीय विकलांग पार्टी की मासिक बैठक मालवीय आवास पर संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि दिव्यांग आए दिन पेंशन, रिक्शा, ट्राईसाइकिल, वैशाखी के लिए विभागों के चक्कर लगाते रहते हैं मगर उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं होता। थाने स्तर से दिव्यांगों की समस्याओं का निस्तारण समय पर नहीं किया जा रहा है। उनकों थाने से भगा दिया जाता है।

### तीन किलो डोडा के साथ युवक गिरफ्तार

**बदायूं।** कोतवाली सहसवान पुलिस शुक्रवार रात एक युवक को पकड़ा। जिसके पास से तीन किलो डोडा छिलका बरामद हुआ। उसने अपना नाम गांव भवानीपुर खल्ली निवासी मुसरत पुत्र मस्सू बताया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जेला भेजा है। गिरफ्तारी करने वालों में उपनिरीक्षक रजनीश कुमार, सिपाही सुमित कुमार व राहुल कुमार रहे।

# पति समेत सात ससुरालियों के विरुद्ध दर्ज हुई दहेज हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता, बिल्सी

▸▸ **संदिग्ध हालात में चारपाई पर मिला था महिला का शव, पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव फतेह नगला में बीती 30 जनवरी की रात एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर की चारपाई पर मिला था। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने उसके शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया था ताकि मौत का कारण स्पष्ट हो सके। इस मामले में थाना पुलिस ने मृतका के पिता की ओर से दी गई तहरीर पर विवाहिता के पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसकी जांच चल रही है।

गांव बांस बरोलिया निवासी एवं मृतका के पिता पृथ्वीराज ने बताया कि उसने अपनी पुत्री मोनिका ऊर्फ मोनी का विवाह आठ मई 2022 को फतेह नगला निवासी रनवीर सिंह पुत्र रामसिंह के साथ किया था। उसने शादी में अपने सामर्थ्यनुसार दहेज दिया और करीब सात लाख रुपये खर्च किए थे।

विवाह के बाद से ही पुत्री का पति रनवीर, ससुर राम सिंह, जेठ वेद प्रकाश, कृपाल, जिठानी विनीता, रेखा उसकी पुत्री को शादी में कम दहेज लाने के कारण लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। उसका पति रनवीर दहेज में दो लाख रुपये और बिल्सी में सौ गज का एक प्लॉट खरीदने के लिएआए दिन उनकी पुत्री को प्रताड़ित करता था। जिसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन उक्त लोगों ने दहेज की मांग न पूरी होने पर 29 जनवरी की मध्य रात्रि को एक राय होकर उनकी पुत्री मोनी के मुंह में कपड़ा ठूंस कर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। जिसकी सूचना गांव के लोगों द्वारा उसे दी गई। वह अपने परिजनों के साथ पुत्री के घर फतेह नगला सुबह बजे पहुंचे तो वहां पर पुत्री मोनी की लाश चारपाई पर पड़ी थी। ससुर को छोड़कर सभी आरोपी घर से हत्या करने के बाद भाग गए। एसएचओ ब्रजेश कुमार ने बताया कि उक्त प्रकरण में मृतका के पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# गोशाला से भागे गोवंश, नष्ट कीं फसलें

**विजय नगला, अमृत विचार** :ब्लॉक सलारपुर के ग्राम सिगरौरा में ग्राम प्रधान ने एक स्थान पर तारों की बाउंड्री बना कर उसे अस्थायी गोशाला बना दिया। उस अस्थायी गोशाला में तीन दिन पूर्व करीब चार दर्जन से अधिक गोवंश को रखा गया। 24 घंटे बाद पिछली रात को गोवंश तारों की बाउंड्री को तोड़ कर बाहर निकल गए। इन गोवंशों ने आसपास के खेतों में घुस कर फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। इसको लेकर किसानों ने ग्राम प्रधान राजू सागर के आवास पर पहुंच कर हंगामा किया। गांव के कमल सिंह, रामप्रकाश, गौरव कुमार, सतीश चंद्र आदि ने समस्याएं रखीं। ग्राम प्रधान ने किसानों को समझाया कि अब नया एस्टीमेट बनाकर पक्की गाशाला बनाई जाएगी। ग्राम प्रधान के आश्वासन पर किसान शांत हुए।

# रोडवेज बस में बैठे व्यापारी से 12 लाख की टप्पेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ **रोडवेज बस में सीट के ऊपर रख दिया था बैग, बदायूं क्लब पहुंचने से पहले हो गया गायब**

**अमृत विचार :** रोडवेज बस अड्डा से बरेली जा रही रोडवेज बस में दिन दहाड़े कपड़ा व्यापारी टप्पेबाजी का शिकार हो गया। टप्पेबाज रोडवेज बस के भीतर से 12 लाख रुपये रखा बैग पार कर लिया। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर भीड़ लग गई। व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस से खुलासा की मांग की।

पंजाब के जिला अमृतसर के थाना गुमताला क्षेत्र में एयरपोर्ट मार्ग स्थित जुझार सिंह एन्क्लेव में रहने वाले किशन अरोरा कपड़े का व्यापार करते हैं। शहर के कई लोग उनसे कपड़ा मंगवाकर बेचते हैं। शनिवार को किशन अरोरा ने दुकानों पर जाकर दुकानदारों से कपड़े के रुपये एकत्र किए। वापस जाने के लिए शनिवार दोपहर लगभग तीन बजे रोडवेज बस अड्डा पहुंचे। बरेली जाने वाली रोडवेज बस में जाकर बैठ गए। बस में चढ़ने के बाद उन्होंने बैग बस में ऊपर बनी रैक में रख दिया, जिसमें 12 लाख रुपये थे।


व्यापारी से बात करते कोतवाली सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई।

सीट पर बैठकर किसी से फोन पर बात करने लगे। रोडवेज बस डिपो परिसर से निकलकर भामाशाह चौक जाने वाले मार्ग की ओर बढ़ी। बदायूं क्लब के पास उनका फोन कट गया। उन्हें रैक की ओर नजर की तो बैग गायब था। वह हड़बड़ा गए और चालक से कहकर बस रुकवाई। परिचालक को बैग गायब होने की जानकारी देते पूरी बस में बैग तलाश किया लेकिन उनका बैग कहीं नहीं मिला। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने उन्हें रोडवेज पुलिस चौकी जाने को कहा। किशन अरोरा रोडवेज पुलिस चौकी पहुंचे।

बताया जा रहा है कि वहां एक सिपाही ने कहा कि अपने सामान की सुरक्षा खुद ही किया करें। यहां व्यापारी लुटते रहते हैं। किस-किसके बैग की सुरक्षा करें। सूचना मिलने पर कोतवाली सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई और व्यापार संगठन के पदाधिकारी वीरेंद्र धींगड़ा पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारी को पुलिस चौकी में बैठाया और घटना के बारे में जानकारी की। संगठन के पदाधिकारियों ने जल्द खुलासा की मांग की है।

> मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थे। रोडवेज बस अड्डे के आसपास दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जा रही है। जल्द ही खुलासा होगा।
> –**गौरव विश्नोई**, प्रभारी निरीक्षक।

# गंगा किनारे से निकाला जा रहा बालू, 24 घंटे चल रहीं मशीनें


गंगा से रेत निकालती मशीन। ● अमृत विचार

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार :** गंगा के आंचल से बालू निकाल कर उसे गहरा किया जा रहा है। रेत निकालने वाले धंधेबाजों पर जिला प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रही है। गंगा की तलहटी से बालू निकालने का धंधा बेरोक टोक जारी है।

गांव सरेली के निकट से गंगा की धार बहती है। इस समय गंगा में कहीं कहीं पानी नहीं है। पानी कम होने पर बाले निकालने वाले धंधेबाज सक्रिय हो जाते हैं। इन दिनों सरेली के पास दो तीन मशीनें चल रही है, जो रात दिन बालू का अवैध खनन कर रही हैं। यह मशीन एक जगह को करीब 20 फुट तक गहरा कर देती हैं। वहां से मशीन द्वारा रेत निकाल कर गहरा गड्ढा बना देती है। इन गहरे गड्ढों में बरसात के दिनों में या फिर गंगा में पानी छोड़े जाने पर पानी भर जाता है जहां पर कोई पशु या मनुष्य पहुंच जाए तो वह डूब सकता है। इतने गहरे गड्ढे बना कर रेत का अवैध खनन करने वालों की शिकायत करने पर भी संबंधित विभाग मौन साधे बैठा रहता है।

# धांधली:अपात्र को दिया आवास, पात्र के खाते में पहुंची राशि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ **मामले को दबाने में जुटे अधिकारी, धनराशि वापस लाने को कर रहे कवायद**

▸▸ **प्रधानमंत्री आवास योजना में जारी है धांधली, कार्रवाई के बाद भी नहीं चेत रहे जिम्मेदार**

**अमृत विचार:** अपनी जेब भरने के चक्कर में जिम्मेदार भले ही पात्रों को नजर अंदाज कर दें लेकिन सिस्टम किसी को नजर अंदाज नहीं करता। ऐसा हुआ जब सचिव और ब्लॉक अधिकारियों ने पात्र की आईडी पर अपात्र का आवास स्वीकृत करते हुए जियोटैगिंग करा दी लेकिन शासन से भेजी गई धनराशि सीधे पात्र के बैंक खाते में पहुंच गई। जानकारी होने पर ब्लॉक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। उनके द्वारा बैंक से धनराशि वापस मंगाने की कवायद शुरू कर दी गई। साथ ही प्रकरण को दबाने का प्रयास भी शुरू हो गया है। वहीं, दूसरी ओर परियोजना निदेशक तक मामले की जानकारी पहुंच गई है, जिस पर वह जांच कराने की बात कह रहे हैं।

ब्लाक म्याऊं क्षेत्र की धर्मपुर निवासी महिला ममता पत्नी रमनपाल ने प्रधानमंत्री आवास के लिए वर्ष 2018 में आवेदन किया था लेकिन आज तक उन्हें आवास का लाभ नहीं मिल सका। हाल के दिनों में पूर्व सचिव और ब्लॉक के अधिकारियों ने इसी गांव निवासी अपात्र दूसरी महिला ममता पत्नी घनश्याम के अभिलेख लेकर पात्र ममता पत्नी रमनपाल की आईडी पर आवास का फार्म भरकर अप्रूव करा दिया। यहां तक कि पहली किस्त दिलाने के लिए उनके द्वारा अपात्र महिला का फोटो खींच कर जियो टैगिंग भी कर दी। जब काफी दिन तक अपात्र महिला के बैंक खाते में पहली किस्त नहीं पहुंची तो ब्लॉक अधिकारियों ने छानबीन शुरू की। छानबीन में अधिकारियों को पता चला कि पात्र महिला ममता पत्नी रमनपाल के बैंक खाते में आधार बेस पर पहली किस्त 40 हजार पहुंच गए। यह देखकर ब्लॉक के अधिकारी हैरान हो गए। उनके द्वारा आनन फानन में बैंक प्रबंधक से बात कर पात्र महिला के बैंक खाते से धनराशि अपात्र के खाते में ट्रांसफर कराने को लेकर कवायद शुरू कर दी। अब मामला सार्वजनिक होने पर ब्लॉक अधिकारी मामले को दबाने में जुटे हुए हैं।


पात्र महिला, जिसके बैंक खाते में आधार बेस पर पहुंची धनराशि।

### शहरी क्षेत्र में भ्रष्टाचार पर हो चुकी है कार्रवाई

शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र से अधिकारियों द्वारा रुपये लिए गए थे। यह प्रकरण आंवला सांसद के द्वारा पात्र को आवास की चाबी सौंपने के दौरान सामने आया था। यह प्रकरण शासन तक पहुंचा था। इसमें डूडा के परियोजना निदेशक पर गाज गिरी थी। उन्हें निलंबित किया था। साथ ही इंजीनियर को बर्खास्त करने के साथ सर्वे करने वाली संस्था को डिबार घोषित किया गया था। इसके बाद भी जिम्मेदार भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

> मामला बहुत ही गंभीर है। अगर ऐसा हुआ है तो जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रधानमंत्री आवास में घोटाला किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। – **बलराम सिंह**, परियोजना निदेशक, डीआरडीए।

> धोखे से गलत महिला के खाते में आवास की पहली किस्त पहुंच गई है। मामला संज्ञान में है। धनराशि को बैंक से वापस मांगा गया है।
> – **अखिलेश चौबे**, खंड विकास अधिकारी म्याऊं।

# बहन के घर से लौट रहे युवक की हादसे से मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ **शुक्रवार देर शाम थाना अलापुर क्षेत्र में दारानगर मार्ग पर हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** बहन के घर से लौट रहे युवक की बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। जहां सैकड़ों लोगों ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। घायल का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव उनौला निवासी केशव (20) पुत्र शौकीन सिंह खेती और मजदूरी करते थे। शुक्रवार को उनकी बहन संतोष के घर कार्यक्रम था। वह बाइक से अपने गांव निवासी आदित्य पुत्र सुधीर के साथ बहन के गांव कुंडेला गए थे। कार्यक्रम के बाद बाइक से वापस लौट रहे थे। बाइक आदित्य चला रहे थे। शुक्रवार देर शाम रास्ते में दारानगर मार्ग पर किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में केशव की मौत हो गई। आदित्य ने घटनास्थल से उनके परिजनों को फोन करके सूचना दी। परिजन और पुलिस पहुंची। दोनों को अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सक ने केशव को मृत घोषित कर दिया जबकि आदित्य के परिजनों ने उन्हें इंद्राचौक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस उनकी बाइक को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।


मृतक केशव।


पोस्टमार्टम गृह पर मृतक के परिजन।

# समाधान दिवस से फरियादी लौटे निराश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ **अधीनस्थों को निस्तारण के आदेश लेकर लौटे उच्चाधिकारी**

**अमृत विचार:** शासन की ओर से आम आदमी की समस्या का निदान करने के लिए संपूर्ण समाधान दिवस को शुरू किया गया है। इन समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं हल नहीं हो रहे हैं। उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। ऐसा ही हुआ सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस के दौरान शिकायतों की भरमार होने के बाद भी मात्र पांच का ही निस्तारण हो सका। शेष का निपटारा करने के लिए उच्चाधिकारियों ने अधीनस्थों के लिए निर्देश दिए।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर आयोजित हुआ। जिसमें जिलाधिकारी मनोज कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने शिकायतों को सुना। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उप जिलाधिकारी सुखलाल प्रसाद वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**बिसौली में एडीएम ने सुनी जन शिकायत: बिसौली।** तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व राकेश कुमार पटेल ने जन शिकायतें सुनकर गुणवत्तापरक व त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

# बिल्सी में एक शिकायत का निराकरण

**बिल्सी/दातागंज।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी प्रवर्धन शर्मा ने यहां जनता की समस्याओं को सुना और समाधान किया। 40 शिकायतों में से मात्र एक शिकायत का निस्तारण हो सका। इधर, दातागंज में शनिवार को तहसील सभागार में एडीएम रेनू सिंह एवं उपजिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। यहां 43 शिकायतों में से तीन का हल निकला।

# हरनाम नगला में फैली गंदगी, बढ़ी परेशानी

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव हरनाम नगला के ग्रामीण गंदगी की समस्या से जूझ रहे हैं। सड़क पर जलभराव के कारण लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर उन्होंने गांव के प्रधान एवं सहसवान के बीडीओ से कई बार शिकायत भी की है। मगर किसी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।


गांव में गंदगी दिखाते ग्रामीण।

गांव के लोगों ने बताया कि उनका गांव ग्राम पंचायत अहमदनगर असौली का मजरा है। जिसके कारण ग्राम प्रधान उनके गांव की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते। कई-कई माह तक तो गांव में सफाई कर्मी नहीं आता है। जिसके कारण गांव की अधिकांश नालियां कीचड़ से भरी रहती है। इन नालियों का पानी सड़क पर आकर जमा हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव के यादराम, अमर सिंह, होरीलाल, सूरजपाल आदि ने डीएम से कार्रवाई की मांग की है।

### उज्ज्वला गैस कनेक्शन पर दो हजार मांगने का आरोप

**कुंवरगांव।** सलारपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत हुसैनपुर की एक दर्जन महिलाओं ने शनिवार को डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि एक साल पूर्व उन लोगों ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के तहत फार्म भर कर टिकट गंज स्थित एक गैस एजेंसी पर जमा किए थे। अब गैस एजेंसी संचालक आवेदन करने वाली महिलाओं से दो-दो हजार रुपये मांग रहे हैं। महिलाओं ने डीएम से कार्रवाई की जाए। वहीं, एजेंसी संचालक ने आरोपों को निराधार बताया है।

# दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!



ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडेन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

उपलब्ध सुविधायें

1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।



5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनान

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720

निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली



# जे.पी. क्लीनिक

डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश


# आसफपुर सीएचसी पर जच्चा-बच्चा की मौत

## परिजनों ने शवों को हाईवे पर रखकर लगाया जाम, स्टाफ नर्स पर कार्रवाई की मांग, मिला आश्वासन

संवाददाता, ओरछी /आसफपुर



हाईवे पर शव रखकर जाम लगाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के आसफपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही से फिर से जच्चा बच्चा की मौत हो गयी जिस पर भारी हंगामा हुआ। ग्रामीणों ने शवों को हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने स्टाफ नर्स के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाकर जाम खुलवाया।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सादुल्ला नगर, मन्नूनगर ग्राम पंचायत का मझरा है। इसी गांव के सियाराम सिंह की पत्नी मुन्नी देवी गर्भवती थी, मुन्नी देवी को शनिवार को प्रसव पीड़ा शुरू हो गयी। जिस पर सियाराम अपनी पत्नी मुन्नी देवी को आसफपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर गया। आरोप है कि ड्यूटी पर उस समय एक स्टाफ नर्स तैनात थी। कई बार कहने के बाद भी स्टाफ नर्स ने मुन्नी देवी को नहीं देखा।

हालत बिगड़ती देख सियाराम मुन्नी देवी को दूनपुर स्थित एक निजी नर्सिंग होम ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान अस्पताल से निकलते ही मुन्नी देवी ने दम तोड़ दिया। गर्भस्थ शिशु की भी मौत हो गई। जच्चा बच्चा की मौत की सूचना पीड़ित के गांव वालों को मिली तो गांव से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतका के परिजनों के साथ ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भारी हंगामा किया और स्टाफ नर्स के खिलाफ नारेबाजी की गई। उसे किसी कीमत पर बाहर निकलने पर तुले ग्रामीणों ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को घेर लिया। स्वास्थ्य कर्मचारी भीड़ को देखते ही पहले ही भाग गए और आसपास के घरों में छिप गए।

यहां पर भारी हंगामा करने के बाद गुस्साए ग्रामीण जच्चा-बच्चा के शव को लेकर आसफपुर बिसौली मुख्य मार्ग पर बैठ गए और हाईवे पर जाम लगा दिया। लगभग आधा घंटा तक जाम लगने दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंस गए। जाम की सूचना मिलने पर थाना फैजगंज बेहटा पुलिस आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

> जच्चा बच्चा की मौत का मामला संज्ञान में आया है। गर्भवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती किया गया। महिला का पहला बच्चा था प्रसव में कुछ समय था परिजनों को बताया गया तो वह स्वयं किसी प्राइवेट अस्पताल में लेकर गए वहां पर जच्चा बच्चा की मौत हुयी है। फिर भी इस मामले की जांच करा कर पता लगाया जाएगा, यदि स्टाफ नर्स की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।
> **-डॉ. अब्दुल सलाम खान**- प्रभारी सीएमओ।


> सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसूता को उसके परिजन सुबह लगभग साढ़े 6 बजे भर्ती कराए। प्रसूता दो घंटे तक अस्पताल में भर्ती रही। उसके बाद प्रसूता के रिश्तेदार आए, जिन्हें मुन्नी देवी को प्राइवेट अस्पताल में ले जाने की बात कही। इसी बात पर परिजन उसे प्राइवेट अस्पताल में ले गए जहां जच्चा और बच्चा की मौत हो गयी।
> **- डॉ. पवन जायसी** - चिकित्सा अधीक्षक, आसफपुर।

मृतका के पति सियाराम ने स्टाफ नर्स को आरोपी बनाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन



डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव



डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


## कस्बे में निकली बाबा खाटू श्याम की रथयात्रा



**वजीरगंज।** नगर में बाबा खाटू श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में बाबा खाटू श्याम और महाकाल की रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा रामलीला मैदान स्थित बालाजी मंदिर से शुरू हुई। बाबा श्याम की रथयात्रा एवं महाकाल की शाही सवारी को विधायक पुत्र विश्वजीत गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर भ्रमण के दौरान लोगों ने रथ यात्रा पर पुष्प वर्षा की। उससे पूर्व बाबा खाटू श्याम और महाकाल की आरती की गई। कानपुर से आई कोमल तिवारी ने बाबा श्याम के भजनों पर भक्तों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। वहीं, भजन गायक शिवम शर्मा, दिल्ली से आए मनमोहन शाही, विकास शर्मा आदि ने रात भर बाबा का गुणगान किया। इस दौरान उनके द्वारा फूलों की होली भी खेली गई। इस मौके पर निखिल वार्ष्णेय, रोविन, यश, विष्णु, अंकित, गौरव, रजनीश, शैलेश, रचित, मोहित, गगन आदि मौजूद रहे।

## 500 सौ साल बाद श्रीराम का विग्रह मंदिर में स्थापित



**बदायूं।** पांच सौ सालों तक तिरपाल के नीचे दिन गुजारने के बाद श्री राम को भव्य मंदिर मिला है। उनकी प्राण प्रतिष्ठा की धूम देश के साथ विदेश में भी रही है। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि देश सालों तक गुलामी की जंजीरों में जकड़ा रहा। श्री राम को 500 वर्षों तक तिरपाल में दिन गुजारना पड़ रहे थे। लंबे इंतजार और संघर्ष के बाद उन्हें एक भव्य मंदिर में रहने का सुख प्राप्त हुआ। उनकी प्राण प्रतिष्ठा पर लोगों ने दीपावली उत्सव मनाया। कहा कि श्री राम का ही प्रताप है कि कोविड-19 महामारी फैलने के बाद में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। जो अगले पांच सालों के लिए बढ़ाया गया है। इसी कारण विकास के रफ्तार में तेजी मिली। उन्होंने कहा कि अगर अर्थव्यवस्था व वित्त की बात करें तो 2014 से पहले 10 वर्षों में मुद्रास्फीति आठ प्रतिशत से अधिक थी, जो पिछले दशक में यह पांच पर रह गई है। उद्योग की बात करें तो भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरे सबसे बड़ा निर्माता है। अब देश में खिलौनों का आयात करने की बजाय उनका निर्यात करना भी शुरू कर दिया है। इस तरह इन्होंने सरकार की अन्य उपलब्धियों का जिक्र किया।

## बंटी सागर अध्यक्ष तो अनूप बने महामंत्री



**बदायूं।** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में हिंदी साहित्य परिषद की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। महाविद्यालय की सभागार में संपन्न हुई कार्यकारिणी गठन समारोह में चुनाव अधिकारी डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने अध्यक्ष पद के लिए बीए पंचम सेमेस्टर के छात्र बंटी सागर को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया। महामंत्री पद पर मतदान हुआ जिसमें बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र अनूप सिंह यादव ने विजय प्राप्त की। विभागाध्यक्ष डॉ अंशु सत्यार्थी एवं डॉ प्रेमचंद चौधरी के निर्देशन में संपन्न हुए कार्यकारिणी निर्वाचन में उपाध्यक्ष के तीन पदों पर सचिन यादव, शगुन शर्मा एवं प्रीती यादव निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, संयुक्त मंत्री के भी तीन पदों पर निखिल सिंह चौहान, दुर्गा कुमारी एवं सतनाम राजपूत निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में स्वाति पाठक, योगिता यादव, नन्ही, शिवांगी पाठक एवं डाली कुमारी निर्वाचित हुए। प्राचार्य डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने शपथ दिलाई। डॉ. बबिता यादव, डॉ. सतीश सिंह यादव, डॉ. ज्योति विश्नोई, डॉ. हुकुम सिंह आदि का सहयोग रहा।

## धनुपुरा के लोगों ने नशे को छोड़ने का लिया संकल्प



**बदायूं।** विकासखंड कादरचौक क्षेत्र के गांव ग्राम धनुपुरा में डीएम मनोज कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति और खराब आदतों से बचने की शपथ दिलाई। महिलाओं ने पुरुषों को नशा छुड़ाने के लिए शपथ ली। इस दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने गांव में मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में हवन पूजन किया। डीएम ने कहा कि ग्रामीण लोग खराब आदतों को छोड़कर अच्छे कार्य अपनाएं। प्रशासन आपकी भरपूर मदद करेगा। कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्रों को लाभान्वित किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि गांव को एक सकारात्मक सोच के साथ कुरीतियां को छोड़कर आगे बढ़ाना है। गांव को इसी दृढ़ संकल्प के साथ आगे ले जाना है। इस अवसर पर सीओ उझानी शक्ति सिंह व खंड विकास अधिकारी सहित अन्य रहे।

## भक्तों ने बाबा पर चोला चढ़ाकर किया पाठ



**बिल्सी।** नगर के तहसील मोड़ स्थित श्री शिव शक्ति मंदिर पर शनिवार को नगर की श्री बालाजी भक्त मंडली के पदाधिकारियों द्वारा बालाजी महाराज का भव्य श्रृंगार कर विशेष चोला चढ़ाया गया। आरती के अलावा यहां हनुमान चालीसा का पाठ और अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस मौके पर उदयराज कोहली, सौरभ देवल, निशान्त देवल, जितेन्द्र शर्मा, रितिक, ऋषभ, प्रांजल देवल, मंयक माहेश्वरी आदि मौजूद रहे। इधर, नगर के शिव शक्ति भवन मंदिर एवं गुधनी खौसांरा स्थित श्री बालाजी मंदिर पर भी भक्तों द्वारा बाबा पर चोला चढ़ाकर पूजा-अर्चनी की। इन कार्यक्रमों में प्रसाद का वितरण भी किया गया।

खबरें पेज आठ पर भी...

# ठगी के तरीके से दहशत में परिवार, बेटे को घर बुलाया

## आरएसएस के नगर संघचालक राकेश पाराशर व उनका परिवार बेटे की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** इकलौते बेटे का फर्जी अपहरण होने की बात से पूरा परिवार दहशत में है। 18 लाख रुपये ठगे जाने बाद कारोबारी राकेश पाराशर ने दिल्ली में रहकर न्यायिक परीक्षा की तैयारी कर रहे बेटे विशाल को घर बुला लिया है। भले ही अपहरण का मामला फर्जी था लेकिन जिस तरह से साइबर ठगों ने रकम ठगने के लिए प्लानिंग की थी, उससे राकेश और उनके परिवार वाले बेटे की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

डर की वजह से राकेश पाराशर ने बेटे को दिल्ली से घर बुला लिया। राकेश का कहना है कि उनका बेटा सकुशल है। इधर, साइबर सेल टीम ने जिन खातों में राकेश पाराशर ने 18 लाख की रकम छह बार में ऑनलाइन ट्रांसफर की थी, उन खातों की जांच पड़ताल शुरू कर दी है ताकि खातों से कहां रकम निकाली गई, उसके बारे में जानकारी जुटाई जा सके। हालांकि शुक्रवार को ही पुलिस और साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत कर दी थी।



पीड़ित राकेश पाराशर।

> मुकदमा दर्ज कर जांच साइबर सेल को दी गई है। पुलिस साइबर विशेषज्ञों के माध्यम से ठगों की खोजबीन में जुट गई है। साइबर सेल ने जांच शुरू की है। ठगों की तलाश की जा रही है।
> – **यतींद्र प्रताप सिंह**, कोतवाली प्रभारी

## पुलिस पर भारी पड़ रहे साइबर ठग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले में साइबर ठग पुलिस पर भारी पड़ रहे हैं। जालसाज नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठग रहे हैं। मगर पुलिस घटनाओं का खुलासा नहीं कर पा रही है। इसकी वजह से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। साइबर क्राइम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इन अपराधियों को पकड़ने में पुलिस के रुचि न लेने से तमाम लोग तो एफआईआर तक नहीं कराते हैं। हालांकि कुछ मामलों में साइबर सेल के माध्यम से लोगों से ठगी गई रकम वापस दिलाई गई है। साइबर ठगी के तमाम मामले लंबे समय से जांच के मामले में दबे हुए हैं। पीड़ित न्याय की राह देख रहे हैं।

▸▸ **जालसाज एक-एक करके लोगों को बना रहे निशाना, पुलिस नहीं कर पा रही घटनाओं का खुलासा**

**केस 1** एक मई 2023 को साइबर ठगों ने अधिवक्ता गांधी नगर निवासी कमल सक्सेना के खाते से 12.5 हजार रुपये उड़ा दिए। उन्हें इसकी जानकारी तब हुई जब उनके मोबाइल पर बैंक खाते से रुपये निकलने का मैसेज पहुंचा। कमल सक्सेना का खाता केनरा बैंक में है। उन्होंने साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 पर घटना की शिकायत दर्ज करा दी थी। बैंक के शाखा प्रबंधक को भी इस बारे में बताया था।

> किसी प्रलोभन में न आएं। प्रलोभन देने वाला साइबर ठग हो सकता है। साइबर क्राइम को रोकने के लिए साइबर सेल सक्रिय है। –**जितेंद्र दुबे**, एएसपी

**केस 2** बीते मंगलवार को सेंट जोसेफ स्कूल के छात्र के परिजनों को ठगों ने कॉल करके खुद को पुलिस कर्मी बताया। कहा कि तुम्हारा बेटा हमारे पास है। 20 हजार रुपये दो तभी छोड़ेंगे। इसके बाद फोन काट दिया। बच्चे के पिता ने तत्काल कोतवाली पहुंचकर मामले की जानकारी दी। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने कॉल करने मोबाइल की लोकेशन देखी तो झारखंड में पाई गई।

**केस 3** पटियाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डेंटिस्ट डॉ. पल्लवी दास से साइबर ठगों ने रुपये ऐंठ लिए। जालसालों ने ऑनलाइन शॉपिंग में 50 प्रतिशत की छूट का लालच देकर प्रोडक्ट खरीदने के नाम पर अपने बैंक खाते में 17000 रुपये डलवा लिए थे। पीड़ित डॉ. पल्लवी दास ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत कराई थी।

# डिबाई की पूर्व विधायक ने डीजीपी से की बात, पुलिस पर पक्षपात का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ **भाजपा नेताओं में हुए विवाद में फायरिंग के आरोप में पूर्व विधायक पर दर्ज हुई है रिपोर्ट**

▸▸ **पूर्व विधायक की तहरीर पर अभी तक दूसरे पक्ष पर फायरिंग के आरोप में दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट**

▸▸ **पुलिस महानिदेशक ने जांचकर न्याय संगत कार्रवाई का दिया भरोसा**

**अमृत विचार :** कासगंज में भाजपा नेताओं के बीच हुए विवाद में एक दूसरे पर फायरिंग करने का आरोप लगाने के मामले में पूर्व विधायक अनीता लोधी के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है लेकिन इनकी तहरीर पर पुलिस ने भाजपा के ही दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इस वजह से मामला तूल पकड़ रहा है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराने के बाद शनिवार को दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए डीजीपी से फोन पर बात की। उन्होंने कासगंज पुलिस पर एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए मनमानी करने का आरोप लगाया। डीजीपी ने उन्हें न्यायसंगत कार्रवाई का भरोसा दिया है। पूर्व विधायक का कहना है कि इस मामले में मुख्यमंत्री से मिलकर कार्रवाई कराएंगी। अनीता लोधी का आरोप है कि उन्होंने अखिलेश प्रताप से पहले पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने उनकी तहरीर पर कोई संज्ञान नहीं लिया। इसको लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया है। शनिवार को उन्होंने इस मामले में डीजीपी को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। उनका कहना है कि कासगंज पुलिस मनमानी कर रही है। दरअसल, डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी बीते गुरुवार को कासगंज के अमापुर चांडी रोड स्थित रवि गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने आई थीं। आरोप है कि यहां उनके काफिले पर भाजपा के ही कुछ लोगों ने फायरिंग की, जिससे वह बाल-बाल बच गईं। उधर, सांसद के समर्थक अखिलेश प्रताप सिंह का आरोप है कि वह गेस्ट हाउस में पार्टी का कार्यक्रम देखकर रुके थे। तभी पूर्व विधायक अनीता लोधी ने समर्थकों के साथ उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

> मैं पार्टी हाईकमान के निर्देश पर एटा लोकसभा क्षेत्र से तैयारी कर रही हूं। पुलिस ने मेरे पक्ष को नहीं सुना। इस मामले की मैंने डीजीपी से शिकायत की है। उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिया है। हर हाल में मुझे न्याय चाहिए। –**अनीता लोधी**, पूर्व विधायक

> हमने मामले की जांच शुरू करा दी है, जो भी सच्चाई होगी उस पर कार्रवाई की जाएगी। बहुत ज्यादा हम कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं।
> –**जितेन्द्र दुबे**, एएसपी

# सफाई कर्मचारी संघ की सभी उप शाखाएं भंग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह ने कासगंज शाखा की सभी उपशाखाएं भंग कर दी हैं। उन्होंने बताया कि उप-शाखाएं भंग करने के बाद ब्लॉक कासगंज का सूबेदार सिंह, सोरों भोजराज सिंह, अमांपुर श्याम बाबू, सहावर भंवरपाल सिंह, सिढपुरा रवि कुमार, पटियाली सुशील कुमार और गंजडुंडवारा ब्लॉक में रामौतार सिंह को संयोजक बनाया गया है।

चुनावी प्रक्रिया संयोजक पूरी कराएंगे। चुनाव में सिर्फ संगठन के सदस्य प्रतिभाग करेंगे। जिस सफाई कर्मचारी ने संगठन की सदस्यता ग्रहण नहीं की उसे चुनाव लड़ने और मतदान करने का अधिकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के चुनाव लड़ने पर संगठन ने रोक लगाई है। अनुशासन हीनता करने वाले प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर दिया जाएगा। छह फरवरी तक सभी ब्लॉक संयोजक सदस्यता अभियान चलाएंगे। जो सफाई कर्मचारी संघ की उप-शाखाओं के चुनाव में प्रतिभाग करना चाहते हैं वे आवश्यक रूप से सदस्यता ग्रहण कर लें। इसके बाद किसी को सदस्यता प्रदान नहीं की जाएंगी।

# एंबुलेंस कर्मियों ने मरीज ले जाने को मांगे रुपये

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की 108 व 102 एंबुलेंस में तैनात कर्मचारी घूसखोरी पर उतर आए हैं। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के बदले सुविधा शुल्क मांग रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र से रेफर किए गए मरीज को जिला अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस पर तैनात कर्मचारियों ने 500 रुपये मांगे। तीमारदारों के मना करने पर मरीज को रास्ते में उतारने की धमकी दी गई। इस मामले में शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई है।

अमांपुर इलाके की रहने वाले सुभाष की पत्नी गर्भवती है। शुक्रवार को वह पत्नी को लेकर अमांपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इससे परिजन उसे सरकारी एंबुलेंस में जिला अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते एंबुलेंस कर्मियों ने 500 रुपये मांगे। महिला मरीज के साथ गांव की आशा कार्यकर्ता मीना भी थीं। उन्होंने एंबुलेंस सेवा निशुल्क बताकर रुपये देने से मना किया। इस पर मरीज को रास्ते में उतारने की धमकी दी गई। आशा कार्यकर्ता ने इसकी शिकायत जिला प्रभारी सुनील गंगवार से की गई। वह भी इसका कोई जवाब नहीं दे पाए। फिर अमांपुर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी से फोन पर शिकायत की। महिला के पति सुभाष ने भी अधिकारियों से शिकायत की है।



एंबुलेंस कर्मियों पर आरोप लगाते महिला मरीज के परिजन। ● अमृत विचार

▸▸ **रुपये देने को मना करने पर दी गई मरीज को रास्ते में उतारने की धमकी**

▸▸ **शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रहे अधिकारी**

### किसान यूनियन ने दी आंदोलन की चेतावनी

भारतीय किसान यूनियन स्वराज के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा का दावा है एंबुलेंस संस्था जनपद में ही नहीं पूरे प्रदेश में बड़ा घोटाला कर रही है। उनका कहना है कि इस मामले की जांच उच्च अधिकारियों से की गई है। जरूरत पड़ने पर आंदोलन भी करेंगे।

> यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। कोई शिकायत मिलेगी तो जांच कराई जाएगी। यदि किसी ने सुविधा शुल्क मांगा है तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
> – **डा. राजीव कुमार अग्रवाल**, सीएमओ

# पीड़ितों की समस्याओं का एक सप्ताह में हो समाधान



सहावर तहसील में शिकायतें सुनतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक व एसडीएम पीएन सिंह।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ **सहावर तहसील में एसपी और एसडीएम ने सुनीं शिकायतें**

**अमृत विचार :** जिले की तीनों तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सहावर तहसील में शिकायतें सुनीं। उन्होंने निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह में कर दिया जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद, अवैध कब्जा, चकरोड, आपसी विवाद, उत्पीड़न, मारपीट, पैमायश कराने, दिव्यांग पेंशन एवं बिजली के मामलों की पहुंचीं। सहावर में 20 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। इस दौरान सीएमओ राजीव अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, डीएफओ संजय सिंह, समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार पांडेय, तहसीलदार मनोज चौधरी आदि मौजूद रहे। सदर तहसील में एडीएम डा. वैभव शर्मा एवं एएसपी जितेंद्र दुबे ने शिकायतें सुनीं। एडीएम ने अधिकारियों से कहा कि पीड़ितों से कार्यालयों के चक्कर न लगवाए। सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ पात्रों तक अवश्य पहुंचना चाहिए। इस कार्य में लापरवाही न बरती जाए। यहां 39 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। जिनका एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। पटियाली तहसील सभागार में एसडीएम कुलदीप सिंह एवं सीओ विजय कुमार राणा ने जनता की समस्याओं व शिकायतों को सुना गया। यहां कुल 27 प्रार्थना प्रस्तुत किए गए। जिनमें से पांच को मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# विवाद के चलते एक परिवार के दो पक्ष भिड़े, फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ **एक पक्ष के दो आरोपी गिरफ्तार देर शाम शहर के अशोकनगर में हुई घटना**

**अमृत विचार:** शहर के अशोक नगर इलाके में शुक्रवार देर शाम जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार के दो पक्ष भिड़ गए। इस दौरान फायरिंग भी की गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो दोनों पक्षों के लोग भाग गए।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला कॉलोनी निवासी मेघ सिंह की 21 बीघा जमीन अशोकनगर रेलवे फाटक के समीप है। जहां उन्होंने आटा चक्की लगा रखी है। मेघ सिंह का आरोप है कि उनकी जमीन पर उनके ताऊ की बेटी अपना हक जमाती है। उसकी शादी एटा के गढ़वाला में हुई है।

शुक्रवार शाम एटा से वीरेंद्र व उसके साथियों समेत बोलेरो और बाइक पर सवार होकर 10 लोग आए। उन्होंने मेघ सिंह की जमीन की वीडियो बनाई। मेघसिंह के मना करने पर उनके व उनके बेटे अनिल पर फायरिंग की गई। दूसरे पक्ष ने भी फायरिंग का आरोप लगाया है। इधर, फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंचे तो दोनों पक्षों के लोग मौके से भाग गए। आसपास के लोगों का कहना है कि दो फायर हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद अंबिकापुरी कॉलोनी निवासी भूपेंद्र व गांव फतेहपुर निवासी मोहनलाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों के कब्जे से तमंचा व कारतूस हुए हैं। कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार राघव ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लिखा पढ़ी के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया है।

> जमीनी विवाद को लेकर फायरिंग होने की जानकारी मिली। पुलिस मौके पर गई थी। मामले की जांच की जा रही है। –**अजीत चौहान**, सीओ सिटी

### न्यायालय में चल रहा मामला

मेघसिंह के अनुसार उनकी जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जब तक न्यायालय से कोई फैसला नहीं आ जाता तब तक उस पर किसी का कोई हक नहीं है। इसलिए आरोपियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# अलग-अलग तीन सड़क हादसों में कई लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** स जिले में तीन अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में कई लोग घायल हो गए।

सहावर थाना क्षेत्र के गांव बहटा निवासी मंसूर अली का 5 वर्षीय पुत्र अर्श सड़क पार कर रहा था। तभी उधर से गुजर रहे पुलिस वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। पुलिस ने बालक को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया है। वहीं, थाना ढोलना क्षेत्र के नदरई पुल के समीप ट्रैक्टर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार सुभाष निवासी नगला भंडारी घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार शाम कचहरी के समीप कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार एडवोकेट ललित मिश्रा व 27 वर्षीय युवक अपराजित निवासी केबी कुंज कासगंज घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भाजपा को प्रमुख पार्टी बनाने में आडवाणी का बड़ा योगदान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ **मोदी सरकार के भारत रत्न देने के निर्णय पर भाजपाइयों ने जताई खुशी**

**अमृत विचार :** पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को मोदी सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। सरकार के इस निर्णय से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि लालकृष्ण आडवाणी ने देश की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई है। सामाजिक क्षेत्रों में भी बड़े स्तर पर कार्य किया। राम मंदिर निर्माण के लिए उन्होंने रथ यात्रा निकाली थी। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किए जाने के निर्णय से भाजपा कार्यकर्ता गर्व महसूस कर रहे हैं।



अटल बिहारी बाजपेयी सरकार में लालकृष्ण आडवाणी उप प्रधानमंत्री रहे। देश की राजनीति में भाजपा को प्रमुख पार्टी बनाने में उनका बड़ा योगदान रहा है।
– **कौशल साहू**, जिला उपाध्यक्ष भाजपा



लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करने के निर्णय से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। उनकी पवित्रता और समर्पण इस सम्मान के योग्य है।
–**नीरज शर्मा**, जिला महामंत्री भाजपा



लालकृष्ण आडवाणी ने वर्ष 2002 से 2004 तक देश के सातवें उप प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। उप प्रधानमंत्री को सरकार भारत रत्न से सम्मानित करेगी यह गर्व का विषय है। – **डा. मिथलेश राना**, पूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा



लालकृष्ण आडवाणी भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य हैं। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किए जाने के सरकार के निर्णय से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है।
–**केपी सिंह**, भाजपा नेता

## कामिल-फाजिल की परीक्षाएं 13 से

**कासगंज।** यूपी मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी-सेकेंड्री फारसी एवं अरबी, आलिम-सीनियर सेकेण्ड्री फारसी एवं अरबी, कामिल एवं फाजिल की परीक्षाएं 13 फरवरी से होंगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शालिनी रंजन ने बताया कि प्रथम पाली सुबह 8 से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो से पांच बजे के मध्य सम्पन्न होगी। परीक्षाकार्यक्रम विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।


## एसआरएमएस मेडिकल कालेज में इलाज करा कर हजारों पीड़ितों ने कैंसर को दी मात

# कैंसर से घबराएं नहीं, यह अब लाइलाज नहीं

## राम मूर्ति मेडिकल कालेज का आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट कर रहा मरीजों का सफल इलाज

**बरेली:** कैंसर का नाम ही इसकी भयावहता को बताने के लिए काफी है। कैंसर पीड़ित होने की जानकारी पर मरीज बीमारी से लड़ने की हिम्मत हार जाते हैं। यही हाल घरवालों का भी होता है। हालांकि कुछ लोग इस बीमारी से लड़ते हैं और जीतते भी हैं। मुस्कुराकर फिर अपनी स्वस्थ जिंदगी गुजारते हैं, जैसे कभी कुछ हुआ ही न हो। कैंसर से लड़कर जीतने वाले ऐसे ही कुछ योद्धाओं से आज आपकी मुलाकात कराते हैं। ये कोई सेलिब्रिटी नहीं, जो विदेश गए हों और महंगा इलाज करा कर स्वस्थ हुए हों। यह आपके आसपास के ही आम लोग हैं। जिन्होंने बरेली में ही रहकर एसआरएमएस इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर में इलाज कराया और जानलेवा समझी जाने वाली बीमारी कैंसर को मात दी। 2007 में स्थापित होने के बाद यह कैंसर इंस्टीट्यूट 35 हजार से अधिक कैंसर पीड़ितों को इलाज दे चुका है। यह सेंटर रुहेलखंड रीजन और आसपास के इलाके का एक बड़ा सेंटर बन चुका है। जहां उत्तराखंड, नेपाल तक से मरीज अपना इलाज कराने आते हैं।

- 2007 से आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट में हैं विश्वस्तरीय सुविधाएं और कैंसर विशेषज्ञों की टीम उपलब्ध
- कैंसर महामारी नहीं, जागरूकता की कमी से लोग आ रहे इसकी चपेट में
- शुरुआती चरणों में पूरी तरह से इस भयानक बीमारी पर काबू करना संभव
- शरीर में कहीं भी, किसी भी अनियंत्रित गांठ की अनदेखी बन सकती है जानलेवा
- कुशल डाक्टरों की देखरेख में इलाज और हिम्मत से कैंसर पर काबू पाना आसान

SRMS आर.आर. कैंसर इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर, बरेली

WORLD CANCER DAY 4 FEBRUARY विश्व कैंसर दिवस

**17 वर्ष** (2007-2024)
विश्वस्तरीय कैंसर चिकित्सा में समर्पित उ.प्र. एवं उत्तराखंड का एक अग्रणी संस्थान

### कैंसर से डरें नहीं, बस जागरूक रहें

कैंसर लाइलाज नहीं, बस जागरूकता की कमी से लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। शुरुआती चरणों में पूरी तरह से इस भयानक बीमारी पर काबू करना संभव है। लेकिन इसकी जांच के लिए बायोप्सी कराने से डरना, रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी को लेकर गलत धारणाओं से लोग इसके इलाज से बचते हैं। इस लापरवाही से यह बीमारी अंतिम चरण में पहुंच कर लाइलाज हो जाती है। यदि समय से जांच और इलाज कराया जाए। तो इसे प्रारंभिक अवस्था में ही पकड़ा जा सकता है और इसका पूर्ण इलाज संभव है। एसआरएमएस मेडिकल कालेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट में आरंभिक चरण में ही सभी प्रकार के कैंसर की पहचान और इसका संभव है। हजारों मरीज यहां से स्वस्थ होकर सामान्य और कैंसर से बेखौफ जीवन बिता रहे हैं। –**डा.पियूष कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर**
आर.आर. कैंसर इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर, बरेली

### आपरेशन कर निकाली कैंसर की गांठ



रामपुर के स्वार निवासी फारुख खान की पत्नी आयशा खान के कंधे पर गांठ थी। आयशा को इलाज के लिए वर्ष 2015 में राममूर्ति अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान कैंसर की जानकारी मिली। आपरेशन कर गांठ निकाली गई। इसके बाद दो महीने रेडियोथैरेपी हुई। कैंसर से निजात पाकर आयशा पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य जीवन जी रही हैं। आयशा कैंसर से न घबराने की सलाह देती हैं।

### आपरेशन से प्रोस्टेट कैंसर से मुक्ति



शाहजहांपुर के कांट निवासी अवधेश कुमार को वर्ष 2017 में पेशाब करने में दिक्कत हुई। इलाज के लिए राममूर्ति अस्पताल पहुंचे। जहां प्रोस्टेट कैंसर की जानकारी मिली। प्रोस्टेट का आपरेशन हुआ। दो महीने रेडियोथैरेपी के बाद अवधेश ने कैंसर को मात दे दी। आज अवधेश पहले की तरह सामान्य दिनचर्या के साथ जीवन यापन कर रहे हैं और इसका श्रेय राममूर्ति अस्पताल को देते हैं।

### गले के कैंसर का सफल इलाज



चंपावत निवासी महा सिंह को वर्ष 2015 गले में दिक्कत हुई। हल्द्वानी में इलाज करवाया। काफी दिन इलाज के बाद भी कोई फायदा न होने पर घरवाले उन्हें लेकर राममूर्ति अस्पताल पहुंचे। यहां उन्हें कैंसर की जानकारी मिली। डा.पियूष अग्रवाल ने उनका इलाज शुरू किया। कुछ ही महीनों में स्वस्थ महा सिंह आज सामान्य दिनचर्या से जीवन जी रहे हैं और इसका श्रेय राममूर्ति अस्पताल के डॉक्टरों को देते हैं।

### कैंसर से थी खाने में दिक्कत



बदायूं निवासी महेश चंद्र को वर्ष 2014 में गले में तकलीफ थी। खाना निगलना मुश्किल था। स्थानीय इलाज से कोई फायदा न होने पर वह राममूर्ति अस्पताल के ईएनटी विभाग में पहुंचे। डा.रोहित शर्मा ने बायोप्सी की, जिसमें कैंसर की पुष्टि हुई। इसके बाद यहीं कैंसर का इलाज शुरू हुआ। दो महीने में आठ कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी हुई। कैंसर को मात देने के बाद महेश पूरी तरह स्वस्थ हैं।

**श्री राम मूर्ति स्मारक अस्पताल, भोजीपुरा, बरेली ✆ 9458705555**

advt

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बे-औलाद
शुक्राणुओ
की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोड़ों का दर्द



GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा. शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा. शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitsak Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षो का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

# जिले में 16 सेक्टर बने मजिस्ट्रेट हुए नियुक्त

**यूपी बोर्ड**

- लिखित परीक्षा की तैयारी तेज, लगाई जा रही कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी
- जिले के 143 विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू नौ फरवरी तक चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में प्रशासन और शिक्षा विभाग जुटा हुआ है। बोर्ड की परीक्षा से पहले प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू हो गई है। जिले के 143 विद्यालयों में परीक्षाएं शुरू कराई गई है। निगरानी के लिए मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट केंद्रों पर नजर रखेंगे

प्रयोगात्मक परीक्षाएं नौ फरवरी तक होंगी। विषय के हिसाब से परीक्षक नियुक्त किए जाने के बाद विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं विषय के शिक्षक संपर्क साधने में जुटे रहे। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए जिले को 16 सेक्टरों में बांटा गया है। साथ ही जिला व तहसील मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। संबंधित अधिकारी परीक्षा के दौरान अपने सेक्टर के विद्यालयों पर नजर रखेंगे। परीक्षा के दौरान मोबाइल, पेजर आदि प्रतिबंधित रहेगा। विद्यालय के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भी रोक रहेगी।

**एक कक्ष में बैठेंगे 24 परीक्षार्थी :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के दौरान एक कक्ष में 24 परीक्षार्थी बैठाए जाएंगे। परीक्षार्थियों पर नजर रखने के लिए 2 कक्ष निरीक्षक तैनात होंगे, जिनमें एक बाहरी रहेगा। परीक्षा वाले विषय से संबंधित शिक्षक की ड्यूटी बतौर कक्ष निरीक्षक नहीं लगेगी। जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए 67 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 41 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। केंद्र व्यवस्थापक सभी कक्ष निरीक्षक अपने विद्यालय के तैनात नहीं कर सकेंगे।

अन्य स्कूलों के कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा केंद्र पर भेजा जाएगा। कमरा बड़ा होने की स्थिति में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने पर कक्ष निरीक्षकों की संख्या भी बढ़ जाएगी। तीन कक्ष निरीक्षक होने पर दो बाहर के होंगे।

> यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं चल रही है। लिखित परीक्षाओं की तैयारी पूरी है। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही हैं। शासन के निर्देशानुसार परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।
>
> **-पीके मौर्य**, डीआईओएस

# चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं सभी कार्यकर्ता



मोहनपुर मंडल में आयोजित बैठक में कार्यकर्ता व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत शनिवार को मोहनपुर मंडल में बैठक हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि मंडल के सभी बूथों में 4 से 11 फरवरी तक कार्यकर्ताओं को 24 घंटे प्रवास के माध्यम से ग्रामीणों से संपर्क करना है। सैकड़ों वर्ष प्रयास के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से पूरा देश राममय है। कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक देश को विकसित बनाने के सपने को साकार करने के लिए पूरी कर्मठता से सहयोग करें। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष धर्मवीर सिंह सोलंकी ने की बैठक में कृष्णा राजपूत, संतोष सिंह राघव, डॉ संजय शर्मा, गोपाल राजपूत, सुरेंद्र शाक्य, डॉ सोवरन सिंह सोलंकी, श्यामवीर सिंह, राधेश्याम वर्मा, अरुण सोलंकी मौजूद रहे।

# सपा प्रत्याशी का कासगंज पहुंचने पर किया स्वागत



रोड शो निकालते सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य। ● अमृत विचार

- एटा से कासगंज तक रोड शो निकालकर विरोधी दलों को कराया ताकत का अहसास

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** एटा लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी शनिवार को पहली बार कासगंज पहुंचे।उन्होंने एटा से कासगंज तक रोड शो निकालकर विरोधियों को अपनी ताकत का अहसास कराया। इस दौरान जगह-जगह उनका स्वागत किया गया।

सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य के जनपद प्रवेश करने पर गांव नदरई में सपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इसके बाद सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव व पूर्व नगर अध्यक्ष चाहत मियां के आवास पर उनका स्वागत किया गया। सोरों में भी सपा कार्यकर्ताओं ने देवेश शाक्य का स्वागत किया।

इस दौरान देवेश शाक्य ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा की योजनाओं से आम लोग परेशान है। हम लोग बेरोजगारी, शिक्षा, चिकित्सा और खासतौर पर महंगाई के मुद्दे को लेकर चुनाव मैदान में आए हैं। समाजवादी पार्टी यूपी में सभी 80 सीटें जीतने का इस बार काम करेगी। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री मानपाल सिंह, पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह सोलंकी, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष विक्रम यादव, जिला सचिव लक्ष्मण सिंह, मनोज यादव, चौधरी रवि यादव, फैजान चाहत, आफाक अहमद, पूर्व प्रधान मनोज यादव, डा. मनोज यादव, देव प्रकाश लोधी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अविनाश लोधी, राकेश अग्रवाल, पुष्पेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

**एटा :** शनिवार दोपहर करीब 12 बजे देवेश शाक्य ने एटा में जीटी रोड स्थित आसपुर टोल प्लाजा पहुंचे। जहां से रोड शो शुरू किया गया। इस दौरान सपा के कई नेता मौजूद रहे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरुष तंदरुस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामबाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्यायें
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# जिम्मेदार कर रहे मनमानी... शहर के सार्वजनिक शौचालयों में लगवाए ताले

## शहर में 8 सामुदायिक व 14 सार्वजनिक शौचालयों का कराया गया है निर्माण

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ने शहर में कई स्थानों पर सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालय बनाए हैं, जिनमें ताले लटके हैं। इसकी वजह से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका क्षेत्र में 8 सामुदायिक और 14 सार्वजनिक शौचालय हैं। इन सभी में ताले लटके रहते हैं। इसकी वजह से लोगों को शौच व लघुशंका के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।


सीन 1
अलीगंज मार्ग स्थित सामुदायिक शौचालय में लगा ताला।

शहर के अलीगंज मार्ग स्थित जिला उद्यान विभाग के समीप सामुदायिक शौचालय है। नगर पालिका ने इसका निर्माण करीब दो साल पहले कराया था। मगर अभी तक इसे खुलवाया नहीं गया है। इससे लोग परेशानी हो रहे हैं।



सीन 2
कचहरी रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय में लटका ताला।

शहर के कचहरी रोड पर मुख्य डाकघर के समीप सार्वजनिक शौचालय बना है, जिसमें हर समय ताला लटका रहता है। जबकि इधर से होकर लोग कचहरी, एसएसपी कार्यालय व मुख्य डाकघर और बैंक के लिए आते जाते हैं।

नगर पालिका द्वारा बनाए गए सार्वजनिक शौचालय कई सालों से बंद पड़े हैं। निर्माण के बाद से ही इनमें ताले डाल दिए गए। जिसकी वजह से लोग इसका इस्तेमाल नहीं हो रहा है।
–मंजीत यादव, अलीगंज मार्ग



नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग कचहरी रोड पर बने सार्वजनिक शौचालय में हमेशा ताले लटके रहते हैं। इसकी वजह से लोगों को खुले में लघुशंका के लिए जाना पड़ता है।
–विपिन कुमार, आनंदपुरी



शहर में बने सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों में ताले लगे हैं इसकी जानकारी नहीं है। कर्मचारियों को निर्देशित किया जाएगा कि सभी शौचालयों को खुलवाया जाए।
–रामनयन, प्रभारी ईओ, नगर पालिका परिषद एटा

# लापता युवक का शव कुएं में मिला, हत्या की आशंका

संवाददाता एटा

- 11 जनवरी को ढाबा मैनेजर के काम से हटाने के बाद घर नहीं लौटा था सत्यपाल
- लापता होने के दिन से तलाश रहे थे परिवार वाले, मलावन थाने में दर्ज कराई थी गुमशुदगी

**अमृत विचार:** पिछले 23 दिनों से लापता युवक का शव शनिवार को कुएं में पड़ा मिला। परिवार वाले उसकी हत्या किए जाने की आशंका जता रहे हैं। वहीं, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।


मृतक सत्यपाल।

थाना रिजोर क्षेत्र के इब्राहिमपुर नगरिया निवासी सत्यपाल (40) वहीं एक ढाबा पर काम करता था। भाई मनोज कुमार ने बताया कि 11 जनवरी को ढाबा के मैनेजर व सत्यपाल के बीच कुछ कहासुनी हो गई थी। इस पर ढाबा के मैनेजर ने सत्यपाल को काम से हटा दिया था। इसके बाद वह कहां गए कुछ नहीं पता।

मनोज ने बताया कि सत्यपाल शाम को घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई। ढाबा मैनेजर से बात की, लेकिन उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसी दिन से परिजन सत्यपाल को तलाश रहे थे। इस बीच सत्यपाल का कुछ पता नहीं चला। इससे मलावन थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज करा दी गई थी।

शनिवार सुबह गांव के लोगों ने शव कुएं में पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकालवाया। इसका पता लगने पर वीो पहुंचे परिजनों ने देखा तो शव सत्यपाल का निकला। इसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सत्यपाल 11 जनवरी से लापता था। इस दौरान वह कहां रहा। उसने सुसाइड किया या उसकी हत्या की गई है इसको लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।

# यूपी बालिका जूनियर कबड्डी टीम में छात्रा प्रतीक्षा चयनित

**जलेसर, अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एमए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रतीक्षा का यूपी जूनियर बालिका टीम में चयन हुआ है। उसके सम्मान में शनिवार को महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. विभा की अध्यक्षता में समारोह आयोजित किया गया।

प्राचार्य ने बताया कि हैदराबाद में होने वाली राष्ट्रीय बालिका जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप के लिए यूपी की टीम प्रतीक्षा चयन हुआ है। इससे अन्य खिलाड़ियों में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर खेलने की आशा जागृत होगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अधिक मेहनत करके प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस दौरान डॉ. विजय चौधरी, डॉ. विष्णुकांत, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. दीपांकर सिंह, डॉ. कविता शर्मा, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. रविंद्र सिंह, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. शालिनी यादव, डॉ. प्रेम सागर आदि मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर-बरेली के बीच फाइनल मैच आज

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** राजकीय कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी में जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए। इसमें पहला मैच एटा डीएफए व बरेली के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि बीपीएस फार्मा कॉलेज के चेयरमैन अशोक यादव, संजय यादव सचिव माउंट लिटेराजी पब्लिक स्कूल एवं डॉ. मनोज कुमार चिकित्सक राजकीय मेडिकल कॉलेज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच आरंभ कराया। मैच के सर्वश्रेष्ठ प्लेयर का पुरस्कार बरेली टीम के कार्तिक को प्रदान किया गया।

मैच की शुरुआत से ही एटा डीएफए और बरेली के मध्य कड़ा मुकाबला देखने को मिला। प्रथम हाफ तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। दूसरे हाफ में बरेली की टीम ने मैच समाप्ति से कुछ समय पूर्व एक गोल कर 1-0 से मैच जीत लिया। मैच जीतने के साथ ही बरेली की टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दूसरा सेमीफाइनल मैच अलीगढ़ व शाहजहांपुर के मध्य खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने संघर्ष पूर्ण खेल का प्रदर्शन किया। मैच के दौरान दोनों ही टीमें एक-दूसरे पर हावी रहीं। इस बीच एक समय में दोनों टीमों के खिलाड़ियों में टकराव हो गया, जिससे रेफरी के रेड कार्ड दिखाए जाने पर एक-एक खिलाड़ी को मैदान से बाहर कर दिया गया। फिर दोनों टीम में 10-10 खिलाड़ी रहे। आखिर तक दोनों टीमें 0-0 से बराबरी पर रहीं, जिससे मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंच गया। जहां शाहजहांपुर के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। गोलकीपर अभिषेक ने पेनल्टी रोके जाने पर 4-2 के मुकाबले मैच में विजय प्राप्त कर ली। इस तरह शाहजहांपुर की टीम फाइनल में पहुंच गई। इस मैच का प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अभिषेक को दिया गया। गया।

निर्णायक की भूमिका अविनाश, यस, मनोज द्वारा तथा स्कोरर की भूमिका सुभाष चौहान, राजीव वर्मा एवं कमेंटेटर की भूमिका सुमित उर्फ बॉबी ने निभाई। मैच से पहले संयोजक राजीव यादव, सह संयोजक अनूप दुबे ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मनित किया।


सेमी फाइनल मैच में डीएफए एटा व बरेली टीम के खिलाड़ी। • अमृत विचार

- सेमी फाइनल में एटा डीएफए-बरेली व अलीगढ़-शाहजहांपुर के बीच हुआ मैच
- स्टेडियम में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RISAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में
परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक

अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ!
हेल्पलाइन नं०
6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
• निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, • टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
• इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, • ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
• उच्चतम सफलता दर, • विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

## प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह राज्य पुरस्कार से सम्मानित

**जलेसर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कासगंज के प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया। इस पर शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है। हर्ष व्यक्त करने वालों में सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा, वीरेंद्र प्रताप सिंह, संतोष, जेपी सिंह, सत्य प्रकाश अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, वेद प्रकाश वार्ष्णेय, दिलीप वार्ष्णेय, सुधा गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, दानसाय, विनोद बघेल आदि रहे।

# किसानों को सब्जी के बीज मिलेंगे मुफ्त

**एटा, अमृत विचार :** शासन की ओर से किसानों को हर साल सब्जी के बीज निशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। इस बार भी शासन ने उद्यान विभाग को सब्जी के बीज उपलब्ध करा दिए हैं, जिन्हें किसानों में निशुल्क वितरित किया जाएगा। शासन की ओर सेगोभी, टमाटर, खीरा, लौकी आदि के बीज मुहैया कराए गए हैं। बीज पाने के लिए किसानों को पहले जिला उद्यान विभाग के कार्यालय में पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए किसानों के आधार कार्ड, फर्द, पासबुक, फोटो आदि दस्तावेज कार्यालय में जमा कराने होंगे। जिला उद्यान निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि किसानों को बीज वितरण करना शुरू कर दिया गया है।

# गांवों में जाकर योजनाओं की जानकारी दें कार्यकर्ता


बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी बघेल।

संवाददाता, जलेसर

- केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी बघेल ने जलेसर में बैठक के दौरान दिए निर्देश

**अमृत विचार :** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने शनिवार को जिले के जलेसर क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर तैयारियां आरंभ कर दें। उन्होंने कहा कि पार्टी के गांव-गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दें। उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करें।

मोहनपुर में सकरौली मंडल के कार्यकर्ताओं सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित बैठक में प्रो. बघेल ने कहा कि 12 फरवरी को एमजीएम इंटर कॉलेज में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण पहुंचें इसके लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता मजबूत हैं। इसलिए 2024 के चुनावों के लिए अभी से जुट जाएं। उन्होंने पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न का पुरस्कार दिए जाने पर हर्ष व्यक्त किया।

इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवेंद्र सिंह पम्मी ठाकुर, दिनेश बंसल, मनोज बजरंगी, नागेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र दिवाकर एडवोकेट, नरेश पाल सिंह, अमित गुप्ता, सत्येंद्र सिंह जादौन, वीरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैं Sumita Chandra D/o Suresh Chandra सुमिता चंद्रा पुत्री श्री सुरेश चंद्रा निवासी मकान नंबर 26 तिलक कॉलोनी, सुभाष नगर बरेली यूपी 243001, पहले मेरा नाम सुमिता था और यह मेरे दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में भी उल्लेखित है, मैं एतद्द्वारा घोषणा करती हूं मैंने अपना नाम सुमिता बदलकर सुमिता चंद्रा कर लिया है और मेरा सही और वास्तविक नाम सुमिता चंद्रा है, भविष्य के सभी दस्तावेजों के लिए पुराने नाम के स्थान पर नए नाम से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।
बिकाऊ है
एक मकान 100 वर्ग गज उत्तर मुखी पार्क फेसिंग उत्सव पार्ट सेकंड महानगर कॉलोनी बरेली & एक प्लाट 60 गज रामगंगानगर सेक्टर-4 में
वास्तविक खरीदार संपर्क करें
9675451445, 8937000222
आवश्यकता है
एक्सपोर्ट लाइन स्कूल ड्रेस के कारीगर की।
पता
मढ़ीनाथ रोड सनईया-सिठौरा बरेली
7817003402
7817003404
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# गोकशी के आरोपी मोनू के समर्थन में विहिप

कार्यालय मुरादाबाद

▸▸ जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन पुलिस से हुई नोकझोंक

**अमृत विचार:** गोकशी के आरोपी मोनू विश्नोई के समर्थन में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता शनिवार को सड़कों पर उतरे। उन्होंने आंबेडकर पार्क पर एकत्रित होकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। कोर्ट रोड पर चक्का जाम कर दिया। कार्यकर्ताओं की सीओ सिविल लाइंस व सिविल लाइंस थाना प्रभारी से तीखी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पुलिस की घेराबंदी को तोड़कर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचने की कोशिश की, लेकिन मंडलायुक्त कार्यालय से पहले ही कार्यकर्ताओं को रोककर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने ज्ञापन लिया। ज्ञापन में उन्होंने एसएसपी, एसपी ग्रामीण और एसएचओ छजलैट पर गंभीर आरोप लगाए।

दोपहर करीब 12 बजे विहिप कार्यकर्ता सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए। इस दौरान पुलिस ने पार्क के चारों ओर घेराबंदी कर ली। हालात बिगड़ने के डर से सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर और थाना प्रभारी रामप्रसाद शर्मा ने कार्यकर्ताओं से पार्क में शांतिपूर्ण धरना देने को कहा और पार्क के मुख्य दरवाजे को बंद कर पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया। लेकिन, कार्यकर्ता कोर्ट रोड पर आ गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने जब इन्हें कलेक्ट्रेट की ओर जाने से रोका, तब कार्यकर्ता कोर्ट रोड पर धरने पर बैठ नारेबाजी करने लगे। आरोप था कि मोनू विश्नोई को पुलिस ने आपसी रंजिश में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। हालात बिगड़ते देख एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस और कार्यकर्ताओं में नोकझोंक हुई। लेकिन, कार्यकर्ता घेराबंदी तोड़कर कलेक्ट्रेट पहुंचने की कोशिश में लगे रहे।


रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMCH BAREILLY Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.वी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल


# नमकीन वाले ने बरामदे में निकाली शापित पुली, फंसकर बच्ची की मौत

## शनिवार शाम बच्चों के साथ खेल रही थी नौ वर्षीया अमनी, तभी पुली की चपेट में आ गई

संवाददाता, खुटार



इसी शापित पुली में फंसने से हुई अमनी की मौत। ● अमृत विचार



रोती बिलखती मृतका की मां मीना देवी।

▸▸ पुली में लिपटने से कई चक्कर खाकर गिरी अमनी के सिर में आई थी गंभीर चोट

▸▸ एक वर्ष पहले पिता की भी हादसे में चली गई थी जान

> अभी तक इस मामले कोई तहरीर नहीं दी गई है। यदि परिवार वाले तहरीर देंगे तो मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – संजय कुमार, थानाध्यक्ष

**अमृत विचार:** नमकीन बनाने के लिए संचालक ने जिस कमरे में चक्की लगाई है, उस कमरे की दीवार से अपने ही मकान के बरामदे में शापित पुली भी निकाली है लेकिन उसे ढकने का कोई इंतजाम नहीं किया है। शनिवार को इसी शापित पुली से बड़ा हादसा हो गया। अन्य बच्चों के साथ नमकीन चक्की वाले के घर में खेल रही नौ वर्षीया अमनी शापित पुली की चपेट में आ गई। वह उसमें ऐसी फंसी कि कई चक्कर खाने के बाद निकली तो उसके सिर में गंभीर चोटें आ गईं। परिजन गंभीर हालत में उसे खुटार सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमनी की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।



मृतका अमनी।

घटना शनिवार शाम करीब 5:30 बजे की है। नगर के मोहल्ला नौगवां कोट निवासी अनिल राठौर की पत्नी मीना देवी ने बताया कि उसके घर के पड़ोस में रामदास ने अपने घर में नमकीन बनाने की चक्की लगाई है। घर चारों ओर से बंद है। दीवार के सहारे चक्की की शापित पुली रामदास ने अपने मकान के बरामदे में निकाली है। शनिवार की शाम उसके घर में नौ वर्षीया पुत्री अमनी पड़ोस के बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी खेलने के दौरान अमनी का कपड़ा पुली की चपेट में आ गया और वह उसमें लिपट गई। कई चक्कर खाकर गिरी। जिससे अमनी के सिर से खून बहने लगा। जानकारी होने पर उसके चाचा नंदू गंभीर हालत में उसे ई-रिक्शा से लेकर खुटार निजी अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देख बाहर ले जाने की सलाह दी। परिजन खुटार के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने अमनी को मृत घोषित कर दिया है। मीना देवी के मुताबिक उसके पति अनिल की एक साल पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। शनिवार शाम को उसकी बेटी अमनी की जान भी चली गई। उसका सबसे बड़ा पुत्र अनमोल, जिगर, राशि, नीलम है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भाजपा की नीतियों से महंगाई व बेरोजगारी बढ़ी



**बदायूं।** कांग्रेस की प्रांतीय आह्वान पर ब्लॉक स्तरीय जनसंवाद कार्यशाला इस्लामनगर ब्लॉक की न्याय पंचायत विक्रमपुर चरसौरा ब्लॉक आसफपुर की न्याय पंचायत दूनपुर, बिसौली के ग्राम पंचायत दौलतपुर, वजीरगंज के ग्राम भमोरी पर आयोजित की गयी। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को महंगाई की भट्टी में झोंक दिया है। जन संवाद कार्यशाला में जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह ने देश में बढ़ती महंगाई पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश के युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही है। देश के प्रत्येक परिवार को महंगाई की आग में झोंक दिया है। केंद्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से महंगाई कमर तोड़ रही है। इस तरह अन्य चीजों को लेकर सरकार को घेरा। बीजेपी ने किसानों की आमदनी दोगुनी करने का झांसा दिया था, समाज के पिछड़े, दलित, आदिवासी वर्गों को तरक्की का पर्याप्त अवसर नहीं दिया। जिला उपाध्यक्ष सोमेंद्र यादव, गौरव सिंह राठौर ने कहा की बीजेपी ने लोगों द्वारा चुनी गई झारखंड सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की। इस मौके पर जिला महासचिव इखलास हुसैन, कृष्णवीर मौर्या, संगठन मंत्री लोकपाल सिंह, सुधीर उपाध्याय आदि ने संबोधित किया।

## छुट्टा गोवंश फसलों को कर रहे नष्ट

**बदायूं।** खेतों में खड़ी फसल को गोवंश नष्ट कर रहे हैं। गोवंशों को गोशाला न भेजे जाने व इसे रोकने के लिए कार्रवाई न होने पर किसानों ने रोष जताया है। छुट्टा घूम रहे गोवंश को गोशाला में रखने के निर्देश दिए गए हैं। शासन स्तर से इस मामले में जिला प्रशासन को सख्त हिदायत भी दी गयी है फिर भी जिला प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। ककराला रोड स्थित सिमरिया के ग्रामीणों ने आवाज बुलंद की है। इसी तरह रसूलपुर के ग्रामीण रात भर फसलों की रखवाली खेतों पर ठहरकर करते हैं। विभाग को जानकारी देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे किसानों ने रोष जताया है।

# दो अपहरणकर्ता गिरफ्तार, बच्चा बरामद

**शेरकोट, अमृत विचार :** पुलिस ने नौ वर्षीय बच्चे का अपहरण करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। नगर के मोहल्ला खुराडा निवासी मोहम्मद आसिफ के नौ वर्षीय पुत्र अयान के गायब होने का मैसेज दो फरवरी को पुलिस को मिला। इस पर पुलिस आसिफ के घर पहुंची तथा मामले की जानकारी की। परिजनों ने बताया की शाम छह बजे अयान खेलने गया था। तभी से गायब है। पुलिस ने परिजनों के साथ आसपास क्षेत्र में बच्चे को तलाश किया। इस दौरान अयान मोहल्ला काजी सराय में खाली पड़े खंडहर में मिला। उसके हाथ-पैर बंधे थे तथा मुंह में कपड़ा ठूंस रखा था। पूछताछ में पता चला कि मोहल्ला खुराडा निवासी सुहेल व मोहल्ला नायक सराय निवासी अब्दुल्ला ने उसका अपहरण कर बंधक बना लिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें पैसों की जरुरत थी। इसीलिए अयान का अपहरण कर फिरौती वसूलने की योजना बनाई थी। अयान का अपहरण कर हाथ-पैर बांधकर खंडहर में डाल दिया। इसके बाद पैसे मांगने की योजना बनाई थी।

# दरोगा जितेंद्र पर एक और एफआईआर मिली 25.61 लाख की अवैध संपत्ति

कार्यालय, मुरादाबाद

▸▸ बागपत जिले के हिलवाड़ी गांव का रहने वाला है आरोपी दरोगा बरेली पुलिस लाइन में है तैनात

▸▸ अक्टूबर 2019 में मझोला थाने में तैनाती के दौरान घूस के रुपयों के साथ दबोचा गया था दरोगा

**अमृत विचार :** मझोला थाने में तैनात रहे दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर के पास आय से 40.32 प्रतिशत संपत्ति अवैध मिली है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन ब्यूरो) ने इस दरोगा के पास 25.61 लाख रुपये से अधिक अवैध संपत्ति होने की पुष्टि की है।

बताया जा रहा है कि मझोला थाने में अपनी तैनाती अवधि में दरोगा जितेंद्र बिना सुविधा शुल्क लिए कोई भी काम नहीं करता था। इसी के चलते इसे एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 25 अक्टूबर 2019 में 10,000 रुपये की घूस लेते धर दबोचा था। फिर इसके विरुद्ध शासन के निर्देश पर एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक ने आय से अधिक संपत्ति की जांच की और इस बीच में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की पुष्टि होने पर दरोगा के विरुद्ध मझोला थाने में शुक्रवार रात में एक और एफआईआर दर्ज कराई है। रिश्वतखोर दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर वर्तमान में बरेली पुलिस लाइन में तैनात है, जबकि वह बागपत जिले के थाना बड़ौत क्षेत्र के गांव हिलवाड़ी का रहने वाला है।

एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक ने मझोला थानाध्यक्ष को बताया है कि आय से अधिक संपत्ति की जांच में पता चला है कि आरोपी दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर पुत्र जगदीश सिंह ने निर्धारित अवधि में शुद्ध वेतन, बोनस, एरियर, बीमा पॉलिसी, ब्याज से हुई आय से ज्ञात आय के वैध स्रोतों से कुल 63,53,348 रुपये आय अर्जित की है। जबकि इसी अवधि में आरोपी ने चल-अचल संपत्ति, निवेश, पारिवारिक भरण-पोषण व अन्य मदों पर कुल 89,15,205 रुपये खर्च किए हैं। इस तरह निर्धारित की गई अवधि में दरोगा से ज्ञात व वैध स्रोतों से अर्जित की गई आय के मुताबिक उसने 25,61,857 रुपये अर्थात 40.32 प्रतिशत अधिक व्यय किया गया है, जो उसकी ज्ञात व वैध स्रोतों से अर्जित आय से अधिक है। वैसे इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक ने आरोपी दरोगा को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था लेकिन, उसने कोई जवाब नहीं दिया है।

**दरोगा ने ब्रह्मपाल सिंह से ली थी रिश्वत:** दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर 2019 में मझोला थाने की नया गांव मुरादाबाद चौकी पर इंचार्ज था। इसने ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के रामपुर घोघर गांव के ब्रह्मपाल सिंह से 10,000 रुपये की रिश्वत ली थी। ब्रह्मपाल के बेटे संजीव ने पत्नी से नाराज होकर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। वह नया मुरादाबाद स्थित सेक्टर-13 में पत्नी रीना के साथ किराए पर रहता था।


केशलता अस्पताल
KESHLATA CANCER HOSPITAL LTD BAREILLY
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल, डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
- निःशुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच निःशुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन
- कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900


## जन्मदिन धूमधाम से मनाया



पूजा के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**उझानी, अमृत विचार:** मेरे राम धर्मार्थ चिकित्सालय में रवि समदर्शी महाराज का जन्मदिन बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर महाराज जी को साल ओढ़ाकर और भगवान श्रीराम का चित्र भेंट किया। कार्यक्रम में राम सेवा संस्थान के अजीत कुमार गजेंद्र पंत दो अंकित दिवाकर और उत्पल सक्सेना को महाराज जी ने पटका पहना कर प्रमाण पत्र भेंट किया। अंत में आर्यन यादव, अनुराधा सक्सेना, विष्णु गुप्ता, अंजू चौहान, आशुतोष तोमर, लक्ष्मी गुप्ता, रामकुमार शर्मा, संजय, सुरेंद्र गुप्ता, अजय कुमार, गिरीश पाल सिंह सिसोदिया, अरविंद शर्मा, सहायता शर्मा, कमलेश मिश्रा, राखी साहू, मोना चौधरी, अर्चना चौहान आदि ने आरती की।

# जिले की 15 सौ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ डीसीबी बैंक ने बांटा 632.41 लाख का लोन, समितियों को बनाया जा रहा उपयोगी

**अमृत विचार:** गर्त में जा चुकी सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय बनाया गया है। नाम के अनुरूप इनके किसानों और ग्रामीण महिलाओं को सुविधाएं महैया कराई जा रहीं हैं। वहीं, बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराकर इन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। हाल के दिनों में स्वयं सहायता समूह की 15 सौ महिलाओं को 632. 41 लाख का लोन कम ब्याज पर दिया है। डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना ने बताया कि बदायूं और संभल जिले की 111 सहकारी समितियों के माध्यम से उर्वरक बिक्री की जा रही है। यह वह समितियां हैं जिनमें ताले पड़े रहते थे। सभी का संचालन शुरू किया है। बताया कि समितियों को दस लाख तक की ऋण सीमा को उपलब्ध कराया गया है। जिसके ब्याज की आपूर्ति सरकार के माध्यम से अनुदान के रूप में बैंक को प्राप्त होगी। 17398 किसानों को तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर 6959.39 लाख का फसली ऋण उपलब्ध कराया है।



डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना।

## समान विचारधारा के दल एक मंच पर आएं

**बदायूं, अमृत विचार:** समाजवादी जनता दल के प्रभारी संतोष यादव ने समाजवादी की धर्मनिरपेक्ष समान विचारधारा के सभी छोटे-बड़े दलों को एक मंच पर आने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि पूरे देश में वर्तमान भाजपा सरकार ने समस्त लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों को एक तरफ कर रखा है। 2024 के चुनाव बहुत निकट हैं विपक्ष सांगठनिक रूप से अभी भी बिखरा हुआ है। ऐसी स्थिति में देश के सभी छोटे-बड़े दल खासकर उत्तर प्रदेश के सभी समाजवादी धर्मनिरपेक्ष व समान विचारधारा के दल एक मंच पर आएं।



जनता दल एस के प्रदेश प्रभारी संतोष यादव।

**भरी हुंकार** | ग्राम धर्मपुर में हुई जन पंचायत में सपा नेताओं ने भाजपा पर बोला हमला

# बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए एकजुट होना होगा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय आह्वान पर पीडीए पखवाड़ा के तहत बदायूं लोकसभा के ग्राम धर्मपुर में जन पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व कैबिनेट मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी मौजूद रहे। अध्यक्षता धर्मेन्द्र यादव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जन पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर संविधान को बचाने के लिए अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करना है और पार्टी के नेता धर्मेन्द्र यादव को बदायूं से सांसद बनाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के नेता धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही जारी है। इसीलिए बाबा साहेब की आत्मा को बचाने के लिए अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत बनाने में योगदान दें। विशिष्ट अतिथि आबिद रजा ने कहा कि अपनी मेहनत तथा लगनशीलत के बलबूते पर बाबा साहेब देश के पहले कानून मंत्री बने तथा जब उन्हें लगा कि उनके कानून मंत्री रहते समाज के कमजोर समाज के लोगों को उनका अधिकार नही मिल पा रहा है तो उन्होंने इस्तीफा दे दिया। संविधान की रक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव को एतिहासिक वोटों से जिताना होगा।



मंच पर नेताओं को माला पहनाते आयोजक। ● अमृत विचार



जन पंचायत में उमड़ा जनसैलाब। ● अमृत विचार

# सनातन प्रवाह है भारतीय संस्कृति



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है।

राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था,लेकिन उनकी पार्टी के ही बंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डी. के. सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निंदा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है,लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता।

भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' हैं। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शांति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखंड श्रद्धा है।

भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर-दक्षिण या पूरब-पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने संपूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, ''पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/हम सब यह संकल्प करेंगे/कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/हम वन्दे मातरम कहेंगे।" भारती दक्षिण के थे,पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वंदे मातरम है। भारती की कविताओं में सप्तसिंधु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है।

भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है,लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, "ऐसे यंत्र बनाएंगे/कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे। भारती लिखते हैं, "मुख में वेदों का वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।" विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के,लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चार धामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारंभिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है। डॉ. राधाकृष्णन दक्षिण के थे। दर्शन के पाठ के लिए सभी विद्वान राधाकृष्णन पर निर्भर हैं।

देश तोड़ने की धमकी प्रत्येक दृष्टि से अपराध है। इसे विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार नहीं माना जा सकता। संविधान अनुच्छेद (19) में विचार अभिव्यक्ति की आजादी पर अनेक मर्यादाएं अधिरोपित की गई हैं। कांग्रेस स्वयं में देश के स्वाधीनता संग्राम और भारतीय स्वतंत्रता का श्रेय लेती है। स्वाधीनता संग्राम का प्रमुख जीवन मूल्य राष्ट्रीय एकता था। एकता की धारक और प्रचारक कांग्रेस के जिम्मेदार लोग अलग राष्ट्र की मांग उठाने की धमकी दे रहे हैं। इसी तरह की धमकी इसके पहले तमिलनाडु में सत्तासीन पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम ने भी दी थी। तब डी.एम.के. के सांसद ए. राजा ने कहा था कि केन्द्र सरकार तमिलनाडु को और अधिकार दे वरना अलग देश के लिए लड़ाई होगी। ऐसी अलगाववादी मांगें असंवैधानिक तो हैं ही राष्ट्रद्रोह की सीमा में भी आती हैं। आश्चर्य है कि सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ सदस्य नेता की खतरनाक टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

राजनैतिक अभियान की भाषा मर्यादित ही होनी चाहिए। वक्तव्यों और भाषणों से लाभ उठाना अलग बात है,लेकिन राष्ट्रीय एकता अखंडता और सम्प्रभुता के प्रश्नों पर कठोर अनुशासन की आवश्यकता है। राजनैतिक अभियानों की आदर्श भाषा से लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ती है। अलग देश की मांग की धमकी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। दक्षिण भारत के सैकड़ों विद्वानों ने राष्ट्रीय एकता के गीत गाए हैं। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने करोड़ों नौजवानों को प्रेरित किया था। मूलभूत प्रश्न है कि क्या डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को भी उत्तर दक्षिण की सीमा में विवेचन का विषय बनाया जाए? क्या प्रख्यात शिक्षाविद राजगोपालाचारी को भी दक्षिण तक सीमित कर दिया जाए? क्या शंकराचार्य और रामानुज को भी दक्षिण की सीमा में ही गिना जाए? यह आश्चर्यजनक है कि स्वाधीनता के 76 वर्ष बाद भी हमारे राजनेता धौंस धमकी की भाषा बोलते हैं और राष्ट्रीय एकता सम्प्रभुता को ठेंगे पर रखते हैं।

राष्ट्रीय एकता और सम्प्रभुता को लेकर एक दृष्टि कांग्रेस और डी.एम.के. की है और एक दृष्टि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। कांग्रेसी दृष्टि में अलग देश की धमकी का अपराध भी राजनीतिक कार्यवाही है। वही मोदी की उपस्थिति में काशी में लगभग डेढ़ हजार तमिल भाषी विशिष्टजनों के समागम का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता की बात कही थी। काशी प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण शक्ति केन्द्र है। कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि देश की राष्ट्रीय एकता का मूल तत्व सांस्कृतिक एकता है। समूचे देश के लोग इस धमकी से गुस्से में हैं। कांग्रेस को इस बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

# गवर्नरों के रोल और दीनदयाल के बोल

संघ,जनसंघ और भाजपा का जहां भी जिक्र आयगा। वहां पं.दीनदयाल उपाध्याय का नाम बड़े आदर से स्मरण किया जाएगा। वे इन संगठनों के शिखरस्थ महामानवों में से थे,जो नीति और सिद्धांत की वेदी पर पद को ठुकराने वाले जाने जाते हैं। जनसंघ के अध्यक्ष रहते हुए, 28 दिसंबर 1967 को कालीकट (केरल) में पार्टी के अधिवेशन में दिया गया उनका भाषण एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसमें उन्होंने तमाम मुद्दों के साथ गवर्नरों की भूमिका पर भी उंगली उठाई थी और उन्हें केन्द्रस्थ सरकार के इशारों पर चलने वाला बताकर, इन पदों पर ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त किए जाने पर बल दिया, जो स्व-विवेक से काम करें और प्रदेश या देश की सरकार के हाथ के उपकरण न बने। कांग्रेस या यूपीए शासन काल के इन पदाधिकारियों ने खुलकर केंद्र के एजेंट के रूप में काम किया,लेकिन अब तो 10 साल से उपाध्याय जी के ही उत्तराधिकारियों की सरकार केंद्र में शासन कर रही है। उसके लिए तो दीनदयाल जी की वाणी वेद, पुराण तुल्य ही होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। कर ये भी वैसा ही रहे हैं। लगता है गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई "पर उपदेस कुसल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे" एकदम सही है। दो ताजे उदाहरण देखिए। विगत हफ्ते देश में दो सरकारें परिवर्तित हुईं। बिहार और झारखंड। बिहार का परिवर्तन केंद्र में सत्तासीन भाजपा के अनुकूल होने जा रहा था,तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के चंद घंटे बाद ही बिना किसी किंतु-परंतु के उन्हें पुनः शपथ दिला दी गई। उन्होंने जैसा कहा,ज्यों का त्यों मान लिया गया। हालांकि उनका बहुमत डावॉडोल है। एक सप्ताह होने जा रहा है,अभी विभागों का वितरण नहीं हो पाया है और बहुमत सिद्ध करने की तारीख टाली जा रही है। एक सहयोगी जीतनराम माझी तेवर दिखा रहे हैं। इस हेतु 5 फरवरी नियत थी, किंतु अब गवर्नर साहब ही कह रहें हैं कि उन्हें समय नहीं है। यानी वे एकाध घंटे अभिभाषण पढ़ने विधानसभा नहीं आ सकते। अतः यह तारीख 12 फरवरी कर दी गई। है न खुला फेवर! अब इस अवधि में जितनी चाहो 'हार्स ट्रेडिंग' कर लो। दूसरा उदाहरण झारखंड का है,जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। अतः उन्होंने विधायक दल का दूसरा चुनाव दिया और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे जेल भेज दिए गए। नए चुने गए नेता चंपई सोरेन अपने दल और गठबंधन के विधायकों के समर्थन पत्र लेकर राज्यपाल से 31 जनवरी को मिले और सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत कर दिया। राज्यपाल ने उनसे सरकार बनाने को न कहकर इंतजार करने को कहा। कारण कि चम्पई सोरेन भाजपा के विरोधी गठबंधन के हैं। अगले दिन पहली फरवरी को दिन भर गहमागहमी रही। मीडिया के समक्ष विधायक उपस्थित हुए। राज्यपाल के दरवाजे पर धरने पर बैठने की धमकी दी। शाम पांच बजे फिर चम्पई गवर्नर हाउस पहुंचे,उनसे कहा गया कि प्रकरण पर विधिक राय ली जा रही है। मतलब साफ था कि भाजपा,जो वहां विपक्षी है,को मौका दिया जा रहा था कि विधायकों का अश्व व्यापार कर लो। अंततः जब बात नहीं बनी, तो रात 11 बजे चम्पई को सरकार बनाने का आमंत्रण पत्र मिला और अगले दिन 2 फरवरी को शपथ ग्रहण हुआ। पर्दे के पीछे खरीद फरोख्त की कोशिशें अब भी जारी हैं,क्योंकि चम्पई को बहुमत सिद्ध करने को कहा गया है। भय वश चम्पई सोरेन ने अपने विधायक चार्टर्ड प्लेन से कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेज दिए हैं। इस तरह स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# दीर्घकालिक आर्थिक खाके को दर्शाता अंतरिम बजट



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

चुनावी वर्ष में प्रस्तुत केंद्र सरकार का अंतरिम बजट लोक लुभावन घोषणाओं के बजाय अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। बजट के प्रावधानों में सरकार का आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। बजट में सरकार की स्वस्थ,संपन्न एवं शिक्षित (हेल्दी, वेल्दी और वाइज) समाज के निर्माण का संकल्प नजर आता है। सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों के दौरान किए गए नीतिगत सुधारों एवं आर्थिक विकास के कदमों विशेष तौर से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति से जीडीपी की दृष्टि से भारत आज दस वर्ष में 10 वें स्थान की अर्थव्यवस्था से पांचवे स्थान पर पहुंचा है। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जीडीपी को सरकार की गवर्नेंस नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया,उन्होंने कहा कि हमारे लिए जीडीपी (गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस है) सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए और विकसित भारत के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह अंतरिम बजट मजबूत और विकसित भारत के सपने को अमली जामा पहनाने की ओर एक पड़ाव समझा जा सकता है।

बजट में देश की चारों प्रमुख स्तंभों युवा,गरीब, किसान एवं महिलाओं के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए आवश्यक प्रावधानों को तरजीह दी गई है,क्योंकि चार जातियों के विकास से देश के प्रत्येक नागरिक का कल्याण स्वाभाविक है। इससे स्पष्ट है कि यह बजट आम नागरिक को केंद्र में रखकर बनाया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में नए मेडिकल कॉलेज खोलने,नए एम्स खोलने,आयुष्मान योजना का विस्तार,मौजूदा अस्पतालों की सुविधाओं में बढ़ोतरी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचे। उसके लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में 2.30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा। आयुष्मान योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर कार्यरत आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को देने का निर्णय समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की प्रभावी योजना है।

बजट में पूंजीगत व्यय की 11.1 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रावधान होने से रेल,सड़क, वायु परिवहन, ऊर्जा इत्यादि के ढांचागत विकास को गति मिलने एवं औद्योगिकरण की राह आसान होने के आसार हैं,जो रोजगार के नए विकल्प खुलेंगा। कृषि के लिए 1.27 लाख करोड़ से अधिक रुपये का प्रावधान कृषि क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी सेक्टर जैसे- पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन,




मधु पालन आदि को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के बजट में 26000 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है।

यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र से रोजगार की तलाश में हो रहे पलायन को रोकने में सहायक होगा। हालांकि यदि हिमालयी व कोस्टल क्षेत्रों के सीमांत किसानों की कृषि कार्यों को इससे जोड़ा जाता तो यह योजना अधिक कारगर रहती। उद्यमिता के विकास पर बजट का खास फोकस है,छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 50 वर्ष तक की अवधि के लिए ब्याज रहित ऋण का प्रावधान होने से युवा स्वरोजगार की ओर प्रेरित होंगे जिससे औद्योगिकरण को गति प्राप्त होगी। स्कूली शिक्षा के लिए बजट में 19.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में सहायता होगी साथ ही प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, पीएम उषा, पीएम श्री आदि योजनाओं के तहत बजट आवंटन होने से शिक्षित समाज के निर्माण का सपना साकार होने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर होगा। क्योंकि शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर बजट में विशेष फोकस किया गया है। यह देश को नॉलेज अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा। रेलवे के तीन कॉरिडोर विकसित होने, चालीस हजार नए रेल बगियां के निर्माण, नई मेट्रो लाइन का विस्तार होने से औद्योगिक उत्पादों का वितरण एवं विपणन सुगम होगा।

इस प्रकार की सुविधा आम व्यक्ति के रोजमर्रा की दिनचर्या को आसान बनाएगी और नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इसके साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयात-निर्यात प्रभावी तरीके से संचालित करना आसान होगा। लगातार बढ़ते आयकर एवं जीएसटी संग्रह के बावजूद बजट में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर के प्रावधानों में अधिक फेरबदल न करके आयकर के स्लैब में भी परिवर्तन नहीं किया जाना वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से देखा जा सकता है। यह कदम सरकार आत्मविश्वास को दर्शाता है और इससे राजकोषीय घाटे को कम करने में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत तक लाने का है,जो इन प्रयासों से प्राप्त किया जा सकता है। बजट के प्रावधान सरकार की दीर्घकालीन,स्थाई एवं मजबूत आर्थिक नीतियों को प्रदर्शित करती है।

## समाज की मशाल



हफीज किदवई
लेखक

इमाम जाफर अल सादिक हजरत अली की चौथी पीढ़ी में थे। उनके वालिद इमाम मोहम्मद बाकर खुद वैज्ञानिक थे और मदीने में अपना कॉलेज चलाते हुए सैंकड़ों बच्चों को पढ़ाते थे। अपने पिता के बाद जाफर अल सादिक ने यह काम संभाला और अपने शागिर्दों को कुछ ऐसी बातें बताईं,जो इससे पहले किसी ने नहीं बताई। उन्होंने अरस्तू की चार मूल तत्वों की थ्योरी से इंकार किया और कहा कि मुझे हैरत है कि अरस्तू ने कहा कि दुनिया में केवल चार तत्व हैं,मिट्टी, पानी, आग और हवा। मिट्टी खुद तत्व नहीं है,बल्कि इसमें बहुत सारे तत्व हैं।

इसी तरह जाफर अल सादिक ने पानी, आग और हवा को भी तत्व नहीं माना। हवा को भी तत्वों का मिश्रण माना और बताया कि इनमें से हर तत्व सांस के लिए जरूरी है। मेडिकल साइंस में इमाम सादिक ने बताया कि मिटटी में पाए जाने वाले सभी तत्व मानव शरीर में भी होते हैं। इनमें चार तत्व अधिक मात्रा में आठ कम मात्रा में और आठ अन्य सूक्ष्म मात्रा में होते हैं। उन्होंने बताया,"जो पत्थर तुम सामने गतिहीन देख रहे हो,उसके अंदर बहुत तेज गतियां हो रही हैं। उसके बाद कहा "यह पत्थर बहुत पहले द्रव अवस्था में था। आज भी अगर इस पत्थर को बहुत अधिक गर्म किया जाए तो यह द्रव अवस्था में आ जाएगा। ऑप्टिक्स का बुनियादी सिद्धांत प्रकाश जब किसी वस्तु से परिवर्तित होकर आंख तक पहुंचता है तो वह वस्तु दिखाई देती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ब्रह्मांड में कुछ भी स्थिर नहीं है। सब कुछ गतिमान है।

ब्रह्मांड के बारे में एक रोचक थ्योरी उन्होंने बताई कि ब्रह्मांड हमेशा एक जैसी अवस्था मं नहीं होता। एक समयांतराल में यह फैलता है और दूसरे समयांतराल में यह सिकुड़ता है। उनके मशहूर शागिर्दों में जाबिर इब्ने हय्यान, इमाम अबू हनीफ, मालिक इब्न अनस थे। जिन रवायतो को आप मजाक बताते हैं,उन्हीं ने आज उनको जिंदा रखा है वरना ढूंढते रहते अरबी फारसी की किताबों में। कई बार रवायतें इसीलिए डाली जाती हैं कि शख्सियतें और उनके काम पीढ़ी दर पीढ़ी नीचे पहुंच जाएं। यह तरीके वोह नहीं समझेंगे जो एक झटके में सब खत्म कर देना चाहते हैं। हम सभी धर्म के लोगों से कहते हैं कि अपने बीच से अच्छे लोगों के किस्से आम करो। वह ही समाज की मशाल हैं। हमें भी इमाम जाफर ही रास्ता दिखाएंगे।

## निभाएं अच्छे नागरिक का फर्ज



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर

भारत में सबसे बड़ी समस्या का कारण यदि कुछ है तो वह है कचरा प्रबंधन। विदेशों में तो साफ सफाई का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है,लेकिन यदि बात हमारे देश की आती है तो मैनेजमेंट स्तर पर पर्याप्त काम नहीं हो पाता है। यदि आप अपने घर से शुरुआत करें कचरा कम फैलाएं उसे अलग-अलग करें और कंपोस्टिंग का मेथड सीखें तो एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज आप भी निभा सकते हैं। कुछ साल पहले स्टेशनों पर प्लास्टिक बैग्स, बोतलों और चिप्स के पैकेट का कचरा फैलाने वाले पर्यटकों के सामने कुछ युवाओं ने ऐसा उदाहरण पेश कर दिया था कि वहां मौजूद तमाम लोगों को सबक मिल गया। युवाओं ने सबके सामने कूड़ा एकत्र किया और एक बड़े थैले में भरकर ले गए। पूरे देश में यदि साफ सफाई की मुहिम चल रही है तो हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर और आसपास की भी सफाई का ध्यान रखें और अपने स्तर पर पहल करें अपनी आदतों को सुधारने का प्रयास करें। यदि देश में स्मार्ट सिटी बनाने का सोच रहे है तो क्या आप अपना यह सपना पूरा करने में सक्षम हैं? क्या आप एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं? सार्वजनिक स्थलों, ऑफिस, कैंटीन, गमलों में पान थूकना, मसालों के रैपर्स इधर-उधर फेंकना, घर का कूड़ा सड़क पर डाल देना, छत, बालकनी या सीढ़ियों की सफाई करके गंदगी को यहां वहां बिखेर देना,अपने घर के आसपास का कचरा दूसरों के घर के आगे डाल देना नागरिक का धर्म नहीं है। यदि आप अपने देश से प्यार करते हैं तो आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना भी आप का प्रथम कर्तव्य बनता है। यदि कोई समस्या बढ़ी है तो उसे और आप बड़ा न बनाएं।

कचरा प्रबंधन के लिए कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं आगे आई हैं। यदि प्लास्टिक का कोई समान फेंके जा रहे हैं तो इस समस्या को सुधारें। यह देश की समस्या बन रही है कि शहरों और महानगरों में सबसे अधिक कूड़ा कर्कट पाया जाता है। इसलिए बेस्ट मैनेजमेंट यहां की बड़ी समस्या है।

संस्मरण

# किताब चोर मैं



अनिल जनविजय
वरिष्ठ लेखक

मैं 1982 के दिसंबर में पहली बार हालैंड की राजधानी अमस्टर्डम गया था। वहां किताबों की एक बहुत बड़ी दुकान थी। मेरे पास कुल 35 गिल्डर थे और मुझे अभी तीन दिन और अम्सटर्डम में रुकना था,लेकिन फिर भी जब मुझे किताबों की एक दुकान दिखाई पड़ी तो मैं उसमें घुस गया। वहां हर तरह की किताबें थीं। घासलेटी साहित्य से लेकर उच्चस्तरीय साहित्य तक मैंने दुकान में ही एक आदमी को किताब के कवर फाड़कर किताब अपनी कमीज में घुसाते देखा। मैं करीब डेढ़ घंटे से उस दुकान में घूम रहा था। मैंने देखा कि वो पुस्तक-चोर बड़ी सहजता से दुकान के बाहर चला गया। अब मेरा मन भी एक-दो किताबें चोरी करने का हो आया,जो दो किताबें मुझे पसंद आईं उनमें से एक 60 गिल्डर की थी और दूसरी 55 गिल्डर की। मैंने भी कमीज के नीचे किताबें छिपाईं और बाहर निकलने की कोशिश की। जब दरवाजे से बाहर निकलने लगा तो अचानक भोंपू-सा बजना शुरू हो गया।

दुकान के दरवाजे पर खड़े दुकान के मालिक ने मुझसे कहा कि आप किसी किताब का भुगतान करना भूल गए हैं। मैंने उन्हें बताया कि मैंने उनकी दुकान से कोई किताब नहीं ली है तो उसने मुझसे कहा कि क्या आप अपना झोला दिखाएंगे? मेरा झोला किताबों से भरा हुआ था,लेकिन वो सभी किताबें मैंने बर्लिन में खरीदी थीं और उनका कैशमीमो भी मेरे पास था। उसने ध्यान से सारी किताबें देखीं और मेरा थैला अपने ही पास रखकर मुझसे कहा कि मैं एक बार फिर दरवाजे से बाहर जाऊं। जैसे ही मैं दरवाजे पर पहुंचा, भोंपू फिर से बजना शुरू हो गया। उसने मुझसे कहा कि अभी आपके पास और किताब हैं कोई। आप वह किताब भी निकालिए। मैं फंस चुका था। मैंने अपनी कमीज के नीचे से दो किताबें निकालकर सामने रख दीं।

दोनों किताबें देखकर वो दंग हो गया। एक किताब नाजिम हिकमत की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की थीं और दूसरी किताब पाब्लो नेरूदा की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की। उसने मुझसे कहा कि ये किताबें तो हमारी दुकान में कोई चुराता ही नहीं है। हमारे यहां तो ज्यादातर घासलेटी साहित्य ही चोरी होता है। मैंने उसे बताया कि मैं खुद कवि हूं और मुझे सिर्फ कविता-संग्रह ही पसंद हैं। उसने मुझसे कहा कि वह मुझे दोनों किताबें पचास प्रतिशत की रियायत पर दे देगा। मैंने उससे कहा कि मेरे पास सिर्फ 35 गिल्डर हैं और मुझे अभी वहां तीन दिन और रहना है। इन कवियों की किताबें देखकर मुझसे रहा नहीं गया और मैंने अपने काव्य प्रेम की वजह से धनाभाव की मजबूरी में वे किताबें चुरा ली थीं। वैसे बर्लिन में मैंने सारी किताबें खरीदी हैं और उनका कैशमेमो भी मेरे पास हैं।

इसके बाद वो दुकानदार मुझसे देर तक बात करता रहा। फिर अचानक उसने मुझसे कहा कि वह पांच सौ गिल्डर की किताबें मुझे भेंट करना चाहता है और मैं उसकी दुकान में से पांच सौ गिल्डर की किताबें चुन सकता हूं। मेरे तो जैसे कोई लाटरी खुल गई थी। मैंने लोर्का, ब्रेख्त, रिल्के, विक्टर ह्यूगो, कंस्तान्तिन कवाफ़ी, सफ़्फ़ो के छह कविता संग्रह और चुन लिए वो कविता के लिए मेरा पागलपन देखकर हैरान हुआ। फिर उसने पूछा कि मैं कौन से होटल में रुका हूं? मैंने उसे बताया कि मेरे पास इतने पैसे ही नहीं हैं कि मैं होटल में रुकूं। मैं अपनी रातें हर शहर में रेलवे स्टेशन पर बिताता हूं। मेरा यह जवाब सुनकर वह और ज्यादा आश्चर्यचकित हुआ। उसने मुझे कॉफी पीने का ऑफर दिया और खिद ही कॉफी बनाकर मुझे पिलाई। तब तक वह भारत के बारे में और भारतीय संस्कृति के बारे में मुझसे बात करता रहा। काफी पीने के बाद जब मैंने उससे जाने की इजाज़त मांगी तो उसने मुझे विदा करते हुए कहा कि अगर मैं चाहूं तो अगली दो रातें उसके घर पर बिता सकता हूं। मैं सहर्ष तैयार हो गया।

मैंने उससे पूछा कि यह क्या रहस्य है कि किताबें छुपाकर बाहर निकलने पर भोंपू कैसे बजने लगता है? उसने बताया कि किताबों के कवर में एक ऐसी इलैक्ट्रॉनिक चुंबक की पतली-सी परत छुपी हुई है जिसको निरस्त करना जरूरी होता है। उसे अगर निरस्त नहीं किया जाएगा, वह चुंबकीय परत दरवाजे में लगी मशीन के पास पहुंचते ही दरवाजे में लगा भोंपू बजने लगेगा। उसने मुझसे कहा कि अगर मैं उसके साथ रुकना चाहूंगा तो शाम को आठ बजे तक उसकी दुकान पर वापिस आ जाऊं। आठ बजे दुकान बंद होती है, तब वो मुझे अपने घर ले चलेगा। मैंने किताबों और अन्य सफरी सामान से भरा अपना थैला उसकी दुकान पर ही छोड़ दिया और शहर घूमने बाहर निकल गया। अगले दो दिन बड़े सुखद रहे।

# रामभक्तिः विविधता में एकता के दर्शन



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

भारत विकास और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा एक जनसंख्या बाहुल्य देश है। इसकी जनसंख्या में विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, मत एवं संप्रदायों का समिश्रण है जिसमें हिंदू धर्म का अनुपात सर्वाधिक है। भारत एक युवा देश है। यहां पर युवा शक्ति को सकारात्मक मोड़ देकर उनकी कार्य-कुशलता तथा योग्यता में अकल्पनीय वृद्धि की जा सकती है। युवाओं के लिए श्री राम का दिव्य चरित्र, अद्भुत व्यक्तित्व, वीरता, उदारता, सत्य-निष्ठा, निर्भीकता, धैर्य, दृढ़ता, शारीरिक सौष्ठव, मानसिक बल, निरंतर संघर्ष, भावात्मक सौंदर्य एवं त्याग युवाओं के लिए अद्भुत प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा।

हजारों वर्षों पूर्व से ही भारत के पास रामराज रूपी सुव्यवस्था रही है जिसमें प्रत्येक नागरिकों के हितों की सुरक्षा की बात स्पष्ट प्रतीत होती है। प्रत्येक नागरिक भयमुक्त था। समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भावनात्मक दृष्टि से संपन्नता व्याप्त थी, परंतु समय-समय पर समाज में कुछ अराजकता एवं विषमताएं उत्पन्न होती रही जिससे रामराज की सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था समय के साथ धूमिल होती नजर आई,लेकिन रामभक्ति प्रत्येक हिंदू के हृदय की धड़कन के रूप में सदैव विद्यमान रही। चाहे वह किसी भी जाति, भाषा-भाषी, भिन्न संस्कृति या मत मतांतर का व्यक्ति रहा हो। आज भारत ही नहीं विश्व के अन्य देशों में भी रामभक्ति भिन्न-भिन्न स्वरूपों में विद्यमान है,जो विश्व को राम नाम के आधार पर एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। भारत में रामराज की अवधारणा ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कार, मानवीय मूल्य, नैतिकता एवं स्वाभिमान के साथ-साथ राष्ट्र गौरव की पुनर्स्थापना करते हुए मानव को समाज के उच्च आदर्शों पर गतिमान रहने का परम संदेश प्रदान किया है। राम राज में सभी मनुष्य लोक-कल्याणकारी व्यवस्था के अंतर्गत एक ऐसे राज्य की संकल्पना कर सकते हैं जिसमें कोई भी व्यक्ति दीन-दुखी और अभावग्रस्त नहीं होगा। सभी व्यक्ति शिक्षित, संस्कारी, संपन्न और आवश्यक सुविधाओं से संपन्न होंगे। चारों ओर भय मुक्त वातावरण व्याप्त होगा। रामभक्ति और रामराज भारत के हर नागरिक के लिए ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं बुनियादी आधार है जिसमें प्रत्येक नागरिक के लिए चाहे वह धनी हो या निर्धन सभी को समान न्याय प्राप्त होगा एवं इसके साथ-साथ सभी के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।

शासन का एकमात्र लक्ष्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करना तथा जनता के हितों की रक्षा करना होगा। भारत में राम मंदिर की स्थापना एवं रामभक्ति ने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करके सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक वैविध्य का समन्वय एक साथ किया है। राम भक्ति एवं राम भक्त विश्व के विभिन्न देशों में पाए जाते हैं,जो विभिन्न रूपों में राम में आस्था एवं श्रद्धा रखते हैं। देशीयता की सीमाओं से परे एवं जात-पात, उच्च-नीच, छोटा-बड़ा यहां तक की कुछ मात्रा में अन्य धर्म के लोगों में भी रामभक्ति का रंग दिखाई पड़ा है। इसके पीछे उन सभी का ध्येय श्रद्धा की हो या स्वार्थ पूर्ति की, परंतु सभी ने राम नाम के एक मंच पर एकत्रित होकर विविधता में एकता के दर्शन कराए हैं।

# विधान परिषद में गूंजा बीएचयू गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती का मामला

## सपा सदस्यों ने नारेबाजी कर दो बार किया सदन का वाकआउट, सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती: मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





विधानसभा के सत्र में जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस नेता अनुराधा मिश्रा और सपा के शिवपाल यादव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती न होने का मामला गूंजा। सपा सदस्यों ने प्रदेश में ध्वस्त कानून-व्यवस्था और बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और सदन से दो बार वाकआउट किया। नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती है, बीएचयू की घटना में आरोपी तीनों लड़कों को गिरफ्तार किया गया है।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पूर्व विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद के निधन पर विप में मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सपा सदस्यों ने प्रश्न प्रहर में सवाल न लेने और बीएचयू में छात्रा के सामूहिक दुराचार की घटना को लेकर प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। सपा के मुकुल यादव ने नियम 105 के तहत बीएचयू की घटना को उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि अपराधी जेल में हैं या प्रदेश छोड़ कर जा चुके हैं तो फिर रोजाना होने वाले अपराध कौन कर रहा है।

सरकार बताए कि भाजपा के आईटी सेल में काम करने वाले तीन लड़के रात डेढ़ बजे बीएचयू में क्या करने गए थे। पीड़ित छात्रा के पक्ष में जुटने वालों के खिलाफ तरह-तरह की कार्रवाई शुरू हो गई। घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान, नारी वंदन, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के दावों के बावजूद गैंगरेप की घटना ने ठेंगा दिखाया है।

खुलासा होने पर भाजपा के ही लोग अपराधी निकले। सपा नेताओं के सवालों के जवाब में नेता सदन ने दो जून 1995 को मायावती के साथ घटित घटना और लड़कों से गलती होने के बयान का जिक्र करते हुए विपक्ष को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि 2017 से 21 दिसम्बर 2022 तक महिलाओं व बच्चियों के साथ घटित अपराधों में 21 हजार 872 अभियुक्तों को सजा दिलाई जा चुकी है। इसमें से 8630 को पाक्सो एक्ट में, 13217 को अन्य अपराध में, 1384 को आजीवन कारावास, 18 को मृत्युदंड और 135 अपराधियों को 10 साल से कम की सजा दी गई है। भाजपा सरकार में कोई भी अपराधी बच नहीं सकेगा। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। विधानसभा में दूसरे दिन दिवंगत विधायक व पूर्व विधायकों के निधन पर शोकसभा और श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। सोमवार को सरकार का बजट पेश होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के पूर्व व वर्तमान सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### बसपा ने उठाया शिक्षक भर्ती व पुरानी पेंशन का मामला

बसपा के सदस्य भीमराव अम्बेडकर ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का मुद्दा उठाया, बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने मामला न्यायालय में लंबित है, बावजूद समाधान करने के प्रयास किए जा रहें हैं। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी नें सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ शिक्षकों को विनियमितीकरण का मुद्दा उठायाए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बताया कि सेल बोर्ड अधिनियम 1982 में विनियमितिकरण का प्रावधान है। निर्दलीय राजबहादुर सिंह चन्देल व डॉ आकाश अग्रवाल ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कराये जाने की मांग उठाई। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने नियम 110 के तहत आई पांच सूचनाएं सरकार को संदर्भित किया। अंत में सभापति सरोजनी अग्रवाल ने अपरान्ह 2.35 बजे सदन की कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### मलिहाबाद के ट्रिपल मर्डर का मुद्दा उठा

विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू गैंगरेप समेत बढ़ते अपराधों पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन एक दिन पहले दिन दहाड़े गोलियां बरसाकर लखनऊ के मलिहाबाद में हुई तीन लोगों की हत्या का मामला नहीं उठाना सवाल खड़ा करता है। जबकि हत्यारे सीसीटीबी कैमरे में कैद हुए हैं, जिसमें एक पुराना हिस्ट्रीशीटर 70 साल का लल्लन खान है। भाजपा का आरोप है कि हत्यारे सपा के चहेते हैं, इसलिए मुद्दा नहीं उठा रही है। डर लग रहा है कि कहीं मुद्दा उठाने पर अतीक जैसा हाल न हो जाए।

## सार-संक्षेप

### वोट का बिखराव रोकने के लिए लालकृष्ण आडवाणी को मिला भारत रत्न : अखिलेश यादव

**लखनऊ, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी को भारत रत्न दिये जाने के केन्द्र सरकार के फैसले को सपा के अखिलेश यादव ने वोट की राजनीति से जोड़ा है। शनिवार को उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन होने से भाजपा का वोट बैंक बिखरने लगा है। वोट के बिखराव को रोकने के लिए भाजपा हर हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कि इंडिया गठबंधन कमें सीटों का बंटवारा, जीत और सीट के आधार पर होगा।

### भूखंड दिलाने के नाम पर 90 लाख की ठगी

**नोएडा,एजेंसी :** गौतमबुद्ध नगर जिले में कार्यालय के लिए भूखंड दिलाने के नाम पर कथित तौर पर 90 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि अदालत के आदेश पर नोएडा फेस-1 थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक नोएडा सेक्टर-44 निवासी आलोक कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह इंडक्टस लिमिटेड कंपनी के निदेशक हैं और नोएडा सेक्टर-2 में उनका कार्यालय है। कुमार के मुताबिक 2018 में उन्हें कार्यालय के लिए जमीन की तलाश थी तभी उनकी मुलाकात राकेश चौधरी और अमन चौधरी से हुई।आरोपियों ने उनकी पत्नी अनुराधा सिन्हा को बताया कि वे नोएडा सेक्टर-162 में 487 वर्ग गज जमीन के मालिक हैं और उक्त जमीन बेचना चाहते हैं। पीड़ित के मुताबिक जमीन के लिए उन्होंने कुल 90 लाख रुपये का भुगतान किया लेकिन आरोपियों ने संपत्ति के कागज नहीं दिए और जांच कराने पर जानकारी मिली कि उक्त जमीन उनके नाम पर नहीं है। पुलिस ने कुमार के हवाले से बताया कि आरोपियों ने रुपये लौटाने से इनकार कर दिया और उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। कुमार के मुताबिक थाना में शिकायत दर्ज नहीं होने पर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। नोएडा फेस-1 थाना के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि मामले में अदालत के आदेश के बाद आरोपी राकेश चौधरी और अमन चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### राशन कार्ड वाले दिव्यांगों को मिलेगी पेंशन

**गोरखपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने दिव्यांगों को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जिन दिव्यांगों के पास राशन कार्ड होगा, उन्हें पेंशन के साथ मकान भी दिया जाएगा। जल्द ही पेंशन की राशि बढ़ाई भी जाएगी। अफसरों को निर्देश दिया कि कोई भी दिव्यांग राशन कार्ड, आवास, पेंशन और शिक्षा से वंचित न रहे।

### 446 सरकारी चिकित्सकों की वेतन वृद्धि

**लखनऊ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में ढाई दशक की सेवाएं दे चुके 446 डॉक्टरों को शनिवार को विशिष्ट वित्तीय स्तरोन्नयन वेतन (एसएसीपी) मिल गई है। इनमें से 42 चिकित्सकों को सेवानिवृत्त होने के बाद एसएसीपी मिली है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने एसएसीपी लाभार्थियों की सूची जारी की है। सचिव ने बताया कि विभाग में कार्यरत 404 वरिष्ठ चिकित्सकों को 24 साल की सेवाएं पूरी करने के बाद मिलने वाले ग्रेड पे 8700 से 8900 की वेतन वृद्धि दी गई है। इसके अलावा 42 सेवानिवृत्त चिकित्सकों को उनके तय तिथि से वेतन बढ़ोत्तरी दी गई है। जिन्हें एरियर के रूप में भुगतान किया जाएगा, साथ ही पेंशन में भी बढ़ोत्तरी होगी। साथ ही सेवारत चिकित्सकों को प्रतिमाह करीब पांच हजार रूपए वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा।

### 1540 नए मार्गो पर चलेंगी डबल डेकर बसें

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य में राजधानी समेत 14 जिलों में 1540 नए मार्गो पर परिवहन निगम की डबल डेकर बसें दौड़ेंगी। राज्यपाल की अनुमति के बाद परिवहन विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी शनिवार को परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इन मार्गों पर निजी बसें अनुबन्धित की जाएंगी। डबल डेकर बसों के चलने से ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलने के साथ ही सुखद अनुभव मिलेगा। प्रयास है कि यात्रियों को सेवाएं जल्द उपलब्ध हों।

# सपा विधायक डॉ. मनोज पांडेय से 39.35 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **जालसाज ने कंपनी का मैनेजर बन किस्तों के रूप में जमा कराये रुपये**

**अमृत विचार:** पूर्व मंत्री और रायबरेली के ऊंचाहार से सपा विधायक डॉ. मनोज पांडेय के संग 39.35 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी का मैनेजर बन विधायक को झांसे में लिया। जमा किये गये रुपयों की रसीद नहीं मिलने पर विधायक कम्पनी के ऑफिस पहुंचे तो पता चला कि कोई भी किस्त भी नहीं जमा हुई है। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के निर्देश पर कैंट पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।



मनोज पांडेय।

पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायबरेली की ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि दिलकुशा कालोनी स्थित उनके आवास पर जनवरी 2019 में एक शख्स मुलाकात करने आया था। खुद का परिचय पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लखनऊ के प्रबंधक रमाकांत पांडेय के रूप में दिया था। उसने कम्पनी के नये प्लान में 10 लाख सालाना किस्त जमा करने पर चार साल बाद 39.20 लाख और 5,37,554 रुपये बोनस मिलने की बात कही। यह भी कहा कि चार साल बाद रुपये निकालेंगे तो बोनस के साथ 63,23,980 रुपये मिलेंगे। झांसे में आकर विधायक ने फरवरी 2019 का दस लाख का चेक रमाकांत को सौंप दिया। कथित प्रबंधक ने उनकी बात सीए से कराई। सीए ने कहा कि प्लान मेल कर दीजिए, मैं विधायक को समझा दूंगा। विधायक ने तीन साल तक किस्त के रूप में 29,35,409 रुपये जमा किये। चौथी किस्त देने के चार माह बाद भी रसीद नहीं मिलने पर विधायक को ठगी का पता चला।

# ओबरा सी की दूसरी इकाई से भी जल्द शुरू होगा बिजली उत्पादन

**लखनऊ, अमृत विचार:** ओबरा सी की 660 मेगावाट की निर्माणाधीन दूसरी इकाई से भी जल्द उत्पादन शुरू होगा। उत्पादन निगम के अधिकारी इसकी कवायद में जुटे हैं। इस परियोजना की पहली इकाई से बीते दिन कामर्शियल उत्पादन शुरू हो गया। इससे प्रदेश को 660 मेगावॉट की अतिरिक्त बिजली मिलेगी। इससे प्रदेश की बिजली उत्पादन की क्षमता 7140 मेगावाट हो गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि जवाहरपुर और घाटमपुर परियोजना की 660-660 मेगावाट की एक-एक इकाई से अप्रैल तक बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बेहतर बिजली आपूर्ति व इसकी गुणवत्ता बनाये रखने के लिए संरचनागत ढांचे में बदलाव किया जा रहा है। जल्द ही प्रदेश में बिजली की किल्लत खत्म होगी। उन्होंने बताया कि ओबरा सी की दूसरी इकाई से जून तक बिजली का उत्पादन शुरू होने की संभावना है।

# कांग्रेस ने जारी की 46 लोस सीटों पर कोआर्डीनेटरों की संशोधित सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **मुरादाबाद में डा. युसुफ, बरेली में विपुल गुप्ता, खीरी में अनिल शुक्ला व अमरोहा में अतिफ हसन को दी गई जिम्मेदारी**

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने प्रदेश की 46 लोकसभा सीटों पर कोआर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी की है। इकलाख अहमद डेविड लखनऊ के कोआर्डीनेटर बनाये गये हैं।

अन्य कोआर्डीनेटरों में मुरादाबाद सीट के लिए डा युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, लखीमपुर खीरी के लिए अनिल शुक्ला, सीतापुर के लिए आशुतोष मिश्रा, मिश्रिख सुरक्षित सीट के लिए मेराज वली खान, मोहनलालगंज सुरक्षित सीट के लिए अमरेश पांडेय व अमेठी के लिए देवानंद मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। सुल्तानपुर के लिए शुभम सिंह, कानुपर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी, झांसी के लिए दिनेश सिंह पटेल, बाराबंकी सुरक्षित सीट के लिए प्रज्ञा सिंह, अयोध्या के लिए मनोज तिवारी केकेसी, बहराइच सुरक्षित सीट के लिए चन्द्रशेखर मिश्रा व गोंडा के लिए चौधरी अखिलेश कोऑर्डीनेटर बनाये गये हैं। इसी तरह, मिर्जापुर के लिए अब्दुल मबूद खान, भदोही के लिए आनंद राय, वाराणसी के लिए चैधरी सतवीर सिंह, गोरखपुर के लिए कौशल त्रिपाठी, महाराजगंज के लिए राजीव पांडेय, संत कबीर नगर के लिए हृदय पांडेय व डुमरियागंज के लिए प्रभाकर द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई है। कैराना के लिए सोनू पठान, नगीना सुरक्षित सीट के लिए दिनेश अवाना, अमरोहा के लिए अतिफ हसन, गाजियाबाद के लिए सुभाष गांधी व अलीगढ़ के लिए सुभाष शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। मालूम हो कि कांग्रेस ने पूर्व में कुल 80 सीटों पर कोआर्डीनेटरों की सूची जारी की थी।

# मेरठ में पुलिस अधिकारी पर हमले का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**मेरठ, अमृत विचार :** जिले के कंकरखेड़ा में एक पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) पर जानलेवा हमले केआरोपी को शनिवार को एक पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया। पुलिस को अनुसार 4 जनवरी को एसआई मुनेश सिंह कसाना को उस समय गोली मार दी गई थी, जब वह लुटेरों का पीछा कर रहे थे। छाती में गोली लगने से घायल हुए कसाना को अब गाजियाबाद के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार देर शाम मुख्य आरोपी विनय वर्मा को कंकरखेड़ा में घेर लिया।

# मुख्यमंत्री ने सपा को बताया राम व आंबेडकर विरोधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कन्नौज

▸▸ **कन्नौज में 59 और संतकबीर नगर में 114 परियोजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को तीन जिलों के दौरे में पूरी तरह चुनावी मूड में दिखे। कन्नौज में सपा को प्रभु राम और आंबेडकर विरोधी बताते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की सरकार होती तो, राममंदिर कभी नहीं बन पाता। आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर किया जाएगा। साथ ही यहां स्पोर्ट्स स्टेडियम बनेगा और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ वर्ल्ड क्लास आईटीआई, स्किल डेवलपमेंट केंद्र भी देंगे।



विकास योजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को तीन जिलों के दौरे की शुरुआत कन्नौज से की। यहां में 352 करोड़ की 59 और संत कबीर नगर में 360 करोड़ की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही मगहर महोत्सव के समापन में शामिल हुए और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 600 नवविवाहित जोडों की शादी में पहुंचकर आशीर्वाद दिया। जबकि गोरखपुर में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और उपकरण बांटा।

मुख्यमंत्री ने कन्नौज में अशोक नगर स्थित केके इंटर कॉलेज के बोर्डिंग ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार होती तो अयोध्या में कभी श्रीराम का भव्य मंदिर नहीं बन पाता। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर संचालित कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि सपा को न जाने क्यों बाबा साहेब से चिढ़ है। एक ओर सपाई अयोध्या में भगवान श्रीराम का विरोध करते हैं तो, दूसरी तरफ कन्नौज में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का तिरस्कार करते हैं। सपा वोट तो जाति के नाम पर लेती है, मगर काम केवल परिवार के लिए करती है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर के नाम पर किया जाएगा। कन्नौज के गौरवमयी इतिहास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने महाराज हर्षवर्धन को याद किया और कन्नौज की जनता को अयोध्या आकर श्रीराम मंदिर में दर्शन करने का निमंत्रण भी दिया। यहां के इत्र व्यापारियों को भी भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के लिए जनसेवा व्रत और संकल्प है।

# आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को मिला सम्मान: मुख्यमंत्री

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारत सरकार ने शनिवार को महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा की। इस निर्णय पर मुख्यमंत्री ने हर्ष जताते हुए कहा कि आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को सम्मान मिला है। योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई दी। कहा कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह न सिर्फ भाजपा के संस्थापक सदस्य हैं, बल्कि देश व दुनिया में भाजपा के असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत भी हैं।


## वर्ग पहेली-332

बाएं से दाएं

1. 1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।
3. 1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।
5. 1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध
7. 1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े
8. 1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

ऊपर से नीचे

2. 1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति, बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।
3. 1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।
4. 1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।
6. 1. जिसके संबंध में विवाद हो, विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी, निज़ाअ का।



## वर्ग पहेली - 331 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 छु | | | | |
| | 2 अ | भं | 3 ज | न | |
| | न | | न | | |
| 4 ख़ा | | | यि | | 5 झ |
| 6 न | चि | 7 के | ता | | प |
| दा | | वाँ | | | का |
| नी | | 8 च | चो | ड़ | ना |

## सुडोकू-49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | | 8 | |
| | 8 | 9 | | | 4 | | | 5 |
| 3 | | | 2 | | | 7 | | |
| | 2 | | | 8 | 9 | | | 6 |
| | | 7 | | | | 3 | 9 | |
| 9 | | | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | | | 7 | | | 8 |
| 4 | | | 1 | | | 9 | 5 | |
| | 9 | | | | 5 | | | |

## सुडोकू - 48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 17.49 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** — आज ज्यादा तला-भुना और जंक फूड खाने से बचें। ध्यान और योग से आपको काफी लाभ मिलेगा। घर पर आपका ज्यादा मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे। कामुक विचार आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं।

**वृष** — आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। परिजनों के साथ हर्षोल्लास का आनंद उठाएंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों के ऊपर से प्रेशर कम होगा।

**मिथुन** — आज पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**कर्क** — आज धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें।

**सिंह** — आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। मानसिक तनाव के कारण आपको फोकस करने में कुछ कठिनाई होगी।

**कन्या** — आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

**तुला** — आज धार्मिक कार्यों को लेकर आप सजग रहेंगे। परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए सोच समझकर ही बात करें।

**वृश्चिक** — आज अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**धनु** — आज शरीर के किसी अंग में दर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा।

**मकर** — आज अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आज सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मीन** — आज चंचालता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। मन अनैतिक कार्यों की तरफ भागेगा।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.22-17.06 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 07.21 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | सल्तनत | सुबह : 10.00 |
| B4U Movies | सपूत | रात : 07.00 |
| Sony Max | नमस्ते लंदन | सुबह : 10.03 |
| Sony Max | पीके | रात : 07.00 |
| Sony Pix | दहेज | सुबह : 09.19 |
| Sony Pix | टर्मिनेटर 3 | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | जयंतभाई की लव स्टोरी | सुबह : 10.30 |
| Zee Cinema | कहानी 2 | रात : 07.30 |
| Colors Cineplex | कच्चे लिंबु | दोपहर : 01.52 |
| Colors Cineplex | दोस्ताना | रात : 09.48 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोंनो मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

## सेना दिवस पर जवानों ने दिखाया पराक्रम...



सेना दिवस के अवसर पर नागपुर में आयोजित भारतीय सेना प्रदर्शनी-शौर्य संध्या में एक सेना अधिकारी ने अपना कौशल दिखाया। इस दौरान लोगों ने जवानों के साहसिक करतबों की खूब प्रशंसा की। ● एजेंसी

### बंगाल में कर्मचारियों यात्रियों की सतर्कता से टला ट्रेन हादसा

**मालदा।** पश्चिम बंगाल में पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन पर कर्मचारियों और यात्रियों की सतर्कता के कारण शनिवार को एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन से कुलिक एक्सप्रेस के स्टेशन से निकलने के तुरंत बाद उसके एक पहिए में आग लग गई। कोलकाता जाने वाली यह ट्रेन यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। ट्रेन सुबह करीब साढ़े नौ बजे मालदा टाउन स्टेशन से रवाना हुई, तभी यात्रियों ने लोको पायलट को बताया कि ट्रेन के एक पहिए के नीचे धुआं निकल रहा है। लोको पायलट ने ट्रेन को रोकने के लिए तुरंत आपातकालीन ब्रेक का इस्तेमाल किया, जिसके कारण यात्री घबराकर ट्रेन से उतर गए। यह घटना मालदा टाउन और चामग्राम स्टेशन के बीच हुई।

# गारंटी असहाय लोगों के लिए आखिरी उम्मीद

## ओडिशा में प्रधानमंत्री ने 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

संबलपुर (ओडिशा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी 'गारंटी' देशभर के 'असहाय लोगों की आखिरी उम्मीद' है और ओडिशा के लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य तथा इसके लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। वर्ष 2019 के बाद राज्य में अपनी पहली राजनीतिक रैली में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में लोगों का इस्तेमाल 'वोट बैंक' के रूप में किया, जबकि भाजपा सरकार आदिवासियों के विकास को महत्व दे रही और पिछले 10 वर्षों में उनके लिए बजट बढ़ाया गया है। मोदी ने कहा- यह भाजपा है जिसने ओडिशा की बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति के पद पर पहुंचाया।

प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में शनिवार को 68,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। संबलपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में 400 करोड़ रुपये के स्थायी परिसर के उद्घाटन के अलावा प्रधानमंत्री ने ऊर्जा, सड़क और रेलवे जैसे अलग-अलग क्षेत्रों की कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने वर्ष 2021 में आईआईएम परिसर का शिलान्यास किया था। उन्होंने कहा-आज ओडिशा के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि लगभग 70,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू की गई हैं।



संबलपुर में आईआईएम परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल रघुबर दास, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक। ● एजेंसी

### कहा-मोदी की गारंटी गारंटियों की गारंटी है

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी (मोदी की) गारंटी-गारंटियों की गारंटी है। मोदी ने ओडिशा के विकास में अपनी सरकार के योगदान को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान चार करोड़ गरीब परिवारों को 'पक्के घर' उपलब्ध कराए गए हैं और लोगों को दो करोड़ पक्के घर देने के लिए बजटीय प्रावधान किया गया है। ओडिशा के करीब 25 लाख लोगों को पक्के घर मिल चुके हैं। कहा-जिनके पास पक्के घर नहीं हैं उन्हें भी जल्द पक्के घर मिलेंगे।

## एक नजर

### 2.2 करोड़ की मेफेड्रोन के साथ 4 लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 2.2 करोड़ रुपये की मेफेड्रोन के साथ दो नाइजीरियाई नागरिकों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुंबई में अंधेरी पश्चिम के वर्सोवा में कथित तौर पर 2.04 करोड़ रुपये के मेफेड्रोन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि दोनों की पहचान महेंद्र चंद्र सिंह (40) और सैयद मुर्तुजा फहमी (37) के रूप में की।

### कोर्ट ने मकोका के तीन आरोपियों को किया बरी

**ठाणे।** ठाणे जिले की एक अदालत ने जघन्य अपराधों में संलिप्तता के आरोप में कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामले में तीन लोगों को बरी कर दिया है। विशेष न्यायाधीश अमित शेटे ने शुक्रवार को आरोपी प्रकाश दशरथ धन्वा (26), मिलिंद शंकर धन्वा (25) और दशरथ टंडेल (52) को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित नहीं कर पाया। तीनों के खिलाफ पालघर जिले के वाडा, मनोर, विरार, तुलिंज, और बोईसर पुलिस थाना की सीमा में हत्या के प्रयास में मकोका लगाया गया था।

## नीतीश ने गृह विभाग अपने पास रखा, वित्त और स्वास्थ्य विभाग भाजपा के हिस्से में

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नए मंत्रिमंडल में विभागों का आवंटन करते हुए गृह विभाग अपने पास रखा जबकि वित्त विभाग भाजपा को दिया है। एक अधिसूचना के अनुसार, गृह के अलावा कुमार ने कैबिनेट सचिवालय, चुनाव, सतर्कता, सामान्य प्रशासन जैसे प्रमुख विभाग भी अपने पास रखे हैं। साथ ही किसी और को आवंटित नहीं किए गए अन्य सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त व स्वास्थ्य विभाग का प्रभार सौंपा गया है।

## शिवसेना नेता की स्थिति नाजुक, विपक्ष का शिंदे पर निशाना

ठाणे, एजेंसी

▸▸ भाजपा विधायक ने शिवसेना नेता को मारी थी गोली

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भूमि विवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक द्वारा गोली चलाने के बाद शिवसेना के एक नेता को कई गोलियां लगीं और उनकी हालत नाजुक है। इसके बाद विपक्ष ने राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के इस्तीफे की मांग की।

उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उन्होंने यह पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं कि विधायक ने किस कारण से और किन परिस्थितियों में गोली चलाई।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे ने मीडिया को बताया कि कल्याण से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शुक्रवार रात उल्हासनगर इलाके में हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड पर गोलियां चलाईं थीं।

## मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है : खरगे

ब्यूरो, नई दिल्ली

▸▸ कांग्रेस अध्यक्ष ने न्याय संकल्प रैली में साधा निशाना



**अमृत विचार:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां शनिवार को कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में भारत जोड़ो-न्याय यात्रा निकाल रहे हैं और अगर यह संघर्ष विफल रहा तो मोदी सरकार के तहत लोगों को नुकसान होगा। 'न्याय संकल्प सम्मेलन' रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई तीखे हमले किए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार मुहैया कराने और देश में पैदा हुए काले धन को वापस लाने के अपने वादों को पूरा नहीं किया।

खरगे ने कहा-मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है। उन्होंने प्रधान मंत्री पर देश पर अपने विचार थोपने और सत्ता हासिल करने के लिए सभी को दंडित करने" की कोशिश करने का आरोप लगाया। खरगे ने कांग्रेस की ओर से राहुल को धन्यवाद दिया और कहा कि यात्रा निकालने का उनका फैसला शायद पार्टी में किसी भी नेता द्वारा उठाया गया अब तक का सबसे बड़ा कदम है। वह युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीब लोगों सहित सभी के लिए न्याय मांग रहे हैं। इतनी विपरीत परिस्थितियों और ठंड के बावजूद वह यात्रा निकाल रहे हैं। वह भाजपा सरकार के अत्याचारों के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह लड़ाई लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने के लिए है। यदि आप इस लड़ाई में कांग्रेस का समर्थन करने में विफल रहते हैं, तो आप मोदी के गुलाम बन जाएंगे।

खरगे ने कहा कि हमारी लड़ाई आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ है। वे देश को खत्म करना चाहते हैं और गरीबों को अलग करना चाहते हैं। कांग्रेस को भाजपा की विभाजनकारी नीति के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए हर घर में जाना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेसियों सहित देश में जो भी व्यक्ति समझदारी की बात करता है, उस पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए देश के लोगों और विपक्षी दलों को "डराना" चाहती है।

## झारखंड विस में विश्वास मत में भाग ले सकेंगे हेमंत सोरेन

रांची, एजेंसी

▸▸ रांची की एक विशेष अदालत ने दी है अनुमति



रांची की एक विशेष अदालत ने शनिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच फरवरी को राज्य विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति दे दी। धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बुधवार को गिरफ्तार किए गए हेमंत सोरेन ने विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में हेमंत ने चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार के विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति मांगी थी।

अदालत ने शुक्रवार को सोरेन को पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। सोरेन ने अदालत के समक्ष दलील दी कि वह विधानसभा के सदस्य हैं और उन्हें विशेष सत्र में भाग लेने का अधिकार है। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता (हेमंत सोरेन) अर्जी दायर कर इस अदालत से एक आदेश का अनुरोध कर रहा है, ताकि उन्हें झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने और पांच फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे होने वाले विश्वास मत की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दी जा सके।'' चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार को पांच फरवरी को सदन में बहुमत साबित करने के लिए विश्वास मत हासिल करना है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई ने मुख्यमंत्री का पद संभाला था। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि ईडी ने याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई। रंजन ने कहा-हमने कहा कि मामला अब उजागर हो चुका है और ईडी का उद्देश्य कोई जांच करना नहीं, बल्कि नयी सरकार के गठन में बाधा डालना या सरकार गिराना है।

### अदालत से संजय सिंह को राहत, राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राहत देते हुए उन्हें पांच फरवरी को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति दे दी। अदालत की इजाजत के बाद श्री सिंह दोबारा राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। अदालत ने जेल अधिकारियों को श्री सिंह को सोमवार सुबह 10 बजे संसद ले जाने का निर्देश दिया। आप सांसद ने शुक्रवार को अदालत से संसद के बजट सत्र में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी थी। पार्टी सूत्रों ने यहां बताया कि अदालत ने आज उन्हें शपथ लेने की मंजूरी दे दी। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और श्री सिंह को हालांकि दिल्ली शराब घोटाले मामले में अदालत से राहत नहीं मिली है। दरअसल अदालत ने दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत अब 17 फरवरी तक बढ़ा दी है। इससे पहले 20 जनवरी को दिल्ली अदालत ने आप के दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत को तीन फरवरी तक बढ़ा दी थी। 'आप' के दोनों नेताओं को शराब घोटाले में न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था।

### ममता ने श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरण की घोषणा की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार 21 फरवरी तक राज्य के 21 लाख मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरित कर देगी, जिनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। बनर्जी ने शुक्रवार को शहर में बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा के सामने 48 घंटे का धरना शुरू किया और केंद्र से विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए " बकाया राशि" जारी करने की मांग की। बनर्जी ने धरनास्थल से घोषणा की, हमें भाजपा से भीख नहीं मांगनी है और न ही भाजपा की भीख चाहिए। 21 फरवरी तक हम उन 21 लाख श्रमिकों के बैंक खातों में पैसे अंतरित कर देंगे, जिन्हें पिछले तीन साल से काम करने के बाद भी मनरेगा का पैसा नहीं मिला है।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-1865, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1580, जय जवान 1435, सचिन 1420, सूरज 1460, अवसर 1500, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती 1 किलो, 5किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन** -मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9900-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14200, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी** -डालमियां 4030, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी (नई) 4090 रुपये।

# 6.7% रहेगी अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर

## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने ताजा रिपोर्ट में वर्ष 2030-31 तक के लिए जताई उम्मीद

कोलकाता, एजेंसी



क्रिसिल ने कहा कि वर्तमान दशक के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 से 2030-31 के बीच अर्थव्यवस्था इस दर से बढ़ेगी।

एजेंसी के मुताबिक यह दर महामारी से पहले की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है। क्रिसिल के अनुसार इस प्रवृत्ति में पूंजी का मुख्य रूप से योगदान होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने निर्माण गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और राज्यों के निवेश प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दे रही है।

क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बाद, अगले वित्त वर्ष में इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ब्याज दर के मोर्चे पर सतर्क रहेगा, क्योंकि उसकी नजर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के स्तर पर लाने पर रहेगी।

### इंजीनियरिंग उद्योग 2030 तक निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को उत्साहित

**नई दिल्ली।** देश के इंजीनियरिंग निर्यात क्षेत्र ने शनिवार को कहा कि यह क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं और 2030 तक इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को लेकर उत्साहित और इस क्षेत्र के बार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों से इस उद्योग का विश्वास बढ़ा है। श्री मोदी ने भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के तत्वावधान में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 का शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में उद्घाटन किया था और प्रदर्शनी का अवलोकन किया था। ईईपीसी की शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के उत्साहजनक शब्दों के बाद निर्यात बाजार में अपनी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग क्षेत्र उद्योग में पीएम के विश्वास से उत्साहित है और उम्मीद है कि 2030 तक भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। श्री गरोडिया ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री ने कल्पना की है कि भारत एक विकसित देश बनने के लिए पूरी तरह तैयार है और इंजीनियरिंग क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गरोडिया ने कहा- जैसा कि देश के गतिशीलता क्षेत्र में परिवर्तन चल रहा है, इंजीनियरिंग क्षेत्र यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार को अपना रहा है कि भारत उद्योग 4.0 में दुनिया का नेतृत्व करे। इंजीनियरिंग क्षेत्र भारत को वैश्विक निर्यात केंद्र बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पूर्वी क्षेत्र कृषि मेले का किया शुभारंभ

**खूंटी/रांची।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी, झारखंड में पूर्वी क्षेत्र कृषि मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुंडा ने कहा कि यह मेला देश के पूर्वी क्षेत्र के किसानों के लिए काफी लाभदायक होगा, जिसकी सार्थकता खेतों में नजर आएगी। केंद्र सरकार की कोशिश है कि हर राज्य खेती में आत्मनिर्भर बने और हमारे किसानों की आय बढ़े। किसानों को गर्व से यह कहने का मौका मिले कि हम किसी के मोहताज नहीं हैं, बल्कि हम मजबूत हैं और हमारे माध्यम से हमारा देश भी सशक्त है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, रांची के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र, तोरपा, खूंटी में आयोजित इस मेले में पूर्वी राज्यों के हजारों किसान शामिल हुए हैं।

## पीएलआई योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले-उद्योगों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी अहम



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि उद्योग को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि उद्योग के लिए आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

उन्होंने पीएलआई प्रोत्साहन का लाभ पाने वाली कंपनियों से योजना के बेहतर कार्यान्वयन के लिए रचनात्मक आलोचना और प्रतिक्रिया" साझा करने को कहा। उन्होंने कहा-यह विचार भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनाने का है और आगे एक लंबी यात्रा तय करनी है। सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों सहित 1,200 से अधिक हितधारक यहां 14 पीएलआई योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। गोयल ने कहा-इन प्रोत्साहनों को बैसाखी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए और हम आपको सरकारी सब्सिडी पर निर्भर नहीं बनाना चाहते हैं। यह केवल एक शुरुआत की तरह है। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना केवल आपको शुरुआत में थोड़ा सा बढ़ावा देने के लिए है और कृपया इसे प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखें, (क्योंकि) आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,050-48,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,350 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ ने जताया समर्थन

उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने एक साथ चुनाव कराने के लिए अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि इससे केंद्र और राज्य स्तर पर चुनावी चक्र एक हो जाएंगे।

सीआईआई ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सीआईआई ने शुक्रवार को एक देश एक चुनाव (ओएनओई) पर उच्च स्तरीय समिति के सामने अपने विचार रखे। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में ओएनओई पर उच्च स्तरीय समिति ने अपनी पांचवीं बैठक की। उद्योग निकाय ने कहा कि सीआईआई का विचार चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के आर्थिक लाभों पर आधारित है, जिससे शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसने कहा कि बार-बार चुनावों से नीति निर्माण और प्रशासन में व्यवधान होता है, जिससे सरकार की नीतियों के बारे में अनिश्चितता पैदा होती है।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज ने जीता एशिया का इश्यूअर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमि. को 2023 के लिए आईएफआर एशिया के इश्यूअर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कई बाजार चुनौतियों पर काबू और धन संग्रह के बड़े सौदों में अधिक मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए दिया गया। इंटरनेशनल फाइनेंसिंग रिव्यू (आईएफआर) निश्चित आय, पूंजी बाजार और निवेश बैंकिंग समाचार, विश्लेषण के लिए विश्व स्तर पर प्रमुख वित्तीय प्रकाशन है। आईएफआर ने कहा कंपनी ने बड़े सौदों से इष्टतम मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए वित्तपोषण को संतुलित किया है।

## धनशोधन की चिंताओं के चलते आरबीआई को लगाना पड़ा पेटीएम बैंक पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ ऑडिट रिपोर्ट में नियमों के गैर अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी मिली थीं गड़बड़ियां



धन शोधन संबंधी चिंताओं और वॉलेट पेटीएम तथा इसकी बैंकिंग शाखा के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के कारण भारतीय रिजर्व बैंक को विजय शेखर शर्मा द्वारा संचालित इकाइयों पर शिकंजा कसना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था। आरबीआई ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। आरबीआई ने इसके पहले 11 मार्च, 2022 को पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है।

# रामकुमार-बालाजी ने पाकिस्तान पर दिलाई 2-0 से बढ़त

## डेविस कप में भारत की जीत के साथ शुरुआत, युकी भांबरी और साकेत के मैच आज

इस्लामाबाद, एजेंसी

भारत ने रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी के मैचों में जीत दर्ज कर शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान पर 2-0 से बढ़त बना ली। ऐसाम उल हक ने एकल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तीसरे सेट में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछड़ गए। रामकुमार ने ऐसाम से पहला सेट गंवा दिया था लेकिन वापसी करते हुए 6-7(3), 7-6(4), 6-0 से जीत हासिल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया।



रामकुमार रामनाथन। ● एजेंसी

बारिश से प्रभावित दूसरे एकल में बालाजी को अकील खान ने चुनौती दी लेकिन वह पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी को 7-5, 6-3 से पराजित करने में सफल रहे। बालाजी ने दोनों सेट में एक-एक बार अकील की सर्विस तोड़ी। उनकी मजबूत सर्विस, ड्रॉप शॉट्स का बखूबी इस्तेमाल और मूवमेंट अंत में उन्हें आसान जीत दिलाने में सफल रहे।

भारत अब विश्व ग्रुप एक में जगह बनाने से एक जीत दूर है। युकी भांबरी और साकेत मायनेनी अब रविवार को मुकाबला जीतने की कोशिश करेंगे। तीसरे मैच में उनका सामना मुजम्मिल मुर्तजा और बरकत उल्लाह की जोड़ी से होगा।

### राम और क्राजिसेक ने अमेरिका को दिलाई अजेय बढ़त

**विनियस (लिथुआनिया)।** राजीव राम और ऑस्टिन क्राजिसेक ने यूक्रेन के खिलाफ युगल मैच जीतकर बेस्ट ऑफ फाइव क्वालीफाइंग में 3-0 की अजेय बढ़त के साथ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप राउंड में अमेरिका का स्थान सुरक्षित किया। राम और क्राजिसेक ने शुक्रवार को इलिया बेलोबोरोडको और ओलेक्सी क्रुतिख की जोड़ी को 6-3, 4-6, 6-3 से हराया। इससे पहले सेबेस्टियन कोर्डा और क्रिस यूबैंक्स ने एकल वर्ग के मैच में जीत के साथ अमेरिका को शुरुआत दिलाई थी। कोर्डा ने क्रुतिख को 6-3, 6-7, 6-4 से, जबकि यूबैंक्स ने व्याचेस्लाव बिलिंस्की को 6-3, 6-2 से हराया था। फ्रिट्ज ने शुक्रवार को वापसी करते हुए ओर्लोव व्लादिस्लाव को 6-3, 6-4 से हराकर अमेरिका की बढ़त को 4-0 कर दिया। नोवाक जोकोविच के बिना खेल रही मेजबान सर्बिया की टीम स्लोवाकिया से 0-2 से पिछड़ रही है। एलेक्स मोल्कन ने दुसान लाजोविच से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मैच में लुकास क्लेन ने मायोमीर केकमानोविच को हराया।

# साई सुदर्शन के शतक से भारत ए ने खड़ा किया रनों का पहाड़

अहमदाबाद, एजेंसी

साई सुदर्शन के शानदार शतक से भारत ए शनिवार को तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

**इंग्लैंड लायंस ने दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर बनाए 83 रन**

सुदर्शन ने 240 गेंद में 117 रन की पारी खेली, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 409 रन बनाकर कुल 402 रन की विशाल बढ़त हासिल की। जीत के लिए 403 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड लायंस ने स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट गंवाकर 83 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड को मैच जीतकर श्रृंखला बराबर करने के लिए अंतिम दिन 320 रन और बनाने होंगे।



मेजबान टीम अभी श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाए हुए है। भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 148 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। सुदर्शन ने 54 रन की पारी को शतक में बदला।

रिंकू सिंह ने 25 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 38 रन बनाए। रिंकू और सुदर्शन ने चौथे विकेट के लिए 55 रन की भागीदारी निभाई। सुदर्शन ने फिर कुमार कुशाग्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की।

### पिछले टेस्ट मैच में महज 3 रन से शतक लगाने से चूके गए थे सुदर्शन

तमिलनाडु के 22 साल के खिलाड़ी सुदर्शन ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पिछले टेस्ट में 97 रन बनाए थे लेकिन इस मैच में वह अर्धशतक को शतक में तब्दील करने से नहीं चूके, उन्होंने पारी में 16 चौके जड़े थे। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन पांच पारियों में महज एक अर्धशतक जड़ सके हैं। सारांश जैन (63) और आकाश दीप (31) ने आठवें विकेट के लिए 60 रन जोड़कर भारत ए को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। जैन ने फिर गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए फॉर्म में चल रहे कीटन जेनिंग्स (27) और ओलिवर प्राइस (11) के विकेट झटक लिए।

# यशस्वी जायसवाल ने बल्ले, बुमराह ने गेंद से इंग्लैंड पर बरसाया कहर

## पहली पारी में भारत ने बनाए 396 रन, जवाब में 253 पर सिमटी इंग्लैंड की पूरी टीम

विशाखापत्तनम, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के बाद जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शनिवार को अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बुमराह ने 45 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड की पहली पारी 55.5 ओवर में 253 रन पर सिमट गई। भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाकर कुल 171 रन की बढ़त हासिल कर ली। कप्तान रोहित शर्मा 13 और यशस्वी जायसवाल 15 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड के जैक क्राउली ने आक्रामक शुरुआती की। वह 78 गेंद में 76 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। इस मैच में बुमराह ने कॅरिअर में 10वीं बार पांच विकेट झटकने के साथ टेस्ट में 150 विकेट का आंकड़ा छुआ। वह वकार यूनुस के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज एशियाई गेंदबाज है। जो रूट (पांच),

**209 रन बनाए यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में**

**6 विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह ने तोड़ी इंग्लैंड की कमर**

ओली पोप (23), जॉनी बेयरस्टो (25) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (47) को बुमराह ने अपनी चतुराई से चकमा देकर आउट किया। बुमराह को कुलदीप यादव का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 3 विकेट लिए। कुलदीप ने बेन डकेट को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

हालांकि मुकेश कुमार के खिलाफ इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाए। भारतीय टीम तीसरे दिन ऐसे स्कोर तक पहुंचना चाहेगी जिसे हासिल करना इंग्लैंड के लिए काफी मुश्किल हो। पिच से अब असामान्य उछाल मिल रहा है और ऐसे स्थिति में बैजबॉल क्रिकेट खेलने वाली इंग्लैंड के लिए 400 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा।



### दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी

यशस्वी जायसवाल शनिवार को दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद पर 209 रन बनाए। इससे पहले विनोद कांबली ने 1993 में 22 साल से कम उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। कांबली से पहले सुनील गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था।



### मुश्किलों भरा रहा कामयाबी का सफर

उत्तर प्रदेश के भदोही के रहने वाले निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले यशस्वी जायसवाल की जिंदगी मुश्किलों से भरी रही है। वह 11 साल की उम्र में आजाद मैदान में प्रशिक्षण लेने के लिए भदोही से मुंबई पहुंचे थे। वहां गुजारा चलाने के लिए छोटे-मोटे काम किए। यहां तक की सड़क किनारे पानी पूरी भी बेची। प्राशिक्षण के शुरुआती सालों में आजाद मैदान के कर्मियों के साथ तंबू में रहे। यशस्वी 2020 में अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद सुर्खियों में आए। उसी साल राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल की नीलामी में उन्हें टीम से जोड़ा।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | 253/10 (55.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली का अय्यर बो अक्षर | 76 | 78 | 11/2 |
| बेन डकेट का पाटीदार बो कुलदीप | 21 | 17 | 4/0 |
| ऑली पोप बो बुमराह | 23 | 55 | 2/0 |
| जो रूट का गिल बो बुमराह | 5 | 10 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का गिल बो बुमराह | 25 | 39 | 4/0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 47 | 54 | 5/1 |
| बेन फोक्स बो कुलदीप | 6 | 10 | 1/0 |
| रेहान अहमद का गिल बो कुलदीप | 6 | 15 | 1/0 |
| टॉम हार्टले का गिल बो बुमराह | 21 | 24 | 2/1 |
| जेम्स एंडरसन पगबाधा बुमराह | 6 | 19 | 1/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 8 | 15 | 1/0 |

**अतिरिक्त :** 9, कुल : 55 .5 ओवर में ऑल आउट : 253 रन, **विकेट पतन :** 1-59, 2-114, 3-123, 4-136, 5-159, 6-172, 7-182 , 8-229, 9-234, **गेंदबाजी :** बुमराह 15 .5-5-45-6, मुकेश 7-1-44-0, कुलदीप 17-1-71-3, अश्विन 12-0-61-0, अक्षर 4-0-24-1

| भारत | 396/10 (112 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी का बेयरस्टो बो एंडरसन | 209 | 290 | 19/7 |
| रोहित शर्मा का पोप बो बशीर | 14 | 41 | 0/0 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो एंडरसन | 34 | 46 | 5/0 |
| श्रेयस अय्यर का फोक्स बो हार्टले | 27 | 59 | 3/0 |
| रजत पाटीदार बो रेहान | 32 | 72 | 3/0 |
| अक्षर पटेल का रेहान बो बशीर | 27 | 51 | 4/0 |
| श्रीकर भरत का बशीर बो रेहान | 17 | 23 | 2/1 |
| अश्विन का फोक्स बो एंडरसन | 20 | 37 | 4/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 8 | 42 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का रूट बो रेहान | 6 | 9 | 1/0 |
| मुकेश कुमार का रूट बो बशीर | 0 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 02, कुल :112 ओवर में ऑल आउट : 209 रन, **विकेट पतन :** 1-40, 2-89, 3-179, 4-249, 5-301, 6-330, 7-364, 8-383, 9-395, **गेंदबाजी :** एंडरसन 25-4-47-3, रूट 14-0-71-0, हार्टले 18-2-74-1, बशीर 38-1-138-3, रेहान 17-2-65-3

## खेल डायरी

### मेस्सी-बार्सिलोना के बीच करार का नैपकिन होगा नीलाम

**लंदन।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का स्पेन की क्लब बार्सिलोना के साथ रिकॉर्ड तोड़ कॅरिअर एक नैपकिन पर लिखे अनुबंध के साथ शुरू हुआ था। यह नैपकिन 300,000 पाउंड (लगभग 3 .15 करोड़ रुपये) की शुरुआती कीमत के साथ नीलामी के लिए तैयार है। ब्रिटेन की नीलामी करने वाली कंपनी बोनहम्स 18 से 27 मार्च तक इसके लिए ऑनलाइन बोली का आयोजन करेगी। बोनहम्स ने इसके लिए मेस्सी के गृह देश अर्जेंटीना के उनके एक प्रतिनिधि होरासियो गैगियोली से करार किया है। 14 दिसंबर 2000 की तारीख वाले इस नैपकिन पर गैगियोली, एक अन्य प्रतिनिधि जोसेप मारिया मिंगुएला और बार्सिलोना के तत्कालीन खेल निदेशक कार्ल्स रेक्साच के हस्ताक्षर हैं। इसमें मेस्सी के साथ करार करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा तैयार की गई थी।

### अस्मिता थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारी

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा का शनिवार को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट का सफर महिला एकल सेमीफाइनल में थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से हारकर समाप्त हो गया। गुवाहाटी की 24 साल की अस्मिता को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज सुपानिडा ने 21-13, 21-12 से हराया। सुपानिडा ने पहले गेम में 8-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बाद अस्मिता को वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में अस्मिता ने सुपानिडा को शुरुआत में टक्कर दी, जिससे स्कोर 6-7 था। वह इसके बाद लय जारी नहीं रख सकी। सुपानिडा ने अगले 10 में से 9 अंक अपने नाम कर अस्मिता को मुकाबले से बाहर कर दिया।

### विश्व चैंपियनशिप के लिए आरती ने किया क्वालीफाई

**पुणे।** भारतीय शटलर आरती पाटिल ने 20 से 25 फरवरी तक थाईलैंड में होने वाली बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में अपनी जगह पक्की कर ली है। 23 वर्षीय कोल्हापुर निवासी आरती महिला एकल एसयू-5 विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर है। खेलो इंडिया की स्वर्ण पदक विजेता आरती ने 2017 एशियाई युवा पैरा खेलों में मिश्रित युगल में रजत पदक जीता था। उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय पैरा-बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में महिला एकल और युगल में 7 कांस्य पदक जीते हैं।



### भारत की श्रीवल्ली और जील देसाई ने किया उलटफेर

**मुंबई ओपन**

**मुंबई।** भारत की श्रीवल्ली भामिदिपति ने शनिवार को डब्ल्यूटीए टूर पदार्पण करते हुए मुंबई ओपन के पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच में यूनान की वालेनटिनी ग्रामाटिकोपोलू को हराकर उलटफेर किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली जील देसाई ने भी यूनानी खिलाड़ी साफो साकेलारिडी को हराकर बाहर किया। श्रीवल्ली ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 117वीं विश्व रैंकिंग पर काबिज वालेनटिनी को 6-3, 6-2 से पराजित किया। जील देसाई ने साफो पर 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। गैर वरीय वैदेही चौधरी भी प्रतिद्वंद्वी चौथी वरीय देजाना रादानोविच के रिटायर्ड हर्ट होने पर दूसरे दौर में पहुंच गईं। मधुरिमा सावंत और समीक्षा श्राफ अगले दौर में नहीं पहुंच सकीं।

### नेपाल की टीमों की ट्रेनिंग में मदद करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई करीब एक दशक से अफगानिस्तान क्रिकेट की मदद करता रहा है और अब नेपाल के खिलाड़ियों को बुनियादी ढांचे और ट्रेनिंग संबंधित सहायता देने के लिए तैयार है। संभावना है कि नेपाल की सीनियर राष्ट्रीय टीम जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने के लिए अमेरिका रवाना होने से पहले दिल्ली में ट्रेनिंग कर सकती है और कुछ अभ्यास मैच भी खेल सकती है। नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) के अध्यक्ष चतुर बहादुर ने शुक्रवार को महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) बैठक के दौरान बीसीसीआई सचिव जय शाह से मुलाकात की। उन्होंने अपने देश के उभरते क्रिकेटरों मदद मुहैया कराने का अनुरोध किया। सीएएन के मुताबिक बीसीसीआई सचिव ने उनसे एक आधिकारिक मसौदा तैयार करने को कहा कि वे बीसीसीआई से किस तरह की मदद की उम्मीद करते हैं।

# विराट कोहली की वापसी पर संदेह केएल राहुल के फिट होने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

**डिविलियर्स ने किया खुलासा कहा- जल्द ही दूसरे बच्चे के पिता बनने वाले हैं विराट कोहली**

विराट कोहली की इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी मैचों में वापसी पर संदेह है। कोहली इस समय देश से बाहर हैं। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर या बीसीसीआई के अधिकारी उनसे बात करेंगे ताकि पता चल सके कि वह टीम में शामिल होने की स्थिति में हैं या नहीं। बताया जा रहा है कि कोहली का टेस्ट से बाहर होने का व्यक्तिगत कारण उनके दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार है जिसका खुलासा उनके करीबी मित्र और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के पूर्व साथी एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर किया है। डिविलियर्स ने कहा कि कोहली ने ब्रेक लेकर बिल्कुल सही किया है। उनके दूसरे बच्चे का जन्म होने वाला है। यह परिवार का समय है।

# आर्यन और करन ने असम के खिलाफ ठोका दोहरा शतक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी और असम के बीच रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को यूपी टीम ने आर्यन जुयाल और करन शर्मा के दोहरे शतकों की बदौलत 8 विकेट पर 548 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जवाब में असम ने भी सधी हुई शुरुआत करते हुए खेल समाप्त होने तक 39 ओवर में बिना किसी नुकसान के 116 रन बना लिए।

**548 रनों के जवाब में असम ने बिना नुकसान के बनाए 116 रन**



आर्यन जुयाल और करन शर्मा।

दूसरे दिन यूपी ने 319 रनों से आगे खेलना शुरू किया। आर्यन जुयाल 278 गेंदों पर 21 चौके व एक छक्के की मदद से 201 रन बनाकर आउट हुए। आर्यन और करन शर्मा के बीच 444 गेंदों में 298 रनों की साझेदारी हुई। चौथा विकेट कप्तान नितीश राणा का गिरा। उन्होंने राहुल सिंह की गेंद पर परवेज खान को कैच दे दिया। इस समय यूपी का स्कोर 420 रन था।

लंच तक यूपी ने 4 विकेट के नुकसान पर 113 ओवर में 474 रन बना लिए थे। पांचवां विकेट अकाशदीप का गिरा। उन्होंने 53 रन बनाए। इसके बाद एम दत्ता की गेंद पर समीर रिजवी अभिषेक को कैच देकर चलते बने। इस समय यूपी का स्कोर छह विकेट पर 537 रन रहा। सातवां विकेट करन शर्मा का गिरा। करन ने 208 रनों का योगदान दिया। उन्होंने 300 गेंदों पर 21 चौके व दो छक्के लगाए। 128.3 ओवर में एम दत्ता की गेंद पर शिवम शर्मा के तीन रन बनाकर आउट होते ही यूपी ने पारी घोषित कर दी। जवाब में असम की भी शुरुआत अच्छी रही। परवेज मुशर्रफ (53), राहुल हजारिका (51) रन पर खेल रहे हैं। असम के गेंदबाज एम दत्ता ने चार, राहुल सिंह ने तीन, मुख्तार हुसैन ने एक विकेट लिया।

# बॉलीवुड हलचल

## मार्च में रिलीज होगी करीना, तब्बू और कृति की द क्रू

अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म द क्रू 29 मार्च में रिलीज होगी। फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन लीड रोल में हैं। मेकर्स ने रिलीज डेट का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है। इसमें करीना, तब्बू और कृति एयर होस्टेस की पोशाक में दिख रही हैं। तीनों एयरपोर्ट की एक गैलरी में चलते हुए दिख रही हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में आवाज आती है, देवियों और सज्जनों, मैं आपका कैप्टन बोल रहा हूं। आज की फ्लाइट में आपका स्वागत है। हमारा क्रू आपका बहुत ख्याल रखेगा, लेकिन आपसे एक अनुरोध है कि अपनी चोली कसकर पकड़ लें ताकि दिल बाहर ना गिर जाए। वीडियो के आखिरी में द क्रू की रिलीज डेट 29 मार्च बताई गई है। करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अपनी कमर कस लें, अपना पॉपकॉर्न तैयार करें, और परोसने के लिए तैयार हो जाएं। द क्रू मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करीना ने कैप्शन में रिया कपूर, कपिल शर्मा और एकता कपूर को भी टैग किया और बताया कि फिल्म में इनकी स्पेशल अपीयरेंस होगी।



### फराह खान ने शोएब इब्राहिम के एक्ट की तारीफ की

कोरियोग्राफर फराह खान ने शोएब इब्राहिम की तारीफ करते हुए कहा कि आपके परफॉर्मेंस से लगता है जैसे मुझे ओम शांति ओम पार्ट 2 की कहानी मिल गई है। इस वीकेंड, सोनी पर रियलिटी शो झलक दिखला जा में जूही चावला के कुछ सबसे प्रतिष्ठित गीतों पर प्रतियोगियों द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली डांस परफॉर्मेंस दी जाएगी।

## भूल भुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता, शरवरी की एंट्री

साल 2022 में रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 को लोगों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी नजर आई थीं। इसके बाद मेकर्स ने इसके तीसरे भाग को बनाने का फैसला किया। फिल्म भूल भुलैया 3 के लिए कार्तिक आर्यन का नाम शुरुआत से फाइनल कर दिया गया था लेकिन अभिनेत्री को लेकर लगातार अलग-अलग खबरें आ रही हैं। पहले कहा गया कि फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी की जगह सारा अली खान नजर आएंगी। अब ताजा रिपोर्ट है कि फिल्म में शरवरी वाघ की एंट्री हो गई है। दरअसल कार्तिक आर्यन और शरवरी वाघ को टी-सीरीज के ऑफिस के बाहर देखा गया था। इसके बाद से खबरें आने लगीं कि भूल भुलैया 3 में कियारा आडवाणी और सारा अली खान नहीं बल्कि शरवरी वाघ नजर आएंगी। हालांकि निर्माता की तरफ से अब तक कोई बयान नहीं आया है।

शरवरी वाघ ने 2015 में फिल्म प्यार का पंचनामा में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर कॅरिअर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कुछ फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। शरवरी वाघ ने साल 2021 में फिल्म बंटी और बबली 2 से अपने एक्टिंग कॅरिअर की शुरुआत की। वहीं कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 के अलावा चंदू चैंपियन, आशिकी 3 और कैप्टन इंडिया जैसी फिल्में कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन पिछले साल जून में रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे।



## कार्तिक आर्यन आंखों में सितारे लेकर मुंबई आने वाले लोगों के सच्चे प्रतिनिधि : मनोज बाजपेयी

अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्म सत्यप्रेम की कथा में सत्तू के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक) का अवॉर्ड मिलने पर कार्तिक आर्यन की तारीफ की। वहीं जब मनोज बाजपेयी को अवॉर्ड मिला तो उन्होंने यह अवॉर्ड खासतौर से कार्तिक आर्यन को समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कार्तिक को मंच पर बुलाया और उन्हें इंडस्ट्री में आउटसाइडर लोगों का सच्चा प्रतिनिधि बताया और अपना अवॉर्ड भी उन्हें समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कहा कि कार्तिक अपनी आंखों में सितारे लेकर बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं और इसे सरासर लचीलापन, बुद्धिमत्ता और पूर्ण समर्पण के साथ बनाते हैं। इसलिए निर्देशक द्वारा धन्यवाद देने से पहले, वह उनका और उन जैसे सभी अभिनेताओं को धन्यवाद देता हैं, जो इतना साहस जुटा रहे हैं। जो इस बड़ी सिटी मुंबई आए हैं और दरवाजा खुलने तक हर समय जोर-जोर से दरवाजा खटखटाते रहते हैं, जब तक वह खुल न जाए।



### अक्षय कुमार के गाने शंभू का टीजर रिलीज

अभिनेता अक्षय कुमार के नए गाने शंभू का टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग म्यूजिक वीडियो शंभू का टीजर जारी किया है। टीजर में अक्षय कुमार महादेव के किरदार में तांडव करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने गाने की रिलीज डेट 5 फरवरी बताई है। अक्षय कुमार ने जय महाकाल लिखकर पोस्ट शेयर की है। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है। अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे है, जबकि संगीत विक्रम मोंट्रोस ने दिया है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# सैन फ्रांसिस्को में खालिस्तानी समर्थक आपस में भिड़े

**सैन फ्रांसिस्को।** खालिस्तानी समर्थकों से जुड़ा एक वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के मुताबिक, सैन फ्रांसिस्को में कई खालिस्तानी समर्थक हाथ में खालिस्तानी झंडा लिए खड़े हुए थे। बड़ी संख्या में खालिस्तानी समर्थक वहां नारेबाजी कर रहे थे।

इसी दौरान, अचानक वहां मौजूद खालिस्तानी समर्थक एक-दूसरे पर हमला करने लगे। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि वहां मौजूद पुलिसकर्मी इस झड़प को थामने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान बवाल में शामिल लोग खालिस्तान के झंडे लहराते दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर सिद्धांत सिब्बल ने इस वीडियो को अपनी पोस्ट के जरिए साझा किया।

# सर्वोच्च नागरिक सम्मान है भारत रत्न




*भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह सम्मान 2 जनवरी 1954 को स्थापित किया गया था। तब से यह सम्मान 'मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र' में योगदान के लिए 26 जनवरी को दिया जाता है। भारत रत्न के लिए सिफारिशें प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को की जाती हैं। इसमें प्रति वर्ष अधिकतम 3 व्यक्तियों को पुरस्कार देने का प्रावधान है। सम्मानित व्यक्ति को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाण पत्र) और एक पीपल के पत्ते के आकार का पदक मिलता है। यह सम्मान 13 जुलाई 1977 से 26 जनवरी 1980 तक निलंबित भी किया गया था।*

## सम्मान के बाद मिलता है इनता कुछ

- पीपल के पत्ते के आकार का पदक।
- भारत के राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाणपत्र)।
- कैबिनेट मंत्री के बराबर वीआईपी का दर्जा, जबकि किसी राज्य में जा रहे हैं तो राज्य अतिथि का दर्जा।
- स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हो सकते हैं।
- भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति को हवाई जहाज (एग्जीक्यूटिव क्लास), ट्रेन और बस में निशुल्क यात्रा की छूट।
- राजनयिक पासपोर्ट का अधिकार।
- भारतीय वरीयता क्रम में सातवें स्थान पर रखा गया और राज्य सरकारें विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं।

## 3 विभूतियों को एक साथ मिला था सम्मान

आजाद भारत के पहले गवर्नर-जनरल और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सी राजगोपालाचारी, दूसरे राष्ट्रपति और भारत के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा नोबेल पुरस्कार विजेता और भौतिक वैज्ञानिक सीवी रमन को 1954 में एक साथ सम्मानित किया था। उस समय राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद थे। 48 व्यक्तियों को यह सम्मान मिल चुका है। शुरुआत में यह सम्मान सिर्फ जीवित व्यक्तियों के लिए था, लेकिन 1955 में नियमों में सुधार किया गया।

## मिलता है वीआईपी का दर्जा

भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति वीआईपी में शामिल होता है। प्रोटोकॉल में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, लोकसभा स्पीकर, कैबिनेट मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता के बाद जगह मिलती है। भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति को राशि नहीं मिलती, लेकिन कैबिनेट मंत्री के बराबर वीआईपी का दर्जा मिलता है।

## 50वां भारत रत्न

वर्ष 2024 में केंद्र सरकार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) को भारत रत्न देने के फैसला किया। अब यह पुरस्कार पाने वालों की संख्या 50 हो गई है।

## अब तक इन महान विभूतियों को मिल चुका है भारत रत्न

- **1954** में पहली बार साल पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन, डॉक्टर चंद्रशेखर वेंकट रमन,और स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को।
- **1955** में मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और डॉ. भगवान दास।
- **1957** में पंडित गोविंद वल्लभ पंत को यह सम्मान दिया गया था।
- **1958** में डॉ. धोंडो केशव कर्वे को यह सम्मान मिला।
- **1961** में पुरुषोत्तम दास टंडन, बिधान चंद्र रॉय को।
- **1962** में पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को।
- **1963** में पूर्व राष्ट्रपति डॉ जाकिर हुसैन को।
- **1963** में डॉ. पांडुरंग वामन काणे।
- **1966** में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को मरणोपरांत।
- **1971** में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी।
- **1975** में वीवी गिरी को।
- **1976** में के.कामराज को मरणोपरांत मिला।
- **1980** में सामाजिक कार्यकर्ता मदर टेरेसा को।
- **1983** में आचार्य विनोवा भावे को मरणोपरांत।
- **1987** में खान अब्दुल गफ्फार खान।
- **1988** में मनिदुर गोपालन रामचन्द्रन को मरणोपरांत।
- **1990** में दक्षिण अफ्रीका के डॉ. नेल्सन रोलीहलाहला मंडेला, डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर (मरणोपरांत)।
- **1991** में पूर्व प्रधानंत्री राजीव गांधी (मरणोपरांत), मोरारजी रणछोड़जी देसाई, सरदार वल्लभभाई पटेल (मरणोपरांत) को।
- **1992** में सत्यजीत रे को मरणोपरांत, जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (मरणोपरांत) को।
- **1997** में अरुणा आसफ अली (मरणोपरांत), गुलजारी लाल नंदा (मरणोपरांत) और पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम आजाद को।
- **1998** में मदुरै शन्मुखवदिवु सुब्बालक्ष्मी, चिदम्बरम सुब्रमण्यम, गोपीनाथ बोरदोलोई (मरणोपरांत)।
- **1999** में जयप्रकाश नारायण (मरणोपरांत), प्रो अमर्त्य सेन, पंडित रविशंकर को।
- **2001** में उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, सुश्री लता दीनानाथ मंगेशकर को।
- **2009** में पंडित भीमसेन गुरुराज जोशी को।
- **2014** में भारतीय क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज सचिन रमेश तेंदुलकर, प्रोफेसर चिंतामणि नागेसा रामचन्द्र राव को।
- **2015** में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) को।
- **2019** में भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, डॉ. भूपेन्द्र कुमार हजारिका (मरणोपरांत), नानाजी देशमुख (मरणोपरांत) को।

## एक नजर

### तुर्किये ने आईएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया

**अंकारा।** तुर्किये ने आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को आइएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया है। तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने एक्स पोस्ट पर जानकारी देते हुए कहा कि ये सभी संदिग्ध ऑपरेशन केज-35 के अंतर्गत पकड़े गए हैं। सभी विदेशी नागरिक हैं। ये इंटरपोल नोटिस के तहत वांटेड थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कई पिस्टल भी बरामद किए हैं।

### अर्जेंटीना में सब्सिडी कटौती के विरोध में लोगों ने किया उग्र प्रदर्शन



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सुधार मुहिम के विरोध में जनता सड़कों पर है। शुक्रवार को प्रदर्नकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाई। इस झड़प में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रपति जेवियर ने पद संभालते ही अर्जेंटीना की मुद्रा पेसो का मूल्य 50 फीसदी से अधिक कम कर दिया। राष्ट्रपति जेवियर का कार्यकाल शुरू होने के दो महीने बाद से ही देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी दो आरोपियों को हिरासत में लिया

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कथित करीबियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गायक सिद्धू मूसेवाला के हत्यारों को छिपाने में मदद की थी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि मनदीप सिंह उर्फ छोटा मणि को मनीमाजरा के गोबिंदपुरा से उसके एक साथी जतिंदर सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से 12 कारतूस और दो पिस्तौल भी बरामद की गई है। उन्होंने कहा दोनों आरोपी लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह के लिए सक्रिय रूप से काम करते थे और उनका आपराधिक इतिहास है।

### चिली में जंगल की आग आबादी वाले इलाके में फैली, 19 की मौत

**सैंटियागो (चिली)।** मध्य चिली के जंगलों में लगी भीषण आग घनी आबादी वाले हिस्सों में फैल गई है। आग की लपटों से 19 लोगों की मौत हो गई और एक हजार से अधिक घर जलकर खाक हो गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि वर्तमान में देश के मध्य और दक्षिण के 92 जंगल आग की चपेट में हैं, जहां इस सप्ताह तापमान असामान्य रूप से अधिक रहा है। वालपराइसो क्षेत्र में सबसे भीषण आग लगी, जहां अधिकारियों ने लोगों से अपने घरों को नहीं छोड़ने का आग्रह किया।

# सीरिया-इराक में अमेरिकी एयरस्ट्राइक

## जॉर्डन हमले के जवाब में 85 ठिकाने तबाह, 6 आतंकी समेत 16 की मौत

**दमिश्क, एजेंसी**

अमेरिकी सेना जॉर्डन में सैन्य अड्डे पर हुए ड्रोन हमले के जवाब में शुक्रवार देर रात सीरिया और इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों पर बमबारी की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में अमेरिका के हवाई हमलों में छह मिलिशिया लड़ाके समेत 16 लोग मारे गए हैं। इनमें तीन गैर-सीरियाई थे। अमेरिकी सेना ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने शुक्रवार को इराक और सीरिया में ईरान रिवोल्यूशनरी गाड्र्स और उनके समर्थित मिलिशिया से जुड़े 85 से अधिक ठिकानों पर जवाबी हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने हवाई हमलों ने कमांड और नियंत्रण केंद्रों, रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन भंडारण सुविधाओं के साथ-साथ रसद और गोला-बारूद आपूर्ति श्रृंखला सुविधाओं को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने 125 से अधिक युद्ध सामग्री के साथ 85 से अधिक ठिकानों पर हमला किया। वहीं, सीरिया की सरकारी मीडिया ने कहा कि सीरिया के रेगिस्तानी इलाकों और इराक से लगती सीमा के पास स्थित ठिकानों पर अमेरिकी हमले में कई लोग हताहत और घायल हुए हैं। पिछले सप्ताह जॉर्डन में सैन्य अड्डे हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे और लगभग 40 अन्य घायल हुए थे। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान समर्थित समूहों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की बात कही थी। बीते दिनों ने बाइडन ने जवाबी हमले की मंजूरी दी थी। इसके बाद अमेरिकी ने शुक्रवार को पहला हमला किया।

### जवाबी हमलों के बाद पश्चिमी एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका



अमेरिकी सेना ने ईरान की सीमा के अंदर किसी भी ठिकाने को निशाना नहीं बनाया है। लेकिन अमेरिका के जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। गाजा में पिछले तीन महीने से चल रहे इजराइल-हमास युद्ध के कारण क्षेत्र में पहले से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे



ईरान समर्थिक आतंकी समूहों के ठिकानों पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने एक बयान में कहा कि अमेरिका मध्य-पूर्व में संघर्ष नहीं चाहता है, लेकिन अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले रविवार को जॉर्डन में ईरान द्वारा समर्थित आतंकी समूहों के ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। शुक्रवार को मैं डोवर एयरफोर्स बेस पर इन बहादुर सैनिकों के शवों की वापसी पर श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुआ और उनके परिवारों से बात की।

# बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज केस होगा रद शीर्ष कोर्ट ने दिए आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज एफआईआर को रद करने का आदेश दिया है। बता दें, 2018 में तमिलनाडु की कुरंगानी पहाड़ियों में 13 लोगों की मौत के मामले में तमिलनाडु पुलिस ने बेल्जियम के नागरिक- पीटर वान गीत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

शीर्ष अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी और सभी कानूनी कार्यवाहियों को रद किया जाएगा। रिपोट्‌र्स के मुताबिक पर्वतारोहण / ट्रेकिंग के दौरान जंगली आग की चपेट में आने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई थी। शीर्ष अदालत में जस्टिस बीवी नागरत्ना और एजी मसीह की पीठ ने बेल्जियम के नागरिक को राहत देने का आदेश पारित किया। इससे पहले मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने 20 अगस्त, 2022 को बेल्जियन नागरिक को राहत देने से इनकार कर दिया था। बेल्जियम के नागरिक के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद करते हुए सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की खंडपीठ ने कहा, पर्वतारोहण / ट्रेकिंग कर रहा दल दुर्भाग्य से जंगल की आग में घिर गए। मौत केवल दुर्घटना है।

# नौसेना को और शक्तिशाली करेगा सर्वेक्षण पोत संधायक

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

▶▶ **भारत में बनने वाला 34वां युद्धपोत संधायक, नौसेना में शामिल हुआ सर्वेक्षण पोत**



आईएनएस संधायक के जलावतरण समारोह में मौजूद राजनाथ सिंह।

सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक शनिवार को औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना में शामिल हुआ। पोत के जलावतरण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार मौजूद हैं।

इस मौके पर एडमिरल हरि कुमार ने अपने संबोधन में कहा, पिछले एक दशक में नौसेना ने अलग-अलग रेंज के अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म को लॉन्च किए हैं, चाहे वह शक्तिशाली विमानवाहक पोत 'विक्रांत' हो, विशाखापत्तनम क्लास का 'डेस्ट्रोयर' हो, बहुमुखी श्रेणी के 'फ्रिगेट', कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियां हों या गोताखोरी के लिए विशेष जहाज हो, हम उभरते हुए भारत की सेवा में एक संतुलित और आत्मनिर्भर बल का निर्माण कर रहे हैं। आखिरी तीन युद्धपोत और पनडुब्बियां पिछले दस वर्षों में नौसेना में शामिल किए गए हैं। वे सभी भारत में बनाए गए हैं और संधायक भारत में बनने वाला 34वां पोत है। वहीं, रक्षा मंत्री सिंह ने कहा, अगर मैं अपनी नौसैनिक ताकत की बात करूं, तो भारतीय नौसेना इतनी मजबूत हो गई है कि हिंद महासागर और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के मामले में हम पहले जवाब देने वाले बन गए हैं। वैश्विक व्यापार की बात करें तो हिंद महासागर को वैसे भी हॉटस्पॉट के तौर पर गिना जाता है। अदन की खाड़ी, गिनी की खाड़ी आदि कई चोक प्वाइंट हिंद महासागर में हैं, जिसके जरिए से बड़ी मात्रा में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार होता है। इन चोक प्वाइंट्स पर कई खतरे बने हुए हैं। लेकिन सबसे बड़ा खतरा समुद्री डाकुओं का है।

# इमरान और बुशरा बीबी की शादी गैर-इस्लामिक : कोर्ट

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

▶▶ **दंपती को सात-सात साल की जेल, 5 लाख का जुर्माना लगाया**





पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी खान को बड़ा झटका लगा। बता दें कि पाकिस्तान की एक अदालत ने इमरान और बुशरा को गैर-इस्लामिक निकाह मामले में सात-सात साल की सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया।

इस सप्ताह विवादों में घिरे 71 वर्षीय इमरान के खिलाफ चुनावों से पहले यह तीसरा फैसला है और उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। जेल में कैद इमरान को हाल ही में गोपनियता को भंग करने के लिए 10 साल और पत्नी के साथ तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई है। इमरान और उनकी पत्नी बुशरा पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया। बुशरा पर अपने पूर्व पति को तलाक देने और इमरान खान से निकाह करने के बाद 'इद्दत' को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया गया था। दरअसल, इद्दत के तहत एक तय समय तक महिला दूसरी शादी नहीं कर सकती है। पहली बार प्रधानमंत्री बनने से सात माह पूर्व जनवरी 2018 में इमरान ने एक गुप्त समारोह में बुशरा के साथ 'निकाह' किया था, लेकिन उनका निकाह अचानक चर्चा का मुद्दा बन गया और सवाल उठने लगे कि क्या उन्होंने अवधि पूरी होने से पहले (इद्दत) निकाह किया था। हालांकि, खान दंपति ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

# मालदीव का आरोप-भारतीय नौसेना ने ली जहाजों की तलाशी

**माले, एजेंसी।** मालदीव की मीडिया ने स्थानीय मछुआरों के हवाले से दावा किया कि भारत के नौसैनिकों ने उनके जहाज पर धावा बोला और तलाशी ली। इसके बाद अब मालदीव सरकार ने औपचारिक रूप से भारत सरकार से उस घटना का व्यापक विवरण प्रदान करने का अनुरोध किया है।

मालदीव के आरोपों पर भारत सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में दावा किया कि 31 जनवरी को, भारतीय सेना ने मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर मछली पकड़ने की गतिविधियों में लगी एक मालदीव की मछली पकड़ने वाली नाव को रोक लिया। बयान में कहा गया है कि भारतीय तटरक्षक जहाज 246 और 253 की टीमें मछली पकड़ने वाली नौकाओं से पूछताछ के लिए जिम्मेदार थीं। बता दें, राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने का अनुरोध किया गया था। मालदीव की ओर से कहा गया है कि भारतीय सैनिक संबंधित अधिकारियों से पूर्व परामर्श के बिना मालदीव ईईजेड के भीतर मछली पकड़ने वाली तीन नौकाओं पर सवार हो गए, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों और नियमों का उल्लंघन हुआ। बयान में कहा गया, "परिणामस्वरूप, मालदीव सरकार ने विदेश मंत्रालय के माध्यम से एक आधिकारिक अनुरोध शुरू किया है।

## पहाड़ी हिस्सों में बर्फबारी...





**श्रीनगर :** कश्मीर के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बर्फबारी हुई। घाटी के अधिकांश हिस्सों में दिन का तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। भारी हिमपात के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। वहीं बारामूला जिले के तंगमर्ग में दो फुट बर्फ जम गई। ● एजेंसी


**विज्ञान** जमीन से आसमान तक छिपे जीवन को देखने में होगी सक्षम, अब नए सिरे से होगी एलियन की तलाश

# असाधारण दूरबीन बनाने में जुटे यूरोपियन खगोलविद

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में एलियन की खोज के लिए खगोलविद नए सिरे से जुटने जा रहे हैं। इस दिशा में यूरोपीय वैज्ञानिक असाधारण एक दूरबीन बनाने जा रहे हैं, जो किसी भी प्लैनेट की जमीन से आसमान और किसी भी रूप में छिपे जीवन को देख पाने सक्षम होगी।

एलियन की पहेली आज भी बरकरार है। किस्से कहानियों में इनका जिक्र अक्सर देखा जाता है। मगर इनकी हकीकत का वैज्ञानिक दृष्टि से आज भी पता नही चल पाया है। प्राचीन भारत में उड़न तश्तरियों का जिक्र खूब हुआ करता था। संभवतः कई लोग इसके साक्षी भी रहे होंगे। वर्तमान में आसमान में अनजानी वस्तु देखने को अक्सर मिल ही जाती हैं, लेकिन उड़न तश्तरी का जिक्र सुनने को नही मिलता है। एलियन ब्रह्मांड का बहुत बड़ा रहस्य है। खगोल विज्ञान में इनकी तलाश करीब पांच दशक से की जा रही है, लेकिन कोई अता पता नही चल पाया है। इनकी तलाश में हजारों ग्रहों की खाक वैज्ञानिक छान चुके हैं, लेकिन परिणाम सिफर ही हाथ लगा है। इस जद्दोजहद में लंबा समय बीत चुका है, लेकिन वैज्ञानिक हार मानना नही चाहते। जिसके परिणामस्वरूप अब अगली तैयारी की जा रही है। अब एक ऐसी दूरबीन बनाई जाएगी, जो ब्रह्मांड के एक बड़े हिस्से में मौजूद किसी तिनके जितनी छोटी वस्तु को भी देख लेगी और उसकी सच्चाई को भेद पाने में सक्षम होगी। यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) के नाम से दूरबीन बनाई जाएगी, जो दो दशक बाद ब्रह्मांड में किसी भी चट्टानी दुनिया को देख सकेगी। वर्तमान



एलियन की तलाश में इस तरह की होगी यूरोपियन दूरबीन।

### दुनिया की सबसे बढ़ी दूरबीन होगी ईएलटी

वर्तमान में दुनिया के कई हिसों में अभी तक की सबसे बढ़ी दूरबीनें बनाने की कवायद की जा रही है। जिनमें सबसे बड़ी यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) होगी। इस दूरबीन का व्यास 128 फीट होगा। इसके अलावा मौना केआ में 98 फीट व्यास की थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) के नाम से बनाई जा रही है। इस दूरबीन में भारत की हिस्सेदारी दस प्रतिशत की होगी। 79 फीट की विशालकाय मैगेलन टेलीस्कोप (जीएमटी) दूरबीन भी बनाई जा रही है। ईएलटी और जीएमटी का निर्माण चिली के अटाकामा रेगिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है। ईएलटी के लिए पहला दर्पण बनकर तैयार हो चुका है।

वैज्ञानिक इस दूरबीन का निर्माण करेंगे और अगली पीढ़ी इस दूरबीन से एलियन की तलाश करेगी।

# भारतीय मूल के वरुण घोष ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में नियुक्त



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की सीनेट में भारतवंशी वरुण घोष नामित किए गए हैं। वह अगले सप्ताह सीनेट में अपनी जिम्मेदारी संभाल लेंगे। लेबर पार्टी ने आधिकारिक रूप से उन्हें पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है।

पश्चिमी आस्ट्रेलिया संसद की संयुक्त बैठक में गुरुवार को 38 वर्षीय वरुण का चयन किया गया। फ्रैंसिस बर्ट चैंबर्स में बैरिस्टर वरुण वर्तमान सीनेटर पैट्रिक डॉडसन का स्थान लेंगे। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की विधानसभा ने एक्स पर यह घोषणा की है, विधानसभा और विधान परिषद ने संघीय संसद की सीनेट में पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए वरुण घोष को चुना है। बीती सदी के नौवें दशक में उनके माता-पिता भारत से में आकर बस गए थे।

# हिंदू समुदाय को रिझाने में जुटी ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी

**लंदन, एजेंसी**

▶▶ **ब्रिटिश भारतीयों के साथ फिर से जुड़ने के लिए पार्टी उठा रही कई महत्वपूर्ण कदम**




हाल के वर्षों में भारतवंशियों के बीच पार्टी का समर्थन कम होने की चिंता के बीच ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी ब्रिटिश भारतीयों तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटिश भारतीयों के साथ फिर से जुड़ने के लिए कई कदम उठाए हैं।

इसमें समुदाय से जुड़े दो स्वयंसेवकों को नियुक्त करना, लेबर फ्रेंड्स आफ इंडिया समूह को नया स्वरूप देना और अपने दो वरिष्ठ शेडो मंत्रियों को भारत भेजने की तैयारी की है।

2021 की जनगणना के अनुसार, भारतीय मूल के लोग ब्रिटेन में सबसे बड़े एशियाई जातीय समूह और सबसे बड़े गैर-श्वेत जातीय समूह दोनों हैं। यह आबादी का 3.1 प्रतिशत हिस्सा हैं। इस बात के सबूत बढ़ रहे हैं कि लेबर पार्टी ने भारतीय मूल के लोगों का समर्थन खो दिया है। 2010 में 61 प्रतिशत ब्रिटिश भारतीयों ने कहा कि वे लेबर का समर्थन करते हैं। वहीं, यह आंकड़ा 2019 तक घटकर 30 प्रतिशत रह गया। वरिष्ठ नेताओं को चिंता इसलिए भी है कि ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक के होने से यह चलन बढ़ सकता है।

# कराची में चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर विस्फोट

**कराची।** पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हिंसा का माहौल बना हुआ है। अब कराची में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) कार्यालय के बाहर एक विस्फोट हुआ है।

पुलिस ने बताया कि चुनाव आयोग के प्रांतीय कार्यालय की पार्किंग में आईईडी से भरा एक बैग कूड़े में फेंके जाने के बाद एक छोटा विस्फोट हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, डीआइजी सैयद असद रजा ने कहा कि आईईडी बम वाला प्लास्टिक बैग पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के प्रांतीय मुख्यालय की पार्किंग में रखा गया था। उन्होंने कहा, बैग में टाइमर के साथ एक आईईडी था, लेकिन पार्किंग की सफाई कर रहे एक कर्मचारी ने बैग को देख लिया और उसे इमारत के बाहर कूड़े में फेंक दिया। अधिकारी ने कहा कि जब बैग फेंका गया तो एक छोटा विस्फोट हुआ और एक बड़ा हादसा टल गया।